राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर,

लखनऊ, मंगलवार, 16 अप्रैल 2024
वर्ष 05, अंक 196, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

बंथरा में करोड़ों की बेशकीमती सरकारी जमीन पर भूमाफियों ने रातों रात अवैध कब्जा कर बना डाली रोड..03

अप्रैलनेपाल में फिर उठी हिंदू राष्ट्र की मांग ....12

# सलमान का घर ही नहीं फार्म हाउस भी निशाने पर था? जांच में सामने आए कई सनसनीखेज खुलासे

**● बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट पर हुई फायरिंग मामले में जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, सनसनीखेज खुलासे हो रहे हैं. सूत्रों की माने तो आरोपियों ने करीब 1 महीने पहले नवी मुंबई पनवेल, रायगढ़ में किराए का एक मकान लिया था. उसी मकान में रह रहे थे. अब मकान मालिक भी रडार पर है.**

स्वतंत्र प्रभात

बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट पर हुई फायरिंग मामले में जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, सनसनीखेज खुलासे हो रहे हैं. इसी कड़ी में शूटर्स की खौफनाक प्लानिंग से पर्दा उठा है. शूटर्स ने जहां किराए पर मकान लिया था, उसी एरिया में सलमान का फार्म हाउस है.

क्राइम ब्रांच सूत्रों की माने तो सलमान के घर पर फायरिंग पहले से रची गई साजिश का हिस्सा है. अभी तक जो बातें सामने आई है वो दिखाती हैं कि ये हमला अचानक नहीं हुआ है. इसके लिए बकायदा पुख्ता साजिश रची गई थी. सूत्रों की माने तो आरोपियों ने करीब 1 महीने पहले नवी मुंबई पनवेल, रायगढ़ में किराए का एक मकान लिया था. उसी मकान में रह रहे थे.

**'किससे और किस नाम पर ली एनओसी'**

अब मकान मालिक भी रडार पर है. उसने किसके इनफ्लुएंस से मकान दिया और कौन से दस्तावेज लिए, ये जांच की जाएगी. मकान किसके नाम पर लिया गया, ये भी महत्वपूर्ण है. रेंट पर मकान देने से पहले एनओसी लगती है. एनओसी किसने ली या नहीं ली, अगर पुलिस से ली तो किस नाम पर ली, इन तथ्यों की जांच की जा रही है.

**शूटर्स ने गैलेक्सी अपार्टमेंट की चार बार रेकी की**

सूत्रों का कहना है कि शूटर्स ने सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट की चार बार रेकी की थी. पुलिस को शक है कि पनवेल में सलमान के फार्म हाउस पर भी हमले की साजिश हो सकती है. क्या उसकी जांच भी की जा रही है, अभी तक ऐसी कोई बात अधिकारिक तौर सामने नहीं आई है. मगर इसे जांच का बेहद महत्वपूर्ण सिरा माना जा रहा है.

**लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली हमले की जिम्मेदारी**

इस हमले को लेकर रविवार को लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई ने फेसबुक पर एक पोस्ट किया. उसने हमले की जिम्मेदारी ली. साथ ही इसे आखिरी वार्निंग बताया. हमले के कुछ घंटे बाद ही हमले में इस्तेमाल बाइक बरामद कर ली गई थी. बाद में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो आरोपियों की तस्वीर भी सामने आ गई.

एक आरोपी की पहचान भी कर ली गई. इसका नाम विशाल उर्फ कालू है. पुलिस सूत्रों ने



बताया है कि विशाल गैंगस्टर रोहित गोदारा के लिए काम करता है. उसी के इशारे पर आरोपियों को हथियार मुहैया कराए गए थे.

**अनमोल बिश्नोई का वायरल फेसबुक पोस्ट**

'? जय श्री राम, जय गुरुजी जम्भेश्वर, जय गुरु दयानंद सरस्वती, जय भारत. हम अमन चाहते हैं. जुल्म के खिलाफ फैसला अगर जंग से हो तो जंग ही सही. सलमान खान हमने यह तुम्हें ट्रेलर दिखाने के लिए किया है, ताकि तुम समझ जाओ हमारी ताकत को और मत परखो. यह पहली और आखरी वॉर्निंग है, इसके बाद गोलियां खाली घर पर नहीं चलेंगी और तुमने जिस दाऊद इब्राहिम और छोटा शकील को भगवान मान रखा है, उसके नाम के हमने दो जानवर पाले हैं. बाकी ज्यादा बोलने की हमको आदत नहीं है. लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप, गोल्डी बराड़ ग्रुप, काला जठेड़ी ग्रुप, रोहित गोदारा ग्रुप'.

**बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर सुरक्षा चूक की जांच में एक बड़ा खुलासा हुआ है।**

प्रारंभिक निष्कर्षों से पता चलता है कि एक पुलिस वाहन जो आमतौर पर खान के घर के बाहर तैनात रहता है, 14 अप्रैल, रविवार की सुबह अनुपस्थित था, जब दो बंदूकधारियों ने उनके आवास के बाहर गोलीबारी की और मोटरसाइकिल पर भाग गए। एक अन्य बड़े खुलासे में, महाराष्ट्र के आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने भी बांद्रा में गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर हुई घटना की जांच शुरू कर दी है। हालाँकि, अब तक, मामले को किसी भी एजेंसी को स्थानांतरित करने का कोई औपचारिक अनुरोध नहीं किया गया है।

**अब तक नहीं मिला शूटर्स का सुराग**

तमाम कोशिशों के बावजूद अब तक पुलिस के हाथ खाली हैं. दोनों शूटर्स की तलाश जारी है. एक शूटर विशाल गुरुग्राम का रहने वाला है. वो पहले भी मर्डर जैसी सनसनीखेज वारदात को अंजाम दे चुका है. रायगढ़ से खरीदी गई एक बाइक के जरिये दोनों शूटर्स सलमान के घर तक पहुंचे थे और फायरिंग करने के बाद भाग गए थे. अब तक उनका सुराग नहीं मिला है.

# न्यायपालिका की रिटायर्ड गोदी लॉबी ईवीएम पर सुप्रीम सुनवाई से भयभीत

**● न्यायपालिका को कमजोर करने के प्रयासों पर चिंतित रिटायर्ड जजों ने सीजेआई को लिखा पत्र।**

स्वतंत्र प्रभात

जे.पी.सिंह।

पहले हरीश साल्वे सहित 600 वकीलों ने पिछले पखवारे सीजेआई को पत्र लिखा और अब सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के21 जजों के एक समूह ने सीजेआई को पत्र लिख कर न्यायपालिका को कमजोर करने के प्रयासों पर चिंता जताई।

यह पत्र सामन्य नहीं है, क्योंकि 16 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में ईवीएम और वीवीपेट के पर्चियों के मिलान को लेकर याचिका पर सुनवाई होनेवाली है।इस पत्र की टाइमिंग देखते हुए यह स्पष्ट हो रहा है कि न्यायपालिका की रिटायर्ड गोदी लॉबी ईवीएम पर सुप्रीम सुनवाई से भयभीत है और पार्टी विशेष के बचाव में अब 21 पूर्व जजों ने सीजेआई को पत्र लिखा है और दबाव बनाने का अपरोक्ष प्रयास किया है। सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के एक समूह ने कहा कि ये आलोचक संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित हैं तथा न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास कर रहे हैं।

उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के 21 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के एक समूह ने ''सोचे समझे दबाव, गलत सूचना और सार्वजनिक रूप से अपमान के जरिए न्यायपालिका को कमजोर करने के कुछ गुटों'' के बढ़ते प्रयासों पर भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को एक पत्र लिखा है।

बहरहाल, सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने यह नहीं बताया कि उन्होंने किन घटनाओं को लेकर सीजेआई को यह पत्र लिखा है। इनमें



उच्चतम न्यायालय के चार सेवानिवृत्त न्यायाधीश भी शामिल हैं।

यह पत्र भ्रष्टाचार के मामलों में कुछ विपक्षी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और विपक्षी दलों में वाकयुद्ध के बीच लिखा गया है। न्यायमूर्तियों (सेवानिवृत्त) दीपक वर्मा, कृष्ण मुरारी, दिनेश माहेश्वरी और एम आर शाह समेत सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने आलोचकों पर अदालतों और न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाकर न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के स्पष्ट प्रयासों के साथ कपटपूर्ण तरीके अपनाने का आरोप लगाया है।

उन्होंने ''न्यायपालिका को अनावश्यक दबाव से बचाने की आवश्यकता'' शीर्षक वाले इस पत्र में लिखा है, ''इस तरह की कार्रवाइयां न केवल हमारी न्यायपालिका की पवित्रता का अपमान करती हैं, बल्कि न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों के लिए सीधी चुनौती भी पेश करती हैं, जिन्हें कानून के संरक्षक के रूप में न्यायाधीशों ने बनाए रखने की शपथ ली है।''

उन्होंने उच्चतम न्यायालय के नेतृत्व वाली न्यायपालिका से ऐसे दबावों के खिलाफ मजबूत होने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि कानूनी प्रणाली की पवित्रता और स्वायत्तता सुरक्षित रहे। इस तरह की कार्रवाइयां न केवल हमारी न्यायपालिका की पवित्रता का अनादर करती हैं, बल्कि न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों के लिए सीधी चुनौती भी हैं, जिन्हें कानून के संरक्षक के रूप में जजों ने बनाए रखने की शपथ ली है।

**पत्र में आगे कहा गयाहै कि इन समूहों द्वारा अपनाई गई रणनीति बेहद परेशान करने वाली है**

- जिसमें न्यायपालिका की प्रतिष्ठा को खराब करने के उद्देश्य से आधारहीन सिद्धांतों के प्रचार से लेकर न्यायिक परिणामों को अपने पक्ष में प्रभावित करने के लिए प्रत्यक्ष और गुप्त प्रयासों में शामिल होना शामिल है। यह व्यवहार, हम देखते हैं, विशेष रूप से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक महत्व के मामले और कारण उच्चारित किया जाता है, जिनमें कुछ व्यक्तियों से जुड़े मामले भी शामिल हैं, जिनमें न्यायिक स्वतंत्रता के नुकसान के लिए वकालत और पैंतरेबाज़ी के बीच की रेखाएं धुंधली हैं।

पत्र में कहा गया कि हस्ताक्षरकर्ता न्यायपालिका के साथ एकजुटता से खड़े हैं और हमारी न्यायपालिका की गरिमा, अखंडता और निष्पक्षता को बनाए रखने के लिए किसी भी तरह से समर्थन करने के लिए तैयार हैं। हम इस चुनौतीपूर्ण समय में न्यायपालिका को न्याय और समानता के स्तंभ के रूप में सुरक्षित रखने के लिए आपके दृढ़ मार्गदर्शन और नेतृत्व की आशा करते हैं।

दो हफ्ते पहले सीनियर वकील हरीश साल्वे, एससीबी अध्यक्ष डॉ आदिश अग्रवाल आदि सहित वकीलों के एक समूह ने सीजेआई को इसी तरह का पत्र लिखा था।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सरजूनहर की सफाई किए बिना हड़पे 19.40 लाख



**बस्ती।** बस्ती जिले में विक्रमजोत ब्लॉक क्षेत्र की तीन ड्रेनों की बिना सफाई कराए ही 19.40 लाख रुपये का भुगतान करा लिया गया है। ड्रेन की सफाई न होने के कारण ड्रेन झाड़ियों से पटी पड़ी है, इसमें पानी आने पर वह ओवरफ्लो हो जाती है। ग्रामीणों ने इस बात की शिकायत अधिकारियों से की है। सहायक अभियंता सरयू नहर खंड-चार अजय कुमार ने बताया कि इस बारे में जानकारी नहीं है। सोमवार को मैं स्वयं जांच करूंगा। अगर सफाई नहीं हुई है तो सम्बंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। विकास क्षेत्र अंतर्गत तीन ड्रेन लखना, सेवरालाला, लक्ष्मनपुर मुनियांव ड्रेन की सफाई के नाम पर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 19.40 लाख रुपये का भुगतान करा लिया गया है। लखना, गोपालपुर, मलौली गोसाई, सिटकहा सहित अन्य गांव के ग्रामीणों का आरोप है कि ड्रेन गंदगी और कंटीली झाड़ियों से पटी है। वर्षो से सफाई न होने से नहर का पानी खेतों तक नहीं पहुच पाता है। वहीं दूसरी ओर ड्रेन की फर्जी सफाई के नाम पर विभाग के जिम्मेदार ठेकेदारों से मिलकर हर वर्ष सरकारी धन लूट लेते है।

### टड़ियावां ब्लॉक राशन कालाबाजारी करने पर कोटेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**हरदोई-** सदर तहसील के पूर्ति निरीक्षक अशोक कुमार द्विवेदी ने कोटेदार के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। इसमें कहा है कि उचित दर विक्रेताओं की स्थिति का परीक्षण आनलाइन रिपोर्ट से किया गया। इसमें पता चला कि टड़ियावां ब्लॉक व थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत थोकखाला के कोटेदार रामरतन ने कम खाद्यान्न का वितरण किया। करीब 48.46 कुंतल गेहूं व 83.93 कुंतल चावल, 12.74 कुंतल बाजरा, 6.38 कुंतल ज्वार के अलावा चीनी व मक्का कम पाई गई। उन्होंने इसे कार्डधारकों को न बांटकर कालाबाजारी कर ली है। पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर टड़ियावां थाने में कोटेदार रामरतन के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि इसकी जांच एसआई विजय कुमार सिंह को सौंपी गई है।

# गोदाम पर किसानों को समय से नहीं मिलता है कृषि बीज

स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकरनगर।** किसानों को कृषि बीज उपलब्ध कराने के लिए राजकीय कृषि बीज गोदाम स्थापित किए गए हैं। फिर भी किसानों को समय से बीज नहीं उपलब्ध हो पाते हैं। इतना ही नहीं बीज के लिए किसानों को गोदाम का चक्कर काटना पड़ता है।जिले के सभी विकास खंड मुख्यालय पर राजकीय कृषि बीज गोदाम स्थापित किए गए हैं। रवी, खरीफ व जायद के सीजन इन गोदामों से किसानों को अनुदान पर बीज वितरित किए जाते हैं। ए गोदाम अपनी उपयोगिता पर किसानों के लिए खरे नहीं उतर पा रहे हैं। हालात यह है कि उचित समय पर इन गोदामों से किसानों को बीज नहीं मिल पाता है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार जायद के मौसम में उड़द और मूंग की बुवाई 15 फरवरी से 15 मार्च तक की जाती है लेकिन मार्च माह में भी किसानों को उड़द और मूंग के बीज नहीं उपलब्ध हो सके। अप्रैल माह में इन बीजों की उपलब्धता गोदाम पर हो सकी है ,लेकिन बीज के लिए किसान गोदाम का चक्कर लगा रहे हैं। यह बीज किसानों को मशीन पर अनूठा लगाने के बाद ही





उपलब्ध होता है। किसान गोदाम पर बीज के लिए जाते हैं तो किसी का अंगूठा नहीं लगता है या अन्य कारण बता घर उन्हें वापस कर दिया जाता है। ऐसे में अधिकतर किसान गोदाम से निराश होकर वापस होते हैं। भजु राम विश्कर्मा निवासी लालापुर ने बताया कि बीज के लिए वह अकबरपुर गोदाम पर दो दिन गए लेकिन उन्हें बीज नहीं मिला। अफजलपुर निवासी जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि गोदाम पर उड़द बीज के लिए गया था लेकिन मशीन खराब होने के चलते उन्हें वापस आना पड़ा। इसी गांव के सोमई प्रसाद ने बताया कि बीज के लिए गोदाम पर गया था लेकिन मशीन पर अंगूठा ना लगने के कारण उन्हें बीज नहीं मिला। उस्मापुर निवासी राम वचन निषाद ने बताया कि उनके पास दो बीघा खेत है लेकिन गोदाम पर कर्मचारी ने कहा कि खेत कम है इसलिए बीज नहीं दिया गया। किसानों ने बताया कि गोदाम प्रभारी अपने चाहेतों कोई बीज वितरित करते हैं चाहे उनका मानक पूरा हो या न हो। गोदाम प्रभारी कोई न कोई अड़ंगा लगाकर टरका देते हैं। अफजलपुर निवासी कृषक अमरजीत वर्मा ने बताया कि गत वर्ष जुलाई के अंत में कोदो, सांवा व मडुआ के बीज किसानों को वितरित किए गए जबकि इस मोटे अनाज के बुवाई का समय जून माह है। यह बीज किसान दिवस में शिकायत के बाद गोदाम से बांटा गया।'कृषि बीज गोदामों पर किसानों को बीज समय पर वितरित किए जाते हैं। अनुदानित बीज किसान को वर्ष में एक ही बार दिए जाने का प्रावधान हैं। - जिला कृषि अधिकारी पीयूष राय

# लाखों रुपए से बनाएं गए अमृत सरोवरों में उड़ रही धूल, जल संरक्षण और संग्रहण के काम नहीं आ रहे, केंद्र सरकार की है यह योजना

स्वतंत्र प्रभात

**मिल्कीपुर अयोध्या।** वर्षा जल संचयन के लिए ग्राम पंचायतों में राज्य अमृत सरोवर की खुदाई मनरेगा योजना के अंतर्गत की गई है। जिस पर लाखों रुपये खर्च किए गए है। परन्तु यहां बूंद भर भी पानी नहीं है। सरकार ने बारिश के पानी की बर्बादी को रोकने के लिए जल संरक्षण योजना चलाई। जिससे पानी को गांवो के तालाबों में एकत्रित करके उसका उपयोग कृषि सहित अन्य कार्यों के लिए किया जा सके। ग्राम पंचायतों के अलावा ब्लॉक कार्यालय के भवनों से जल संचयन के लिए कार्य किया गया है। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के 73 ग्राम पंचायतों वाली विकास खण्ड अमानीगंज के ग्राम पंचायतों में राज्य अमृत सरोवर का निर्माण कार्य मनरेगा योजना के अंतर्गत कराया गया है। इन सरोवरों के नामकरण गांव के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व



अन्य समाजसेवी के नामों से हुआ है। जिससे गांव की युवा पीढ़ी उनके देश के प्रति योगदान को जानकर उन्हें याद करते रहे।

जिस पर 5 से 7 लाख रुपये मजदूरी व अन्य कार्यों पर खर्च हुआ है। लेकिन देखा जाए तो अधिकतर तालाबों में पानी ही नहीं है जिससे बेजुबानों को बूंद बूंद भर पानी के लिए दूर-दूर तक भटकना पड़ रहा है। तालाबों में पानी भरवाने के लिए शासन से धनराशि भी मुहैया कराई जाती है उसके बाद भी संबंधित अधिकारी पानी भरवाने में हीला हवाली कर रहे हैं। जिसके चलते तालाबों में धूल उड़ रही है।

एडीओ पंचायत अमानीगंज सिद्धार्थ नाथ पाण्डेय से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि आज ही मुझे आदेश की कापी मिली है। आदेश आने के बाद सभी ग्राम सचिवों को तालाबों में पानी भरवाने के लिए निर्देशित किया गया है। जल्द ही जल भरवा दिया जाएगा।

# स्टाफ की कमी से उपभोक्ता परेशान,पंजाब नेशनल बैंक जहांगीराबाद का मामला



स्वतंत्र प्रभात

**बिसवां। (सीतापुर)।** क्षेत्र की एक मात्र नेशनलाइज बैंक शाखा पंजाब नेशनल बैंक में स्टाफ की कमी का दंश आम उपभोक्ता को झेलना पड़ रहा है। लोग पैसा जमा करने और निकालने के लिए घंटों इंतजार करते नजर आते हैं। यही हाल सोमवार को जहांगीराबाद की पंजाब नेशनल बैंक शाखा में देखने को मिला जहां पूरी बैंक गैलरी महिला व पुरुष उपभोक्ताओं से भरी पड़ी हुई थी बैंक के अंदर घंटों पहले से हाथों में पासबुक व विड्रॉल फार्म लिये दर्जनों की संख्या में महिलाएं व पुरुष मौजूद थे जिनमें बहुत सारे इत्मीनान से जमीन में बैठे दिखाई दिये। सभी कैश काउंटर बंद थे। शाखा प्रबंधक को मिलाकर बैंक में मात्र दो कर्मचारी मौजूद थे। पैसा निकालने वालों में कई वृद्ध लोग भी शाखा के अंदर मौजूद थे जिन्हें कब पैसा मिल पायेगा इसका ज्ञान नहीं था। इस सम्बन्ध में जब शाखा प्रबंधक चन्द्र शेखर से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि क्या करूं। बड़ी ब्रांच है बावजूद इसके केवल चार कर्मचारियों के सहारे बैंक चल रही है। चार लोगों में से दो लोग आज छुट्टी पर हैं। केवल कैशियर व मैं आज बैंक में हूं इस कारण यह अव्यवस्था हुई है। कैशियर एटीएम में रुपया रखने के लिये गये हुये हैं।धीरे धीरे भुगतान कराने का प्रयास कर रहा हूं। शाखा प्रबंधक चन्द्र शेखर ने बताया कि बैंक में स्टाफ की कमी काफी समय से चल रही है। इसके लिए उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया जा चुका है। सैकड़ों उपभोक्ताओं ने भी बैंक की अव्यवस्था को जल्द से जल्द दूर कराये जाने की मांग की है।

# नगर पंचायत में अध्यक्ष पति के बैठने पर सभासदों को एतराज

**● अधिशासी अधिकारी को शिकायती पत्र देकर प्रतिबंध लगाने की मांग।**

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** नगर पंचायत के अध्यक्ष कक्ष में उनके पति के बैठने पर सभासदों ने ऐतराज किया है। सभासद दीपक मिश्रा, अतुल शर्मा व राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने अधिशासी अधिकारी से अध्यक्ष के ना रहने पर कक्ष बन्द रखने की मांग की है। लिखित शिकायत की प्रतिलिपि सचिव नगर विकास विभाग, मण्डलायुक्त और जिलाधिकारी को भेजी गयी है। सभासद दीपक मिश्रा अतुल शर्मा व जिला योजना समिति सदस्य व सभासद राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने अधिशासी अधिकारी से शिकायत की कि नगर पंचायत लालगंज का अध्यक्ष कक्ष अध्यक्ष की अनुपस्थिति में भी खुला रहता है, जहां पर दीपेन्द्र गुप्ता व उनके साथी जमावड़ा लगाये रहते हैं। अध्यक्ष कक्ष में अध्यक्ष के न रहने पर दीपेन्द्र गुप्ता जनता की फरियाद सुनते हैं और निराकरण के लिये विधिवत कर्मचारियों को आदेश/निर्देश देते हैं। सभासदों ने कहा कि दीपेन्द्र गुप्ता बोर्ड में पारित प्रस्तावों की अवहेलना करते हुये मनमाने ढंग से काम करवाते हैं और उनका मनमाना भुगतान करवाते हैं। उनके द्वारा कमीशनखोरी व भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। सभासदों ने पत्र में लिखा कि दीपेन्द्र गुप्ता नगर पंचायत के अभिलेखों को मंगाकर उनसे छेड़छाड़ करते हैं, आवश्यक फाइलों और दस्तावेजों को अपने कब्जे में किये हुये हैं।

सभासदों ने यह भी लिख कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ उनका बातचीत का ढंग व व्यवहार अशोभनीय है। जिला योजना समिमि सदस्य राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने कहा कि एक ओर जहां सरकार द्वारा नारी वन्दन कार्यक्रम के तहत महिलाओं को सम्मान दिलाने का कार्य किया जा रहा है। वहीं नगर पंचायत में महिलाओं को कमजोर समझने वाले उनके पति दीपेन्द्र गुप्ता मात्र हस्ताक्षर तक सीमित रखकर स्वयं चेयरमैनी चला रहे हैं। सभासद अतुल शर्मा ने कहा कि नगर पालिका अधिनियम में अध्यक्ष का प्रतिनिधि सम्बन्धी कोई प्राविधान नहीं है,




और ना ही आज तक ऐसा कोई शासनादेश जारी हुआ है, जिसमें अध्यक्ष की गैर मौजूदगी में उनका कोई अन्य कार्य कर सके। तीनों सभासदों ने अधिशासी अधिकारी राजभान शुक्ला से अनुरोध किया है कि उ0प्र0 सरकार की भ्रष्टाचार के विरूद्ध शून्य सहनशीलता के आधार पर अध्यक्ष की अनुपस्थिति में अध्यक्ष कक्ष को बन्द रखने का आदेश पारित करने व दीपेन्द्र गुप्ता व उनके साथियों को नगर पंचायत के कार्यों में हस्तक्षेप करने पर प्रतिबन्ध लगाने की मांग की है। लिखित शिकायत की प्रतिलिपि सचिव नगर विकास विभाग, मण्डलायुक्त और जिलाधिकारी को भेजी गयी है। वही नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने पूछने पर बताया कि सभासदों की ओर से लगाए गए सभी आरोप निराधार और बेबुनियाद हैं। नगर के सभी प्रकार के विकास कार्यों की प्रगति और उनकी देखरेख में वह अपनी पूरी सक्रियता रखती है। उनके पति दीपेंद्र गुप्ता सामाजिक कार्यकर्ता है। सेवा कार्यों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। नगर के विकास और सेवा कार्यों में भी वह एक समाजसेवी की तरह उनका सहयोग स्वाभाविक है। बताया कि शिकायतकर्ता सभासद पूर्व में भी विवादित रहा है। पिछले कार्यकाल में भी इसी प्रकार से अड़ंगा और विवाद की स्थिति उत्पन्न कर विकास कार्यों को प्रभावित कर चुका है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### युवती का शव पेड़ के डाल पर लटकते मिला 26 को होनी थी शादी




**बस्ती।** बस्ती जिले के पैकोलिया थानाक्षेत्र के पलहनापुर गांव के सिवान में रविवार को दोपहर युवती ने पेड़ के डाल पर फंदा लगा कर जान दे दी। पलहनापुर गांव निवासी संतोष कन्नौजिया की 22 वर्षीय पुत्री रीना का शव दोपहर में रस्सी से बने फंदे से आम के पेड़ पर लटका मिला। गांव के किसी व्यक्ति ने शव लटका देख मृतका के घर वालों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे घरवालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि परिजनों ने आत्महत्या करने की सूचना दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है। तहरीर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फंदे लटकी युवती के परिजनों ने उसकी शादी तय कर रखी थी। 26 अप्रैल को शादी होनी थी।

### अपना विद्यालय छोड़ स्कूल रेडिनेस प्रोग्राम में शामिल हुए शिक्षकों पर अभी तक नहीं हुई कार्रवाई

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** शिक्षा क्षेत्र मिल्कीपुर के प्राथमिक विद्यालय करमडाडा में बीते 10 अप्रैल को आयोजित स्कूल रेडिनेस प्रोग्राम एवं अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें शिक्षा क्षेत्र के अलीपुर खजूरी जूनियर स्कूल, प्राथमिक विद्यालय गोठवारा, प्राथमिक विद्यालय देवरिया, प्राथमिक विद्यालय मवई कला, प्राथमिक विद्यालय बारून बाजार समेत दर्जनों विद्यालय के कई शिक्षक अपने विद्यालय से उत्तर रहकर कार्यक्रम में शामिल हुए थे। बीईओ ने अपने बयान में बताया था कि जो अध्यापक अपना विद्यालय छोड़कर कार्यक्रम में शामिल हुए थे उनसे स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। जिसकी खबर स्वतंत्र प्रभात ने प्रमुखता से प्रकाशित भी किया था। लेकिन अभी तक ऐसे शिक्षकों के खिलाफ खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा कोई कार्रवाई अभी तक नहीं की गई ।बीईओ ने अपने बयान में पुनः बताया कि शिक्षक अपना विद्यालय छोड़कर गए थे तो क्या करें। कार्रवाई करना है तो उसके लिए शिकायती प्रार्थना पत्र जारूरी है।

### डॉ अम्बेडकर जयंती पर लखौरी लगा निशुल्क नेत्र शिविर

**जनता की सेवा करना ही हमारा कर्तव्य –मुकेश**

**सोहावल, अयोध्या।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा लाखौरी पंचायत भवन पर प्रधान प्रतिनिधि मुकेश कोरी की अध्यक्षता में बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण पर कर पुष्प अर्पित किया। भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी के जयंती के अवसर पर लाखौरी प्रधान प्रतिनिधि मुकेश द्वारा पंचायत भवन पर निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें गरीब असहाय दिव्यांग सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर वहां अपने नेत्र को चेक कर कर निशुल्क चश्मा प्राप्त किया। लाखौरी निवासी महिला किस्मत, गीता, अनीता ने अपनी आंखों को नेत्र डॉ गोविंद निषाद को दूरबीन द्वारा चेक कराकर निशुल्क चश्मा प्राप्त किया। वही पूरी ग्राम पंचायत के आसपास के लोगों को चेचक की दवा भी निशुल्क उपलब्ध कराई गई बाबा साहेब की जयंती पर बोले प्रधान प्रतिनिधि मुकेश ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को समाप्त करने वाले लोगों को सबक सिखाने का वक्त आ गया है देशवासियों को अपने अधिकारों का प्रयोग संविधान विरोधी लोगों के खिलाफ करना होगा देश समाज और संविधान की हिफाजत आम आदमी ही कर सकता है। इस मौके पर वीरेंद्र रावत रामप्रताप रावत सुखदेव पाल दिनेश चौधरी दीपक रावत आदि लोग मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना

**जनपद सिद्धार्थनगर** आज दिनांक 15.04.2024 को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह द्वारा जनसुनवाई कर शिकायतकर्ता की समस्या को सुनकर संबंधित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को गूगल मीट के माध्यम से तत्काल गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए निर्देशित किया गया । जनसुनवाई के दौरान कुल 17 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 05 भूमि विवाद, 02 मारपीट व 10 अन्य विवाद से संबंधित थे । प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## पुलिस अधीक्षक बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी ने पत्रकारों के सामने लूटकांड का पर्दाफाश किया

**● पैसे की तंगी थी, चखना बेचने वाले का चला दिमाग, कुछ इस तरह लूटकांड को दे दिया अंजाम, खुद तो फंसा पांच साथियों को भी बना दिया लूटेरा**



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** पूर्वजों की एक कहावत सटीक बैठ रही है हम तो डूबेंगे सनम तुमको भी ले डूबेंगे। कुछ यही लब्बोलुआब है देशी शराब की दुकान के सेल्समैन से हुई 1.86 लाख रुपये के लूट की पटकथा का। इस वारदात मुख्य सूत्रधार शराब की दुकान के बाहर चखना बेचने वाला निकला है। उसे और उसके साथियों को पैसों की जरूरत थी। फिर क्या था, उसने लूट की प्लानिंग बनाई अंजाम भी दे दिया। लेकिन, वह यह भूल गया कि बस्ती पुलिस की नजरों से बच पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन भी है। खैर, वारदात को अंजाम देने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एक अभी फरार है। 1.82 लाख रुपये बरामद भी हो गए हैं।

**चले थे अमीर होने अब जेल में पिसेंगे चक्की**

पुलिस अधीक्षक बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी ने पत्रकारों के सामने लूटकांड का पर्दाफाश किया। बताया कि लूट की योजना बनाने में शराब की दुकान के बाहर चखना बेचने वाला ही मुख्य सूत्रधार निकला है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह सभी आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहे थे। कोई उपाय समझ में नहीं आ रहा था। आरोपी जयप्रकाश ने बताया कि गुलाब चंद्र शराब ठेके के पास में चखने की दुकान चलाता है। जयप्रकाश के कहने पर 13 अप्रैल को गोपीनाथपुर में स्थित शराब ठेके दुकान के मुनीम से रुपया लूटने की योजना बनाई गई। गुलाब चंद्र व अरुण वर्मा को मुनीम के रुपया लेकर निकलने की सूचना देंगे। इस तरह सटीक मुखबिरी हुई और लूट का अंजाम दे दिया गया।

**पांच गिरफ्तार, एक आरोपी अभी भी फरार**

पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि सभी आरोपी बस्ती के अलग क्षेत्रों के रहने वाले हैं। आरोपियों की पहचान जय प्रकाश पुत्र सुभाष निवासी बुधईपुर थाना कप्तानगंज, अमित चौधरी पुत्र मनोज चौधरी निवासी बढ़या थाना कप्तानगंज, अरुण वर्मा पुत्र राजेंद्र वर्मा निवासी भैरोपुर थाना पैकोलिया, उमेश कुमार पुत्र मनकू गौतम निवासी भैरोपुर थाना पैकोलिया व संदीप चौधरी पुत्र रामसहाय निवासी बेलभरिया रामलाल थाना पैकोलिया के रूप में हुई है। यह सभी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। जबकि, गुलाब चंद्र चौधरी पुत्र हरीनाथ निवासी बेलभरिया रामलाल थाना पैकोलिया फरार है, उसकी तलाश की जा रही है। लूट का 182050 रुपया व घटना में प्रयुक्त 5 मोबाइल व 2 मोटरसाईकिल भी बरामद कर ली गई है।

यह थी लूटकांड की पूरी घटना रमेश बहादुर सिंह निवासी ग्राम गनवरिया कला थाना सोनहा की गोपीनाथपुर बाजार थाना परशुरामपुर में देशी शराब की दुकान है। इस दुकान का संचालन उनके रिश्तेदार रमेश सिंह निवासी ग्राम शिवपुर थाना गौर करते हैं। 14 अप्रैल को उन्होंने स्थानीय थाने में तहरीर दी कि उनकी दुकान पर सेल्समैन के रूप में कार्य करने वाले हरि पुत्र सोमई निवासी गढ़हा दलथम्मन थाना पैकोलिया 13 अप्रैल की देर रात अपने बेटे कुलदीप के साथ दुकान बंद कर घर जा रहे थे। दो मोटरसाईकिल पर सवार चार बदमाशों ने जीतीपुर बैंक के पास उनसे 186000 रुपया लूट लिया और फरार हो गए।

## बस्ती सुगर मिल प्रकरण में मण्डलायुक्त से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्तीसुगर मिल के धरनारत कर्मचारियों की समस्या को लेकर कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू' की अध्यक्षता में मण्डलायुक्त से मिला। बस्ती सुगर मिल 10 वर्षो से बंद है। किसानों के गन्ना मूल्य बकाये का भुगतान वाल्टरगंज सुगर मिल से कराया जा चुका है, किन्तु 160 से ज्यादा कर्मचारियों के वेतन, रिटेनर, बोनस, पी.एफ और गेच्युटी का करोड़ों रूपया अभी बकाया है। इनका परिवार भुखमरी के कगार पर है। भुगतान की उम्मीद लेकर 10 वर्षो से कर्मचारी लगातार आन्दोलन कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कर्मचारियों के बकाये का भुगतान करने के बावजूद ही मिल का स्क्रैप बाहर ले जाया जाये, तब तक के लिये इस रोक लगाने की मांग की। आपको बता दें पूर्व में जिला प्रशासन और कर्मचारियों के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता में यह तय हुआ था कि दिसम्बर 2023 तक कर्मचारियों का एक एक पाई भुगतान करने के बाद ही मिल कटेगी और इसका स्क्रेप बाहर ले जाया जायेगा। किन्तु हैरानी की बात है प्रशासनिक अधिकारी पूर्व में हुये समझौते की अनदेखी कर खुद अपने सामने मिल के उपकरणों को ट्रकों में लदवाकर बाहर भेज रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह कर्मचारी हितों पर कुठाराघात है। ऐसा लगता है कि बिना बकाया भुगतान किये मशीनों को काट कर बेंच दिया जायेगा। इतना ही नही मिल कटने का भी आदेश शासन ने नही लिया है और आदर्श आचार संहिता की आड़ में मिल कटवाई जा रही है। विरोध कर रहे कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज करवाने की धमकी दी जा रही है। मामला तूल तब पकड़ा जब कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल 10 अप्रैल को सुगर मिल पर पहुंचा, जो देखा गया हैरान करने वाला था। मिल के अंदर प्रशासन की 4 गाड़ियां खड़ी थी और उप जिलाधिकारी सदर शत्रुघ्न पाण्डेय स्वतः पक्षकार बनकर मिल के उपकरणों को वाहनों में अपनी देखरेख में लोड करवा रहे थे। प्रतिनिधि मंडल ने उनसे इस संदर्भ में वार्ता करना चाहा लेकिन उन्होने प्रतिनिधि मंडल पर भी मुकदमे दर्ज करवाने की बात ही। बस्ती सुगर मिल का मामला बेहद गंभीर है और स्थानीय प्रशासन का रूख बेहद असंवेदनशील है। मजदूरों के हितों की अनदेखी कर जिस प्रकार सीनाजोरी कर मिल का स्क्रैप बाहर ले जाया जा रहा है यह काफी निन्दनीय है। कांग्रेस पार्टी ने मांग किया कि कर्मचारी हितों का ध्यान रखते हुये वेतन, रिटेनर, बोनस, पी.एफ. और गेच्युटी के फाइनल सेटलमेंट के बाद ही मिल का स्क्रैप बाहर ले जाया जाये। जोर जबरदस्ती किया गया तो लोकतांत्रक तरीकों से कांग्रेस इस संघर्ष को आगे ले जायेगी। मण्डलायुक्त से मिलने वालों में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, मो. रफी खां, गंगा प्रसाद मिश्रा, सुरेन्द्र मिश्रा, अशोक श्रीवास्तव, आशुतोष सिंह आदि शामिल थे।

## बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांगः भारत मुक्ति मोर्चा ने मुख्य निर्वाचन आयोग को भेजा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** सोमवार को भारत मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष आर.के. आरतियन के नेतृत्व में मोर्चा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्य चुनाव आयुक्त को 5 सूत्रीय ज्ञापन भेजा। मांग किया कि लोकसभा का चुनाव ईवीएम के स्थान पर बैलेट पेपर से कराया जाय। यदि ईवीएम से ही चुनाव कराने की विवशता हो तो वीवीपैट से निकली पर्ची पर मतदाता का हस्ताक्षर या अगूंठा लगवाकर उसकी पुष्टि हो और आवश्यकता पड़ने पर मतों की गणना करायी जाय। ज्ञापन सौपने के बाद मोर्चा जिलाध्यक्ष आर.के. आरतियन ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर राष्ट्रपति को 19 सूत्रीय ज्ञापन भेजकर मांग किया था कि चुनाव प्रक्रिया में व्यापक सुधार कर ईवीएम के स्थान पर बैलेट पेपर से चुनाव कराया जाय। जब तक मांगे पूरी नहीं हो जाती चरणबद्ध आन्दोलन जारी रहेगा । कहा कि दुनियां के विकसित देशों में भी ईवीएम से चुनाव नहीं होते तो आखिर भारत में क्यों। 'ईवीएम हटाओ, बैलेट पेपर लाओ और लोकतंत्र बचाओ अभियान के अंतर्गत देश के जिलों के मुख्यालयों पर भारत मुक्ति मोर्चा के द्वारा भारत का लोकतंत्र बचाने के लिए ईवीएम के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन चलाया गया। कहा कि ईवीएम



मशीन के उपर से जनता का विश्वास खत्म होता जा रहा है। मशीन में वोटर्स के वोटों का सत्यापन करने का प्राविधान ना होने की वजह से, पारदर्शिता ना होने के कारण नागरिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होने के साथ साथ लोकतंत्र पर भी खतरा मड़रा रहा है।

## शिक्षा विभाग बना दलालों का अड्डा अवैध विद्यालयों पर कार्यवाही के नाम पर हो रही मोटी रकम की उसूली

**● नये शिक्षण सत्र में 15 दिन बीतने के बाद भी बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार तिवारी ने जिले के अवैध विद्यालयों/बिना मान्यता प्राप्त विद्यालयों की सूची जारी नही किया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरे जिले में अवैध विद्यालयों बिना मान्यता विद्यालयों के संचालन हेतु शिक्षा विभाग कार्यालय क्षेत्रीय दलाल अपना-अपना रेट तय करने में जुटे है**




स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** जिले में शिक्षा विभाग द्वारा भ्रष्टाचार और लूट का अड्डा बना हुआ है अभय विद्यालयों पर कार्रवाई करने के नाम पर मोटी रकम वसूली हो रही है शिक्षा विभाग कार्यालय क्षेत्रीय दलालों के सक्रियता से अवैध विद्यालयों का संचालन रोकना शिक्षा विभाग के लिए चुनौती बना हुआ है । अवैध विद्यालयों के संचालन में मुख्य भूमिका बीईओं ( खण्ड विकास अधिकारी ) निभा रहे हैं । बीईओं के द्वारा अवैध विद्यालयों से प्रतिमाह की मनचाहा वसूली की जाती कप्तानगंज बीईओं प्रभात कुमार श्रीवास्तव ऐसे जिले के पहले बीईओं है जो विकासखण्ड कप्तानगंज में अवैध विद्यालयों/बिना मान्यता प्राप्त विद्यालयों का संचालन बन्द कराने में पूरी तरह फेल है बल्कि पूर्व में सील अवैध विद्यालयों का संचालन कराने में सफल है।

तत्कालीन कप्तानगंज बीईओं राजेश कुमार ने जो अवैध विद्यालयों को संचालन बन्द करवाया था उस अवैध बन्द विद्यालयों का संचालन बीईओं प्रभात कुमार ने कराया है कप्तानगंज क्षेत्र में अवैध विद्यालयों के प्रबंधकों/प्रधानाचार्यों का हौसला बुलन्द है । बीईओं प्रभात कुमार श्रीवास्तव के द्वारा अवैध विद्यालयों के प्रति मनमानी कार्यों को लेकर जिले में तरह - तरह की चर्चाएं चल रही है। कप्तानगंज क्षेत्र में दलालों का वर्चस्व कायम है और दलालों के माध्यम से घड़ल्ले से अवैध विद्यालयों का संचालन होता है । इस सम्बंध में जानकारी के लिए मीडिया टीम ने बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार तिवारी के पास फोन किया तो बेसिक शिक्षा अधिकारी का फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर मिला है।

## एनटीपीसी टांडा में डॉ भीमराव अम्बेडकर की मनाई गई 133 वीं जयंती

स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की 133वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन अनुसूचित। जाति/जनजाति कर्मचारी कल्याण समिति की ओर से एनटीपीसी टांडा के आवासीय परिसर स्थित सरगम ऑडिटोरियम में किया गया, जहां कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी टांडा ए के चट्टोपाध्याय एवं अन्य अतिथियों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण करके एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत महाप्रबंधक चिकित्सा सेवाएं डा0 उदयन तिवारी, महाप्रबंधक परियोजना अतुल कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक प्रचालन अभय कुमार मिश्रा, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन रजनीश कुमार खेतान एवं समिति के पदाधिकारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण करके अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इसके पूर्व समिति के अध्यक्ष डॉ राजीव कुमार, सचिव सुरेंद्र कुमार, रविन्द्र कुमार एवं अन्य वरि0 पदाधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर वि0प0 राजकीय इंटर कालेज की छात्राओं द्वारा बुद्ध वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों से संवाद स्थापित करते हुए अतिथियों ने कहा कि बाबा साहेब का यथेष्ट सम्मान उनके विचारों के अनुसरण करने में निहित है। बाबा साहेब के बताये गये रास्तें पर चल कर ही समतामूलक समाज की उनकी संकल्पना को साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता के रूप में उन्होंने हमें ऐसा संविधान दिया है, जिससे आज हमारी पहचान पूरी दुनिया में एक महान लोकतांत्रिक देश के रूप में है। उन्होंने बाबा साहेब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए उन्हें एक निपुण राजनेता एवं महान समाज सुधारक बताया। इस अवसर पर अतिथियों ने समिति द्वारा समय-समय पर आसपास के जरूरतमंद लोगों के लिए किए गये कल्याणकारी कार्यो की भी सराहना की। विचार विनिमय की इस श्रृंखला में सरिता मोहिवाल, नंदलाल गुप्ता, वेद प्रकाश, सुरेश चंद्र, मनीष चौरसिया एवं विनय कुमार ने अपने संबोधन में बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर को अपने समय का महानतम विद्वान एवं वंचित समाज का सच्चा मसीहा बताया।

कार्यक्रम में वि0प0 राजकीय इंटर कालेज के बच्चों द्वारा प्रस्तुत बाबा साहेब के जीवनवृत्त पर आधारित नाटक को दर्शकों द्वारा खूब सराहा गया। इसके पश्चात बाबा साहेब की जयंती के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं, महिलाओं एवं कर्मचारियों के लिए आयोजित चित्रकला, प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों एवं नाटक तथा बुद्ध वंदना प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथिगणों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव सुरेंद्र कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष डॉ राजीव द्वारा किया गया। समारोह में एनटीपीसी टांडा के अधिकारी, कर्मचारी उनके परिवार के सदस्य तथा आसपास के गणमान्य लोग भारी संख्या में मौजूद रहे।

## मतदान अधिकार ही नही कर्तब्य भी है प्रो. परेश कुमार पाण्डेय

स्वतंत्र प्रभात

**जलालपुर अंबेडकर नगर।** यदि व्यक्ति अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करता है तो सिस्टम की अव्यवस्था और अपने साथ हो रहे अन्याय की आलोचना का अधिकार भी उसको नहीं है। मतदान अधिकार के साथ साथ कर्तव्य भी है। उपर्युक्त उद्गार बाबा बरूआ दास स्नातकोत्तर महाविद्यालय परुइया आश्रम के प्राचार्य प्रो. परेश कुमार पाण्डेय ने महाविद्यालय द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में व्यक्त किया । बाबा बरुआ दास पीजी कॉलेज, परुइया आश्रम, अंबेडकर नगर में आयोजित ड्स कार्यक्रम के अंतर्गत चुनाव का पर्व, देश का गर्व थीम पर दिनांक 15 /4 /2024 को पोस्टर प्रतियोगिता एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर परेश कुमार पाण्डेय एवं उप प्राचार्य प्रो. पवन कुमार गुप्त उपस्थित रहे। उपप्राचार्य ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन होते रहने से छात्रों में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा एवं बौद्धिक चिंतनशक्ति का विकास होता है।

इस प्रतियोगिता के आयोजन में डॉ. सुधीर कुमार पाण्डेय, डॉ. सत्य प्रकाश पाण्डेय, डॉ. अराधिका, डॉ. अमरनाथ जायसवाल, डॉ. राजित राम यादव, डॉ. अंजू कुमारी तेवतिया, डॉ वीरेंद्र यादव,डॉ.साजिदा सिद्दीकी एवं रितेश मोदनवाल का सक्रिय सहयोग रहा। प्रतियोगिता में छात्र/छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। उक्त प्रतियोगिता में कुल 18 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से चार टीमों का चयन किया गया। प्रथम स्थान पर शिखा यादव, दिव्या पाण्डेय, श्रेया मिश्रा तथा सुमन की टीम, द्वितीय स्थान पर रवि वर्मा, रवि कुमार,अभिनव पटेल एवं अनुज गुप्ता की टीम, तृतीय स्थान पर श्वेता, सरिता ,ब्यूटी एवं मंगला की टीम तथा चतुर्थ स्थान पर अंजलि वर्मा, महिमा चौधरी, डाली एवं रेनू यादव की टीम विजेता रही। मतदान से सम्बन्धित रंगोली, मेंहदी, निबन्ध लेखन तथा गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन कल किया जाना है।

## भारतीय संविधान निर्माता डां भीम राव अम्बेडकर की गांव मुबारकपुर पिकार में मनाई गई धूम धाम से जयंती

स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकरनगर।** जनपद के विकास खण्ड़ जहांगीरगंज अन्तर्गत जब जब जुल्मी जुल्म करेगा सत्ता की गलीयारों से चप्पा चप्पा गूंज उठेगा जय भीम के नारों से ।गांव मुबारकपुर पिकार मे बड़े धूमधाम से बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 14 अप्रैल 133 वी जयंती मनाई गई। आपको बता दें कि पूरे भारत देश में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई । वहीं कार्यक्रम गांव मुबारकपुर पिकार में उपस्थित लोगों ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती अवसर पर गांव के युवा व युवतियों ने डीजे के धुन पर थिरकते दिखे लोग एवं महिलाएं भी बाबा साहेब की जन्म दिन पर सोहर गीत भी गाये डीजे की धुन पर महिलाएं भी खूब जमकर डांस किए। वही यह कार्यक्रम गांव के ही कार्यकर्ताओं के द्वारा जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष शत्रुघन एवं उपाध्यक्ष संदीप भारती रहे।वही कार्यक्रम के अध्यक्ष शत्रुघन ने बताया कि भीमराव रामजी अम्बेडकर, जिन्हें बाबा साहेब अम्बेडकर के नाम से भी जाना जाता है इनका जन्म 14 अप्रैल, 1891वे को भारत के मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। उनकी मृत्यु 6 दिसंबर 1956 को नई दिल्ली में हुई थी। उनकी माता का नाम भीमाबाई और पिता का नाम रामजी सकपाल था। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला संपूर्ण समाज के दबे कुचले लोगों का ध्यान बाबा साहब के किए गए। दलितों के साथ किस स्तर का भेदभाव छुआछूत किया जाता था। जनहित कार्यो की तरफ आकृष्ट कराया। कहा कि बाबा साहब दलितों के पुरोधा तो थे ही साथ-साथ सर्व समाज के हितों की रक्षा शिक्षा सुरक्षा नारी सम्मान नारी सशक्तिकरण व समतामूलक समाज की स्थापना जाति विहीन समाज को अग्रसर कर देश व समाज की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान करने का कार्य किया है गया बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पर देशभर के लोगों ने 14 अप्रैल के दिन बाबासाहेब डॉक्टर अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर लोगों ने किया याद । इस मौके पर कार्यक्रम के व्यवस्थापक श्यामनारायन ,गोलू कन्हैयालाल वीरबहादुर पंकज कुमार पत्रकार अजय कुमार अवधेश कुमार दीपक उर्फ घनटी कौशल कुमार अनिल कुमार प्रशांत कुमार अंकित सुरजीत कुमार मिथुन कुमार मीर्थराज किर्तराज विनोद कुमार सुनील कुमार, विनोद गोविंद मुकेश अनिल अंकित चंदन कुमार जितेंद्र कुमार भास्कर सुधाकर सेम्पू डेम्पो मोन्टी मन्कू बंटी सुनील भरत सभाजीत मास्टर सहित गांव की महिलाएं आदि लोग मौजूद रहे।

## क्रॉप कटिंग के दौरान डीएम ने स्वयं गेहूं की फसल काटकर जानी पैदावार

**● डीएम द्वारा फसल का उत्पादन बढ़ाने के लिए संस्तुतियो सहित शासन को भेजा जाएगा पत्र**

**डीएम द्वारा फसल का उत्पादन बढ़ाने के लिए संस्तुतियो सहित शासन को भेजा जाएगा पत्र**

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर** रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं की उत्पादकता एवं उत्पादन के आंकड़े इकट्ठा किए जाने के लिए डीएम अरविंद सिंह द्वारा तहसील बलरामपुर के ग्राम महादेव मिश्र में कृषक इसराइल पुत्र रमजान के खेत गाटा संख्या 699 में क्रॉप कटिंग का स्थलीय निरीक्षण किया गया।इस दौरान डीएम ने स्वयं दराती से खेत में फसल काटकर उपज का आकलन किया । उन्होंने भू अभिलेख की जांच करते हुए किसान को खेती से संबंधित नई तकनीकी के बारे में जानकारी भी दी क्रॉप कटिंग के दौरान 10म10 मीटर के त्रिकोण में फसल काटकर वजन कांटे पर माप किया गया, जिसमें गेहूं की फसल का उत्पादन 31.813 कुंतल प्रति हेक्टेयर पाया गया।

जनपद में किसानों के हित में फसल उत्पादन को बढ़ाने को डीएम द्वारा संस्तुतितो सहित शासन को पत्र लिखा जायेगा। जिससे कम लागत पर फसल उत्पादन बढ़ने से कृषकों की आमदनी बढ़ेगी।इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि क्रॉप कटिंग में रैंडम आधार पर खेतों को चुना जाता है जिनकी उत्पादकता का आकलन त्रिकोणीय आकृति में खेत को काटकर उससे कितनी उत्पादकता हुई है वह देखी जाती है इससे दो लाभ होते हैं प्रथम जनपद का जो औसत निकलता है उससे यहां की उत्पादकता का पता चलता है और उसके आंकड़े शासन को भी प्रेषित किए जाते हैं, द्वितीय उत्पादकता अगर कम होती है तो उन किसानों को जिन्होंने फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमा करा रखा है अगर जनपद में उत्पादकता मानकों से कम रहती है तब उन किसानों को फसल बीमा योजना के अंतर्गत लाभ दिया जाता है । उन्होंने कहा कि फसल



बीमा योजना से आच्छादित सभी किसानों को आंधी,तूफान,अतिवृष्टि,कम उत्पादन आदि पर प्रत्येक दशा में क्षतिपूर्ति प्रदान किया जायेगा,इसके लिए सभी बीमा कंपनियों को बैठक कर सचेत कर दिया गया है की आंधी,तूफान,अतिवृष्टि,कम उत्पादन आदि से होने वाले क्षति का सर्वे करते हुए समय पर मुआवजा प्रदान किया जाए। बीमा कंपनियों द्वारा येनकेन - प्रकारेंण सहयोग न किए जाने पर जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कारवाही की जायेगी।इस अवसर पर तहसीलदार बलरामपुर, अपर सांख्यिकी अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे

## बदलते मौसम से अस्पतालों में बढ़े डायरिया-बुखार के मरीज, 5 दिनों में 200 से ज्यादा लोग हुए पीड़ित

स्वतंत्र प्रभात

**मिल्कीपुर अयोध्या।** मौसम में उतार-चढ़ाव के बीच लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। सबसे ज्यादा डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ी है। बच्चें डायरिया का ज्यादा शिकार हो रहे हैं। सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज में 5 दिनों में 200 से ज्यादा बच्चे बुजुर्ग महिला और युवतियां डायरिया का शिकार हुई हैं। सौ शैय्या अस्पताल में बच्चों को ड्रिप चढ़ाई जा रही है। ज्यादातर बच्चों में डायरिया की परेशानी है। यह नजारा सिर्फ सरकारी अस्पताल में नहीं बल्कि प्राइवेट डॉक्टर की क्लीनिक पर भी नजर आ रहा है। गंदे पानी और गंदगी से बच्चे डायरिया के शिकार हो रहे हैं।

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ गनेश लाल व फिजिशियन डॉ अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि लूज मोशन डायरिया के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। अस्पताल आने वाली मरीजों का इलाज चल रहा है। धूप के साथ गंदा पानी खानपान भी इस बीमारी का प्रमुख कारण है।

बदलते मौसम में अभिवावकों को बच्चों पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। मौसम में हो रहे परिवर्तन और गंदे पानी से बच्चों को दूर रखने की आवश्यकता है। अस्पताल में डायरिया के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। छोटे-छोटे बच्चे भी बीमार हो रहे हैं। ज्यादातर बच्चों को दस्त उल्टी और बुखार की शिकायत है। उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों ने बताया कि बच्चों के साथ-साथ बड़े-बूढ़े भी




डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। अस्पताल में लगातार बढ़ रहे डायरिया के मरीजों के लिए पूरी व्यवस्था की गई है। समय से बच्चों को इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। डॉक्टरों ने दोपहर में धूप से बचने की लोगों को सलाह दी तथा बच्चों को बाहर के खाने की चीजों से दूर रखें।

# संक्षिप्त खबरें

## शोभा यात्राओं में ध्वनि मानकों का ध्यान रखें - पुलिस आयुक्त

**रामनवमी, महावीर जयंती, हनुमान जयंती पर बजने वाले डीजे और बैंड वालों के साथ की गई बैठक**



**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त दक्षिण ने कहा है कि रामनवमी, महावीर जयंती और हनुमान जयंती पर निकलने वाली शोभायात्रा पर बैंड और डीजे में ध्वनि मानकों का ध्यान रखा जाए। आगामी त्योहार राम नवमी, महावीर जयंती व हनुमान जयंती पर निकलने वाले शोभा यात्रा/ जुलूसों पर बड़ी संख्या में डीजे, बैंड-बाजा, आदि के व्यापक उपयोग से आम जनमानस को होने वाली असुविधा के दृष्टिगत किदवई नगर क्षेत्र में आज दिनांक 15 अप्रैल को पुलिस उपायुक्त दक्षिण द्वारा डीजे संचालकों, बैंड वालों, लाउड स्पीकर वालों के साथ मीटिंग की गयी। मीटिंग में पुलिस उपायुक्त ने शासन द्वारा निर्गत किये गये गाइडलाइन्स व मानक के अनुरूप ध्वनि विस्तारक यंत्र तथा स्पीकरों की संख्या के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किये जाने का अनुरोध किया कि प्रशासन से प्राप्त अनुमति के आधार पर ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों को निर्धारित डेसिबल के साथ प्रयोग करें तथा किसी समाज/धर्म विरोधी, राजनैतिक व आपत्तिजनक गानों को न बजाने हेतु सचेत किया।

## सिधौली आबकारी टीम के द्वारा छापेमारी कच्ची शराब बरामद लहन किया नष्ट



**सिधौली/** आज दिनांक 15/4/24 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की दृष्टिगत जिला आबकारी अधिकारी सीतापुर द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में सीतापुर के क्षेत्र 3 सिधौली में थाना कमलापुर अंतर्गत ग्राम सुजौलिया व गढ़ी में दबिश देकर कुल 60 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई व लगभग 400 किलोग्राम लहन को बरामद किया, बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया ,1 भट्ठी भी नष्ट की गई। दबिश में कुल 5 अभियुक्त के खिलाफ अभियोग दर्ज किया गया इस दौरान आबकारी निरीक्षक अरुण कुमार हेड कांस्टेबल विनय श्रीवास्तव, हेड कांस्टेबल संदीप सिंह कांस्टेबल तसनीम अहमद कांस्टेबल शुभम कुमार टीम मौजूद रही।

## सड़क किनारे मिला नवजात का शव, पुलिस ने पी एम के लिए भेजा

**बिसवां। (सीतापुर)।** सदरपुर थाना अन्तर्गत फरदापुर गांव के पास सोमवार सुबह कपड़े में लिपटा एक नवजात का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची सदरपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। किसी अज्ञात महिला ने अपने शारीरिक सुख के लिये माँ की ममता का गला घोट दिया। सदरपुर के फरदापुर गांव के सामने बिसवां - रेउसा मार्ग के किनारे रहीस अहमद की मोटरसाइकिल सर्विस और धुलाई की दुकान है। सोमवार को सुबह जब रहीस अपनी दुकान खोलने आया तो देखा सड़क किनारे एक सफेद कपड़ा पड़ा है। उसने सोचा कि यह कपड़ा धुलाई के बाद गाड़ियों को पोछने के काम आयेगा। जैसे ही उसने सफेद कपड़ा उठाया तो उसके होश उड़ गये। उस कपड़े के नीचे नवजात का शव पड़ा हुआ था। वह भागता हुआ गया और पड़ोस के सुधीर वर्मा को बताया। सदरपुर पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पी एम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि नवजात के शव को पीएम के लिए भेजकर कार्यवाही की जा रही है।

## मजदूरी के पैसे मांगने पर दलित मजदूर की पिटाई, तीन पर केस दर्ज

**शाहाबाद हरदोई।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मलकापुर के मजरा गौटिया में एक मजदूर द्वारा मजदूरी के पैसे मांगने पर दबंगों ने उसे जाति सूचक गाली गलौज करते हुए मारा पीटा। इस सिलसिले में तीन लोगों पर दलित एक्ट के अंतर्गत केस दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला मलकापुर के मजरा गौटिया निवासी देवेंद्र पुत्र रामबरन ने बताया मलकापुर के वसीम के यहां उसने मजदूरी की थी।जिसके पांच हजार रुपए बाकी थे। वह रुपए मांगने उनके पास गया था। इसी बात से नाराज होकर विपक्षी वसीम ने अपने पुत्रों कछु और फरमान के साथ उसे जाति सूचक गाली गलौज करते हुए मारा पीटा और बेहोशी की हालत में झाड़ी में फेंक दिया। गांव वालों ने रात के 9 बजे 108 एंबुलेंस से उसे सीएचसी भिजवाया।विपक्षियों ने उसे रिपोर्ट दर्ज करवाने पर गाली गलौज कर जान से मार डालने की धमकी भी दी।घटना की लिखित तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# बंथरा में करोड़ों की बेशकीमती सरकारी जमीन पर भूमाफियों ने रातों रात अवैध कब्जा कर बना डाली रोड

**● - क्षेत्रीय लेखपाल व नगर पंचायत की सरपरस्ती में हुआ गड़बड़ झाला**



**स्वतंत्र प्रभात**

**लखनऊ।** नगर पंचायत बन्थरा में करोड़ों की बेश कीमती जमीन पर भूमाफियाओं द्वारा रातो रात कब्जा कर उस जमीन पर कच्ची रोड भी बना डाली गई सूत्रों की माने तो इस जमीन पर भूमाफियाओं को कब्जा करवाने में सबसे अहम रोल क्षेत्रीय लेखपाल नगर पंचायत विभाग बन्थरा और तहसील प्रशासन का है।

बन्थरा में लखनऊ कानपुर राजमार्ग पर हनुमान मन्दिर से महज 200 मीटर आगे पुलिस पिंक बूथ के पास लगभग साढ़े सात हजार स्क्वैयर फिट करोड़ों की बेशकीमती सरकारी जमीन है। भूमाफियाओं ने रातो रात इस जमीन की बाऊड्री को तोड़कर उस पर कब्जा कर रोड बना डाली। जब बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष चन्दर सिंह राठौर की शिकायत पर एक वर्ष पूर्व नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी नेगी व तत्कालीन लेखपाल संजय शुक्ला ने इस जमीन के चारों ओर बाउंड्री करवा कर जमीन को सुरक्षित कर दिया था। लेकिन सरोजनीनगर तहसील में इन दिनों भूमाफियाओं और प्रापर्टी डीलरों का बोलबाला है वो किसी भी जमीन पर कब्जा करने के लिए स्वतंत्र है और तहसील प्रशासन ने अपनी आंखों पर पट्टी बाँध रखी है।

# डी एम और एस पी के न आने से लोग हुये मायूस

**● - जहांगीराबाद में क्रिटिकल बूथ की जांच करने आने वाले थे अधिकारी।**

**किन्हीं कारणों से निरीक्षण हुआ निरस्त।**

**दोपहर में कई घंटों तक मतदाताओं ने की प्रतीक्षा।**

**अधिकारियों के न आने से ग्रामीण हुए मायूस।**

**क्षेत्रीय लेखपाल, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान सहित प्रधानाध्यापिका व शिक्षिकायें तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायिका रहीं मौजूद।**



**स्वतंत्र प्रभात**

**बिसवां। (सीतापुर)।** सोमवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को बिसवां तहसील अन्तर्गत जहांगीराबाद गांव में पूर्व माध्यमिक विद्यालय कम्पोजिट के परिसर के समीप स्थित ब्लाक संसाधन केंद्र (संकुल भवन) में स्थापित क्रिटिकल बूथ संख्या 254 का निरीक्षण करने आना था। दोपहर से ही ग्रामीणों को सूचित कर दिया गया। दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हो गये और अधिकारियों के आने की प्रतीक्षा करने लगे।

दोपहर लगभग एक बजे सदरपुर थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह भी दल बल के साथ मौके पर पहुंच गये। क्षेत्रीय लेखपाल नीलेश कुमार यादव व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी हरिओम श्रीवास्तव सहित विद्यालय की प्रधानाध्यापिका बेबी फिरदौस, अन्य शिक्षक शिक्षिकायें, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुनीर अहमद अंसारी तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायिका भी मौके पर मौजूद रहीं। सचिव व लेखपाल ने लोगों के बैठने के लिये टेंट व कुर्सियों और पीने के पानी तथा सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था कर रखी थी। थानाध्यक्ष ने पहले ही मौके पर पहुंच कर क्रिटिकल बूथ संख्या 254 संकुल भवन को देखा। उन्होंने बताया कि इसी बूथ पर हिस्ट्रीशीटर अपराधी का वोट है। काफी देर प्रतीक्षा करने के बाद सूचना मिली कि किन्हीं कारणों से बूथ निरीक्षण निरस्त हो गया है जिससे काफी देर से प्रतीक्षा में बैठे दर्जनों मतदाता निराश हो गये।तब क्षेत्रीय लेखपाल नीलेश कुमार यादव ने खड़े होकर सभी उपस्थित मतदाताओं को ढांढस बंधाया तथा मतदान के दिन प्रत्येक दशा में अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा दूसरों को भी मतदान के लिये प्रेरित करने की अपील की। मतदान हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। अधिक से अधिक मतदान कर जनपद और चुनाव आयोग के पटल पर जहांगीराबाद के सभी बूथों का नाम शत-प्रतिशत मतदान वाले बूथों में अंकित कराने को कहा।इस अवसर पर दर्जनों मतदाता उपस्थित रहे।

## संविधान निर्माता डॉ0भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह पर आयोजित कवि सम्मेलन सम्पन्न

**स्वतंत्र प्रभात**

**तालगांव सीतापुर** विकास खण्ड परसेंडी क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसेंडी में संविधान निर्माता, बोधिसत्व बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी की 134 वीं जन्म जयन्ती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने द्वीप प्रज्वलित कर व बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।श्री वर्मा ने बाबा साहब के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने की बात कही। कार्यक्रम में क्षेत्रीय बच्चों ने रिकार्डिंग डांस व स्पीच देकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया। कार्यक्रम को इंद्रपाल चौधरी सदस्य जिला पंचायत, व चितेन्द्रम चौधरी आदि ने सम्बोधित किया।इस अवसर पर कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया।मंच का संचालन राजेंद्र रंचक जी ने किया दूर-दराज से आये हुए कवियों व वक्ताओं ने अपने अपने काव्यपाठ के माध्यम से बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालने का काम किया।कवि विनय व्रति ने काव्य पढ़ते हुए कहा कि जब तक घर की दीवारों पर है बाबा की तस्वीर नही,यूँ ही लुटे जाओगे और बदलेगी तकदीर नही।कवियों ने अपने काव्यपाठ से श्रोताओं को भावविभोर किया।कवि विवेक मिश्र राज,अम्बरीष श्रीवास्तव अम्बर,अरुण शर्मा बेदाग,घायल खैराबादी, असमारुल हक़ खैराबादी, दिलीप वर्मा,आदि ने मुख्य रूप से काव्यपाठ किया।इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अनिल कुमार वर्मा ने भी महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन इंद्रपाल चौधरी सदस्य जिला पंचायत व प्रहलाद कुमार कन्नौजिया एडवोकेट प्रतिनिधि सदस्य जिला पंचायत के द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से किया गया। अवसर पर मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख परसेंडी राजेन्द राजवंशी,मंजीत सिंह प्रधान, गौरियाझाल,अनूप सिंह प्रधान परसेंडी, संजय वर्मा पूर्व प्रधान,लेखराज लोधी लोकसभा प्रत्याशी आज़ाद समाज पार्टी व



आबिद अली प्रधान जरेली, पंकज भार्गव प्रधान गोड़रिया, देवेंद्र सिंह प्रधान उमरिया खानपुर, शान मोहम्मद प्रधान मन्दनापुर, क़दीर खान, सन्तोष वर्मा प्रधान अमौरा बेनीरामा, उरूज अहमद, इम्तियाज अहमद, पंकज कन्नौजिया बीडीसी, अम्बरीष कुमार,अमित यादव, संजय कुमार स्टेशन अधीक्षक परसेंडी इरशाद अली बीडीसी, कल्लन, दिनेश यादव, मेहुल यादव, मो0अफजल अंसारी, एमपी आज़ाद, नीरज सर, सहित हजारों की संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

## पूरे देश में जनता का गठबंधन मोदी और भाजपा के साथ हो चुका है- नीरज वर्मा

**स्वतंत्र प्रभात**

**हरदोई** भारतीय जनता पार्टी की क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा की मौजूदगी में सोमवार को सपा, बसपा से जुड़े प्रधानों ने भाजपा कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ले ली। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन एवं सवायजपुर विधायक मानवेंद्र प्रताप सिंह रानू उपस्थित रहे।इस अवसर पर नीरज वर्मा ने कहा कि भाजपा परिवार में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत है। उन्होंने कहा कि लोकसभा का चुनाव घोषित हो चुका है और हमें जुटकर पिछले चुनाव की अपेक्षा आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को सशक्त बनाते हुए देश में 400 सीटें जीतने के लक्ष्य को प्राप्त करना है।उन्होंने कहा कि इस संकल्प की पूर्ति तभी हो सकेगी जब प्रदेश की सभी 80 सीटें भाजपा की झोली में आएं। एक एक बूंद से सागर बना वैसे ही भाजपा नित नए कार्यकर्ता को अपने विचारों से जोड़ते विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है।

उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि अपने क्षेत्रों में भाजपा को मजबूत करने के लिए सभी जुट जाए और प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा की बड़ी विजय में सहभागी बने। उन्होंने कहा कि पूरे देश में जनता का गठबंधन मोदी और भाजपा के साथ हो चुका है।भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार द्वारा लोककल्याण के लिए किये जा रहे कार्यों व भाजपा के विचारों से प्रभावित होकर आज सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पार्टी की विचाराधारा के प्रति समर्पण व अनुशासन के आधार पर पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश की जनता के हितों व जनकल्याण के लिए भाजपा सरकार दिन रात कार्य कर रही है। उसी राह पर चलते हुए आप सब भी पार्टी के विचारों के साथ अपने क्षेत्र के विकास व गरीबों, शोषितों, वंचितों, पीड़ितों, दलितों सहित समाज के हर जरूरतमंद की सेवा करते हुए पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करें।

इस अवसर पर पार्टी के संतराम यादव



गढिया बारामऊ हरपालपुर (सपा संस्थापक सदस्य प्रमुख शिक्षाविद)रामकुमार राजपूत प्रधान कुचिला विजना ब्लाक साण्डी।

विपनेश राजपूत श्रीमऊ प्रधान ब्लाक साण्डी।सर्वेश यादव प्रधान दस्यौली ब्लाक साण्डी।

धर्मेंद्र राजपूत प्रधान कैखाई ब्लाक साण्डी।

विमल राजपूत प्रधान बखरिया ब्लाक साण्डी।

शिशुपाल राजपूत प्रधान कटरी छोछपुर ब्लाक साण्डी।

मनोज तिवारी दयालपुर हरपालपुर (बसपा कोषाध्यक्ष के पद से त्यागपत्र देकर शामिल हुए )मो. अख्तियार प्रमुख व्यवसायी हरपालपुर मो. सैफ प्रमुख व्यवसायी हरपालपुर ने भाजपा की सदस्यता ली।

## छात्राओं ने कला प्रतियोगिता के माध्यम से गुड टच व बैड टच तथा बाल शोषण के विरूद्ध दिया संदेश

**स्वतंत्र प्रभात**


**कछौना(हरदोई)** सोमवार को कछौना कोतवाली में बने बाल मित्र केंद्र द्वारा एक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सन शाइन जूनियर स्कूल की छात्राओं ने बहुत ही अच्छे-अच्छे चित्रों के माध्यम से गुड़ टच व बैड टच तथा बाल शोषण विरुद्ध संदेश दिया। जिसमें अदिति गुप्ता-प्रथम, शाम्भवी सिंह- द्वितीय व अनन्या गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया व आकृति द्विवेदी व रिया सिंह को सांत्वना पुरस्कार मिला। कोतवाली प्रभारी कछौना ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान करते हुए बताया कि किसी के बहकावे में नही आना है। अच्छी तरह पढ़कर उच्च पदों को पाकर समाज की सेवा करनी है तथा किसी भी परेशानी में हमें अपना धैर्य नही खोना है। अपने माता पिता की हमेशा इज्जत करनी है।



इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक सुनील सोनी व प्रधानाचार्य मो0शोएब ने कोतवाली प्रभारी कछौना व बाल मित्र केंद के सदस्यों का आभार व्यक्त किया एवं बच्चों को शुभकामनाएं दी।

# प्रथम और द्वितीय फेस के मतदान हेतु पुलिस फोर्स रवाना

**● - पुलिस लाइन से बसों के द्वारा हरी झंडी दिखाकर पुलिस बल को किया गया रवाना।**



**स्वतंत्र प्रभात**

**कानपुर।** लोकसभा चुनाव -24 के प्रथम और द्वितीय फेस के मतदान के लिए आज दिनांक 15 अप्रैल को अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय/चुनाव आशीष श्रीवास्तव, अपर पुलिस उपायुक्त चुनाव/पूर्वी लखन सिंह यादव व एसीपी चुनाव/कर्नलगंज महेश कुमार ने कानपुर पुलिस लाइन से पुलिस टीम को रवाना किया।

इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था कमिश्नरेट कानपुर ने पुलिस टीम को शांति पूर्वक निष्पक्ष मतदान कराने के लिए निर्देशित किया। पुलिस लाइन से लोकसभा चुनाव 2024 हेतु प्रथम व द्वितीय चरण के पुलिस बल को दिशा निर्देश देकर बसों में बैठाकर पुलिस लाइन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दो तिथियों में मतदान होना है। इसके बाद यह पुलिस फोर्स मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश के चुनावों को सम्पन्न कराने के लिए रवाना होगी।

# कानपुर - लखनऊ सड़क सही नहीं तो टोल की लूट क्यों?

**● - लखनऊ - कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर काम चलने के कारण सड़क बदहाल है फिर टोल टैक्स लेकर जनता को क्यों लूटा जा रहा है**




**स्वतंत्र प्रभात**

**कानपुर।** कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल टैक्स को लूट टैक्स की संज्ञा क्या नहीं दी जा सकती है ? वर्तमान में कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर समानान्तर आधुनिक सड़क का निर्माण कार्य जारी है। यह निर्माण कार्य कई महीनों से जारी है और जारी रहेगा। परिणामतः इस राजमार्ग की बदहाली ऐसी हो गई है कि लिखने में शब्द कम पड़ रहे हैं। कोई बात नहीं, जब कुछ नया निर्माण किया जायेगा तो कुछ असुविधायें भी सहनी पड़ेंगी।

लेकिन सवाल यह उठता है कि अनेक असुविधायें होने के बावजूद कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर फिर 'टोल टैक्स' क्यों वसूला जा रहा है जबकि 'टोल टैक्स' तो सुविधाओं को मुहैया करवाने के एवज में लिया जाता है ? इस समय कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं बजाय टोल टैक्स उगाही के ऐसे में कटु जरूर है कि 'टोल टैक्स को क्यों ना 'लूट टैक्स' की संज्ञा दे दी जाये ? इसके अलावा अनेक सवाल उठते हैं जैसे कि - इस 'लूट टैक्स' पर जनप्रतिनिधि क्यों चुप हैं जबकि आये दिन उन्हें सूबे की राजधानी अर्थात लखनऊ के लिये आना-जाना होता है ?

आमजन के साथ की जाने वाली लूट से क्या जनप्रतिनिधियों का कोई वास्ता नहीं है ?



इस लूट टैक्स से राज्य सरकार व केन्द्र सरकार अनभिज्ञ है क्या अथवा उन्हीं के संरक्षण में लूट टैक्स वसूला जा रहा है जो कि किसी भी मायने से उचित नहीं कहा जा सकता है ?

# दहेज हत्यारोपी की 24 घंटे में गिरफ्तारी

**● - गोविंद नगर थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार, दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार**

**स्वतंत्र प्रभात**

**कानपुर।** थाना गोविन्द नगर पुलिस ने दहेज हत्या के वांछित अभियुक्तों को अभियोग पंजीकरण के 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर लिया है। थाना गोविन्द नगर क्षेत्र हो रही घटनाओं के रोकथाम हेतु पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर व पुलिस उपायुक्त दक्षिण जोन कमिश्नरेट कानपुर नगर के द्वारा दिये गये दिशा- निर्देश व घटना के रोकथाम व अनावरण हेतु अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण व सहायक पुलिस उपायुक्त %बाबू पुरवा आदेशों निर्देशों के क्रम में प्रभारी निरीक्षक गोविन्द नगर कानपुर नगर के द्वारा दिए गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 14 अप्रैल को थाना गोविन्द नगर पर पंजीकृत मु.अ.स. 120/2024 धारा 498ए/323/ 304 बी भादवि व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र स्व. बनारसी लाल

उम्र 42 वर्ष, 2. शिव कुमार गुप्ता पुत्र स्व. बनारसी लाल उम्र 35 वर्ष निवासीगण 53 श्च / 15 दबौली थाना गोविंद नगर कानपुर नगर को अभियोग पंजीकरण के 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार शुदा अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही



करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ.नि. अरविन्द कुमार मिश्रा चौकी प्रभारी रतनलाल नगर थाना गोविन्द नगर कानपुर नगर उ.नि. धन सिंह थाना गोविन्द नगर कानपुर नगर का. 1928 सोनू यादव थाना गोविन्द नगर कानपुर नगर शामिल हैं।

# जिला बार एसोसिएसन ने स्मृति चिन्ह देकर दी जजों को विदाई

**● - जजों ने कहा दिए गए स्नेह को कभी भुला नही पाऊंगा जिला बार एसोसिएसन के अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने कहा सभी जजों के बार से मधुर सम्बन्ध रहे।**

**स्वतंत्र प्रभात**

**कानपुर देहात।** जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात द्वारा सभागार में जजों के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने अपर जिला जज बकर शमीम रिजवी रवि यादव व सिविल जज सीनियर डिवीजन तौसीफ रजा नेहा बनौदिया सिविल जज जूनियर डिवीजन श्रेतिका उपाध्याय मोहम्मद फराज हुसैन जुडिशल मजिस्ट्रेट को भावभीनी विदाई दी । जिला बार के पदाधिकारी समेत वरिष्ठ वक्ताओं ने अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह व बुकें देकर सम्मानित किया वहीं न्यायिक अधिकारियों ने बार की कार्य प्रणाली व व्यवहार की सराहना की तथा कहा कि आप लोगों ने जो स्नेह दिया उसे भुलाया नहीं जा सकता।

जिला बार एसोसियेशन के अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने विदाई समारोह में कहा कि सभी स्थानांतरित जजों ने न्याय की भावना से जनता को न्याय दिलाने का भरपूर प्रयास किया तथा अपने धर्म व कर्म दोनों को ईमानदारी से निभाया। उन्होंने कहा कि बार व बेंच के बीच बेहतर सम्बन्ध से ही लोगो को समय पर न्याय मिलता है और सभी जजों के बार के साथ बेहतर सम्बन्ध रहे जिसके कारण सभी जजों ने बेहतर कार्य किये है। इस मौके पर प्रमुख रूप से संपत लाल यादव पूर्व अध्यक्ष, रवींद्र नाथ मिश्र , रमेश चंद्र सिंह गौर,अशोक श्रीवास्तव,,राजू पोरवाल डी जी



सी ,घनश्याम सिंह राठौर,मंत्री सर्वेंद्र सिंह संयुक्त मंत्री,सुलेखा यादव,शमशाद खान ,चंद्र लता,सुभाष चंद्र ,विश्वनाथ सिंह, राकेश त्रिपाठी,दीपक यादव,वकार अहमद,सुशील तिवारी,राहुल सिंह,महेंद्र यादव,रजत सिंह,रंजीत सिंह, विकास सविता, कमलेश राजपूत,जितेंद्र निषाद आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे मौजूद रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव एवम संचालन महामंत्री अमर सिंह भदौरिया ने किया।

# चुनाव-44 दिन में 4678.13 करोड जब्त,बना रिकार्ड

**स्वतंत्र प्रभात**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग ने 1 मार्च से 13 अप्रैल तक चैकिंग के दौरान देशभर में महज 44 दिन के भीतर ही 4678.13 करोड रूपये जब्त किये हैं। लोकसभा चुनाव के 75 साल के इतिहास में ये सबसे बडा रिकार्ड सामने आया है।इनमें कैश,सोना -चांदी शराब,ड्रग्स और कीमती सामान शामिल है। चुनाव आयोग ने 2019 केचुनाव के दौरान 3475 करोड रूपये जब्त किए गए थे। इस बावत चुनाव आयोग ने सोमवार को जानकारी दी।आयोग के मुताबिक चुनाव की आधिकारिक घोषणा से पहले जनवरी और फरवरी में कुल 7502 करोड रूपये सीज किए गए। इस तरह 1जनवरी से 13 अप्रैल तक कुल 12 हजार करोड रूपये से अधिक की रकम जब्ती की गई। इनमें कैश 395.30 करोड रूपये, शराब-489.03 करोड रूपये,ड्रग्स-395.39 करोड,कीमती सामान-489.03 करोड रूपयेवहीं मुफ्त के सामान -1142.49 करोड रूपये है।चुनाव आयोग के मुताबिक हर दिन करीब 100 करोड की जब्ती हो रही है। आयोग के मुताबिक 1 मार्च के बाद से जब्त किए सामान में 2068.85 करोड के ड्रग्स,,1142.49 करोड रूपये के मुफ्त में बांटे जाने वाले सामान 562.10 करोड की कीमती धातुएं,489.31 करोड रूपये की शराब और 395.39करोड कैश शामिल है। कैश सहित सभी सामानों को मिलाकर हर दिन करीब 100 करोड रूपये सीज किए जा रहे हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि तमिलनाडू में सबसे ज्यादा 53कैश ,तेलांगाना में 49 करोड ,महाराष्ट्र में 40 करोड ,कर्नाटक और राजस्थान में 35 .35 करोड रूपये से ज्यादा जब्त किए गए हैं। कर्नाटक में सबसे ज्यादा 124.03 करोड रूपये की शराब जब्त की गई।वहीं पश्चिम बंगाल में 51.7 करोड, राजस्थान में 40.07 करोड रूपये से ज्यादा जब्त किए गए। उत्तर प्रदेश में 35.03,करोड और बिहार में 31.05 करोड रूपये जब्त की गई। ड्रग्स जब्ती में गुजरात सहित 5 राज्य सबसे आगे की जानकारी देते हुए आयोग ने बताया कि गुजरात में सबसे ज्यादा करीब 489.99 करोड रूपये के ड्रग्स बरामद किए गए हैं।इसके बाद तमिलनाडू में 293.02 करोड, पंजाब में 280.81 करोड,महाराष्ट्र में 213.56 करोड और दिल्ली में 189.94 करोड रूपये के ड्रग्स जब्त किए गए है। उल्लेखनीय है कि 16 मार्च को लोकसभा के चुनावों की घोषणा के बाद आचार संहिता के दौरान कैश,शराब,ज्वैलरी, और अन्य मुफ्त सामानों को साथ लाने ले जाने को लेकर कई नियम होते है।ताकि चुनाव में इनके दुरूपयोग को रोका जा सके। दरअसल आचार संहिता के लगते ही कई तरह की बंदिशं लागू हो जाती है।

## निर्वाचन आयोग की ओर से उपलब्ध है ऑनलाइन आवेदन की सुविधा- डीएम

**स्वतंत्र प्रभात**

**हरदोई** जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु किसी भी आयोजन जैसे रैली, सभा आदि की परमीशन हेतु आवेदन नियत तिथि से कम से कम 48 घंटे पूर्व किया जाना है। निर्वाचन आयोग की ओर से आवेदनकर्ताओं को ऑनलाइन परमीशन की सुविधा प्रदान की गयी है। इसके लिए सबसे पहले निर्वाचन आयोग की वेबसाईट suvidha.eci.gov.in पर लॉगिन करें। इसके पश्चात Parliament election 2024 चुनें। अपना मोबाइल नंबर रजिस्टर कर ओटीपी के माध्यम से लॉगिन करें। आवेदक की प्रोफ़ाइल खुल जाएगी जिसे अवश्यक्तानुसार संशोधित किया जा सकता है। ऊपर बायीं ओर डैशबोर्ड पर क्लिक करें और फिर apply for permission पर जाएं। समस्त आवश्यक सूचनाएँ भरें तथा दस्तावेज अपलोड कर Save कर Submit पर जाएं। आवेदन की स्थिति जानने के लिए डैशबोर्ड में जाकर Application status में चेक करें।

## संक्षिप्त ख़बरें

### संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव



**शिवगढ़,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के कोटवा में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव फंदे से लटकता मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवा कर पीएम के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक थाना क्षेत्र के कोटवा गांव की रहने वाली चांदनी उम्र 23 वर्ष पति सत्येंद्र के साथ खेत में गेहूं काटने गई थी। गेहूं काटकर खेत से वापस लौटने के बाद पति सत्येंद्र नहाकर किसी कम से गांव में निकल गया पत्नी चांदनी घर पर थी। कुछ देर बाद वापस लौटने के बाद सत्येंद्र ने घर में लाइट जलाकर देखा तो कमरे के दरवाजे अन्दर से बन्द थे। उसने जब खिड़की से अन्दर झांक कर देखा तो चांदनी का शव साड़ी के फंदे से छत में लगे पंखे के हुक में लटका हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर शव को नीचे उतरवाकर शव पीएम के लिए भेज दिया। विवाहिता की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार पाल ने बताया कि शव पीएम के लिए भेज दिया गया, प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का लग रहा है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### वन स्टाप ऑटोमोटिव पर टाटा मोटर्स पर ग्रामीण मित्रों की बैठक का आयोजन किया

**गोला गोकर्णनाथ खीरी** सोमवार को गोला लखीमपुर बाईपास पर बने टाटा मोटर्स के शोरूम वन स्टाप ऑटोमोटिव पर टाटा ग्रामीण मित्रों की बैठक का आयोजन किया गयाद्य जिसमें कई तहसीलों के जागरूक नौजवानों ने हिस्सा लियाद्य जनपद लखीमपुर खीरी से आए टाटा मोटर्स के एमडी जय राज सिंह ने बताया की आप टाटा ग्रामीण मित्र बनकर अपने आस पड़ोस के लोगों को रोजगार के अवसर मुहैया करा सकते हैं और उन्हें स्वरोजगार दे सकते हैं द्य उन्होंने ग्रामीण मित्रों से टाटा मोटर्स की गाड़ियों के बारे में कई सवाल जवाब भी पूछे और जिसे सही जवाब का उत्तर दिया उसे उपहार स्वरूप पुरस्कार भी दिया द्य और टाटा मोटर्स अपने कामर्शियल वाहनों पर आकर्षक स्कीम के साथ कम ब्याज दर पर फाइनेंस पर गाड़ियां उपलब्ध कराती है टाटा मोटर्स टाटा ग्राम मित्र को प्रतिमाह टिया दिए के रूप में देता है टाटा ग्रामीण मित्र को अपने-अपने क्षेत्र में टाटा के कमर्शियल वाहन टाटा योद्धा, टाटा इंट्रा टाटा ऐस टाटा मैजिक, जरूरतमंद लोगों दिलवाकर उन्हें स्वरोजगार दिलवा सकते हैं टाटा मोटर्स के मैनेजर राजीव शुक्ला व पंकज मिश्रा ने टाटा मोटर्स की कार्मशियल वाहनों की विशेषता बताई।इस मौके पर नगर के मैकेनिक अब्दुल हबीब, अरशद, नाजिम, सहित टाटा ग्राम मित्र वेदराम, राजेश, अंकुर,आशीष तिवारी, करन सिंह, कौशल सिंह, वर्कशॉप मैनेजर उमेश वर्मा, अकाउंटेंट आशुतोष तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### खीरी पुलिस द्वारा, 01 नफर वांछित अभियुक्त पप्पू मारूती उर्फ मोइन को किया गिरफ्तार




**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद शाहा के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के कुशल नेतृत्व में एस0आर0 केस में वांछित अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में मुखिबर की सूचना पर खीरी पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वांछित अभि0 पप्पू मारूती उर्फ मोइन पुत्र बाबू ड्राईवर नि0मौ0 बाजार कस्बा खीरी थाना व जिला खीरी सम्बन्धित मु0अ0सं0 0194/2024 धारा 2(ख)(6)/3 उत्तर प्रदेश गिरोह बन्द एंव समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधि0 1986 को कस्बा खीरी चौराहे से समय करीब रात्रि 22.55 बजे गिरफ्तारी कर माननीय न्यायालय भेजा गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## क्लस्टर प्रभारी, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी ने चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

● जहां अमेठी सांसद स्मृति का चुनाव प्रचार जोरों पर वहीं कांग्रेस अभी तक नहीं कर सकी अमेठी में प्रत्याशी की घोषणा



स्वतंत्र प्रभात

**जगदीशपुर अमेठी।** क्लस्टर प्रभारी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी ने 184 जगदीशपुर विधानसभा में लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया इस दौरान लोकसभा संयोजक दयाशंकर यादव एवं विधानसभा संयोजक हेमंत विक्रम सिंह सहित संचालन समिति एवं कोर कमेटी के लोग मौजूद रहे जहां कार्यालय उद्घाटन के दौरान भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी उत्साह से लबा-लब नजर आए वहीं मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस अभी तक अमेठी में अपने प्रत्याशी की घोषणा तक नहीं कर सकी। बताते चले अमेठी में भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी का चुनाव प्रचार जोरों पर है, लगातार अमेठी में स्मृति इरानी बनी हुई है और सीधे जनता से संपर्क बनाए हुए हैं। लोकसभा संयोजक दयाशंकर यादव ने कहा कि दीदी स्मृति इरानी अमेठी को अपना घर और अमेठी वासियों को अपने परिवार का सदस्य मानती हैं उन्होंने कहा पहली बार जब दीदी हार गई थी फिर भी अमेठी से जुड़ी रही और दोबारा अमेठी की जनता ने उन्हें अपना समर्थन दिया अब तो दीदी ने अमेठी में अपना घर बना लिया अब दीदी अमेठी की स्थाई निवासी हो गई है ,यही नहीं दीदी अमेठी की मतदाता भी हो चुकी है जबकि चुनाव जीतने के बाद भी राहुल गांधी दोबारा चुनाव में वायानाड चले गए और अमेठी के लोगों का वायनाड से अपमान कर रहे हैं, ऐसे में अमेठी की जनता इस अपमान का उत्तर कमल वाला बटन दबाकर देगी। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों की सेवा मोदी की गारंटी है, और मोदी की गारंटी यह है कि अगले 5 वर्ष तक मुफ्त राशन योजना लागू रहेगी। भाजपा सरकार ने 25 करोड लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है इसी क्रम में आगे भी भाजपा द्वारा निरंतर प्रयास किए जाएंगे, दाल, खाद्य तेलों और सब्जी के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनकर गरीब की थाली को सुरक्षित बनाने के लिए प्रयास जारी रहेंगे, भाजपा सरकार ने गरीबों के लिए चार करोड़ पक्के घर बनाए हैं परिवारों के विस्तार को देखते हुए अब 3 करोड़ और पक्के घर बनाने का संकल्प भाजपा ने लिया है। भाजपा सरकार ने मुफ्त बिजली कनेक्शन प्रदान किए हैं, अब करोड़ों घरों में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना द्वारा बिजली बिल शून्य करने और कमाई के अवसर पैदा करने पर काम होगा, उन्होंने कहा भाजपा ने पहले ही हर घर तक किफायती सिलेंडर की डिलीवरी सुनिश्चित की है और अब हर घर तक पाइपलाइन के जरिए सस्ती रसोई गैस पहुंचने पर काम होगा। पिछले एक दशक में 10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी है और भाजपा अब इन समूहों को आईटी, शिक्षा, स्वास्थ्य, खुदरा और पर्यटन जैसी विभिन्न सेवाओं के लिए प्रशिक्षण प्रदान करेगी, उन्होंने कहा सबका साथ सबका विकास मोदी की गारंटी है। समृद्ध भारत मोदी की गारंटी है, सुशासन की मोदी की गारंटी है, जिसमें समान नागरिकता संहिता लागू की जाएगी, स्वस्थ भारत मोदी की गारंटी है, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मोदी की गारंटी है, खेल के विकास की मोदी की गारंटी है। और देश की जनता को अमेठी की जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है ऐसे में उन्होंने कहा इस बार 400 के पार।

## गाजे - बाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा

● कलश यात्रा में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु



स्वतंत्र प्रभात

**शुकुल बाजार अमेठी।** विकासखंड शुकुल बाजार के ग्राम पूरे रग्घू शुक्ल में सात दिवसीय अमृतमई श्रीमद् भागवत कथा के उपलक्ष में गाजे - बाजे के साथ भव्य और दिव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान शुकुल बाजार पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे क्योंकि कलश यात्रा में कई हजार श्रद्धालु शामिल हुए थे। कलश यात्रा पूरे रग्घू से शुकुल बाजार कस्बा होते हुए आदि गंगा गोमती रेछ घाट पहुंची जहां यजमान सहित भक्तगणों ने कलश में जल भरकर कलश व्यास मंडप में स्थापित किया। बताते चलें कलश यात्रा के दौरान हजारों की संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर रखे थे हाथ में कलश था और पुरुष अबीर, गुलाल,व फूल उड़ाते हुए श्री राम की धुन पर थिरकते हुए जय श्री राम के जयकारे के साथ शोभा यात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम के आयोजक अभिषेक शुक्ला उर्फ विधायक ने बताया कि 15 अप्रैल से शुरू यह अमृतमई श्रीमद् भागवत कथा 21 अप्रैल तक चलेगी 22 अप्रैल को हवन एवं पूर्णाहुति तथा 23 अप्रैल को विशाल महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय गायक तिवारी बंधु द्वारा संध्या भजन का कार्यक्रम भी किया जाएगा मुख्य यजमान राममिलन शुक्ला एवं उमा शुक्ला ने बताया कि कथा व्यास छोटे ठाकुर जी गोपी बाबा गोपीकुंज पीठाधीश्वर श्री धाम वृंदावन के मुखारविंदु से भक्तों को भगवान श्री कृष्ण की जीवन लीलाओं का बड़ा ही सुंदर और चरित्रार्थ वर्णन सुनने को प्राप्त होगा। बताते चले कलश यात्रा में कई हजार श्रद्धालु शामिल रहे मुख्य यजमान द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है जिससे कथा सुनने वाले भक्तों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न होने पाए। कलश यात्रा में जगजीवन शुक्ला, प्रभा शुक्ला, अभिषेक शुक्ला विधायक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, नरेंद्र बख्श शुक्ला, सुधीर शुक्ला, रामखेलावन शुक्ला, राकेश शुक्ला, विशाल शुक्ला,आवेश शुक्ला ,आशुतोष अभिनव सहित हजारों भक्तगण शामिल रहे।

## हाइटेंशन लाइन से निकली चिंगारी ने मचाया तांड़व

●गेहूं के खेत में लगी आग से डेढ़ बीघे गेहूं की फसल जलकर राख

नींबू की बाग को भी जलाकर किया खाक

ग्रामीणों ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू



स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)** सरेनी।बढ़ती गर्मी के साथ-साथ आगजनी की घटनाओं में इजाफा होता दिख रहा है।एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है जहां हाइटेंशन लाइन से निकली चिंगारी ने तांड़व मचा दिया और देखते ही देखते डेढ़ बीघे गेहूं की फसल समेत नींबू की बाग को जलाकर राख कर दिया।वहीं ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग बुझाने में सफल रहे।गनीमत रही कि इस बाबत हवा शांत रही अन्यथा आग और विकराल रुप धारण कर किसानों को और अधिक नुकसान पहुंचा सकती थी।जानकारी के मुताबिक सोमवार की सुबह हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से दूलापुर गांव निवासी किसान प्रमोद त्रिवेदी पुत्र धुन्नी त्रिवेदी के गेहूं के खेत में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और लगभग डेढ़ बीघे गेहूं की फसल को जलाकर राख कर दिया।वहीं आग की चिंगारी पडोसी किसान बच्चा सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह के खेत में जा पहुंची और लगभग हर डेढ़ बिस्वा गेहूं की फसल समेत नींबू की बाग को जलाकर राख कर दिया।वहीं आग की ऊंची-ऊंची लपटों को देखकर आसपास खेतों में मौजूद किसान व ग्रामीण मौके की ओर भागे और किसी तरह पीट-पीटकर व पानी की बौछारों से घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।लेकिन तब तक आग ने किसान प्रमोद त्रिवेदी की डेढ़ बीघा व बच्चा सिंह की डेढ़ बिस्वा गेहूं की फसल व नींबू की बाग को जलाकर राख कर दिया था।बताया जाता है कि आगजनी से सैकड़ों बीघे गेहूं की फसल नष्ट हो सकती थी,लेकिन ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद समय रहते आग पर काबू पा लिया और सैकड़ों बीघे गेहूं की फसल को नष्ट होने से बचा लिया।वहीं खबर लिखे जाने तक क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर नहीं पहुंचे थे।

## दो मुर्गी फार्म में एक साथ आग लगने से6000चूजों की जलकर मौत

● 25 लाख रुपए के नुकसान होने का फार्म स्वामी ने लगाया अनुमान

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी।**थाना पढुआ क्षेत्र के गांव बिनौरा के निकट स्थित बने मुर्गी फार्म में सोमवार की सुबह अज्ञात कारणों से आग लग गई। तेज हवा चलने के कारण उठी लपटों ने पड़ोस स्थित दूसरे मुर्गी फार्म को भी अपनी चपेट में ले लिया। एक साथ दो मुर्गी फार्म जलने से पड़ोस के गांव बिनौरा में भी चीख पुकार मच गई। मुर्गी फार्म की तरफ बने घरों के लोग सामान निकालकर सुरक्षित स्थानों पर ले जाने लगे। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में करीब छह हजार चूजे जिंदा जल गए। मुर्गी फार्म मालिक ने करीब 25 लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान जताया है। थाना पढुआ के गांव बिनौरा से करीब एक किलोमीटर दूरी पर जहांदार खां ने अपने खेत में पास-पास में दो मुर्गी फार्म बना रखे हैं। इनमें करीब 6 हजार चूज पले थे। करीब छह लाख रुपये का चूजों का दाना, तख्त आदि सामान भी रखा हुआ था। मुर्गी फार्म मालिक जहांदार खां ने बताया कि घटना सोमवार की सुबह करीब 11 बजे की है। वह अपने भाई कामरान और नौकर के साथ मुर्गी फार्म के बाहर बैठे थे। तभी अचानक मुर्गी फार्म में पीछे की तरफ से आग भड़क उठी। जिस वक्त आग लगी। उस समय तेज हवा भी चल रही थी। वह लोग जब तक मौके पर पहुंचते और आग बुझाने की कोशिश करते। इससे पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की उठ रहीं लपटें हवा के चल रहे तेज झोंकों के कारण काफी दूर तक जा रहीं थीं। यह देख उन्होंने शोर मचाया। शोर शराबा होने पर गांव बिनौरा के बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए, लेकिन आग की लपटों के आगे असहाय रहे। घटना की सूचना फायर बिग्रेड और पुलिस को दी गई। मौके पर फायर बिग्रेड के साथ मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। फायर बिग्रेड के कर्मचारियों ने जैसे-तैसे आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में दोनों मुर्गी फार्मो पर पल रहे 6 हजार चूजों की जिंदा जलकर मौत हो गई। इसके अलावा चूजों का दाना, तख्त आदि रखा सारा सामान भी जलकर राख के ढेर में बदल गया। मुर्गी फार्म स्वामी ने करीब 25 लाख रुपये की क्षति होने का अनुमान लगाया गया है। हल्का लेखपाल आदित्य मिश्र ने बताया कि चूजों का बीमा आदि होता है। इसलिए व्यक्तिगत नुकसान का आंकलन कर वह तहसील प्रशासन को इसकी रिपोर्ट सौंपेंगे।

### अगलगी में खड़े गेहूं सहित पराली पुआल जलकर राख

**अदलहाट, मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के घुरहुपुर गांव के सिवान में गेहूं की पराली से भूसा बनाते समय ट्रैक्टर से निकली चिंगारी ने अग्नि प्रज्वलित कर लगभग पचासों बीघे खेत की कुछ खड़ी फसल सहित हार्वेस्टर से कटे गेहूं की पराली खेतों में रखे गए धान के पुआल के ढ़ेर जलकर राख होने का समाचार प्राप्त हुआ है प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को घुरहुपुर गांव के पास किसानों की हार्वेस्टर से कटे गेहूं की अवशेष पराली से ट्रैक्टर व मशीन से भूसा बनाने का काम मध्यान में चल रहा था भीषण गर्मी व कड़ी धूप के चलते ट्रैक्टर से निकली चिंगारी से आग प्रज्वलित हो गई और देखते-देखते हवा के सहारे आग पूरे सिवान में फैल गई और कुछ खड़ी फसल अधिकांश पराली तथा खेतों में रखे कटने के लिए कुछ काश्तकारों के पुआल जलकर राख हो गया जलते जलते आग छुतिहार ग्राम के सिवान तक 1 किलोमीटर दूर पहुंच गई थी जहां छुतिहार ग्राम निवासी वीरेंद्र सिंह की एक बीघे गेहूं कड़ी खड़ी फसल जो कटाई के लिए बाकी थी पूरी तरह जल गई है इस अगलगी में घुरहुपुर निवासी किसान भूपेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, अरविंद, सच्चिदानंद ,मोहन, पखंडी यादव, अजय सिंह, उमेश सिंह तथा अलगू की लगभग पचासों बीघे गेहूं व पराली की नुकसानी बताई जाती है वहीं दूसरी ओर थाना क्षेत्र के भाईपुर खुर्द ग्राम में सोमवार को ही अज्ञात कारणों से लगभग 3:30 बजे लगी आग ने कुछ किसानों की गेहूं की खड़ी फसल तथा कुछ खेतों में मड़ाई के लिए रखें गेहूं के बोझ लगभग 10 बीघा खेत की फसल जलकर राख हो गई है ग्रामीणों ने पंप सेट चला कर बुझाने का प्रयास किया किंतु सूचना पर पहुंची अग्निशमन दल द्वारा पूर्ण रूप से आग पर काबू पाया गया पीड़ित किसानों में विनोद कुमार सिंह, बेचू बियार, निहोर गोड़, रामबली, शंभू , लक्कड़, महगुं, रविंद्र गोसाई, नन्दलाल बताए जाते हैं।


## खोया पाया

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम अजय अग्रवाल पुत्र जगदीश प्रसाद अग्रवाल निवासी 305 ड्रीम विला को ग्रीन निकट आरबीआई गोमती नगर लखनऊ उत्तर प्रदेश मेरा बैग कहीं गोमती नगर से जाते समय रास्ते में गिर गया है जिसमें एग्रीमेंट जिसकी तारीख 30 जनवरी 2017 और जिसका कस्टमरआईडी OMCL/257 इसके जारी करता ओमेक्स गर्वबिल्डटेक प्रा. लि. यह प्रपत्र जिस किसी व्यक्ति को प्राप्त हो वह कृपया ओमेक्स लिमिटेड साइबर टावर सेकंड फ्लोर TC-32/V2 विभूति खंड गोमती नगर लखनऊ को निम्न पते या नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें धन्यवाद।

खोयी हुई रसीद की बिवरण निम्नवत है ।

| संख्या | रसीद संख्या | तारीख- |
|---|---|---|
| 1 | 1391825 | 25/04/2017 |
| 2 | 1442944 | 06/06/2017 |
| 3 | 1602145 | 14/10/2017 |
| 4 | 1611274 | 08/12/2017 |
| 5 | 1613441 | 20/12/2017 |
| 6 | 1623568 | 12/02/2018 |
| 7 | 1628705 | 12/03/2018 |
| 8 | 1635857 | 19/04/2018 |
| 9 | 1646958 | 26/06/2018 |
| 10 | 1663039 | 21/09/2018 |
| 11 | 1670612 | 02/11/2018 |
| 12 | 17809488 | 06/07/2019 |
| 13 | 1730841 | 16/11/2019 |

संपर्क सूत्र- 9935092305

अजय अग्रवाल
305 ड्रीम विला एल्डिको ग्रीन्स
गोमतीनगर लखनऊ
मो.9415206340


## बेखौफ चोरों ने मिनी सचिवालय गोविंदपुर को तीसरी बार बनाया निशाना

● कम्प्यूटर कक्ष में लगी एलईडी हुई चोरी

स्वतंत्र प्रभात

**शिवगढ़,रायबरेली।** बेखौफ चोरों ने थाना क्षेत्र के मिनी सचिवालय गोविंदपुर में तीसरी बार चोरी की वारदात को अंजाम देकर शिवगढ़ पुलिस को खुली चुनौती दे दी है। बीती रविवार की रात चोरों ने मिनी सचिवालय गोविंदपुर के कम्प्यूटर कक्ष ताला तोड़कर एलईडी पार कर दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हर बार की तरह ग्राम प्रधान राजकुमार सिंह से तहरीर लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मिनी सचिवालय में लगातार तीसरी बार हुई चोरी की वारदात से गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है। गोविंदपुर प्रधान एवं प्रधान संघ संरक्षक राजकुमार सिंह ने कि बताया कि सोमवार को पंचायत सहायक मिनी सचिवालय का ताला खोलकर अन्दर गई तो कम्प्यूटर कक्ष का ताला टूटा था, कम्प्यूटर कक्ष में लगी एलईडी गायब थी जिसकी सूचना पंचायत सहायक ने उन्हें दी और उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर हमराहियों के साथ पहुंचे शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार पाल ने मौका मोइयना कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। ग्राम प्रधान राजकुमार सिंह ने बताया कि इससे पूर्व भी पंचायत भवन में 2 बार चोरी हो चुकी है। पहली बार में सोलर पैनल चोरी हुआ था, वहीं दूसरी बार में 2 बैट्रा, इनवर्टर, प्रिंटर, कैमरा सेटअप मशीन एवं कैमरे चोरी हुए थे पुलिस पिछ्ली चोरियों का खुलासा भी नहीं कर पाई थी कि बीती रविवार की रात बेखौफ चोरों मिनी




सचिवालय के कम्प्यूटर कक्ष में लगी एलईडी पार कर दी। राजकुमार सिंह ने बताया कि इससे पहले हुई चोरियों का खुलासा हुआ है या नहीं इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है और ना ही पुलिस ने उन्हें ऐसी कोई जानकारी दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार पाल ने बताया कि तहरीर मिली है जांच पड़ताल कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## कंपोजिट विद्यालय जमुरावां की प्रधानाचार्य अपनी कार्यशैली से एक बार फिर चर्चा में

स्वतंत्र प्रभात




**महराजगंज रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली जिले के कंपोजिट विद्यालय जमुरावां में शिक्षा विभाग के जिम्मेदार एक बार फिर से चर्चा में है। इस बार ऐसा कारनामा कर दिया, जिसकी चर्चा हर जगह हो रही है। आरोप है कि, महराजगंज क्षेत्र के जमुरावां में सरकारी स्कूल प्रबंधन ने छात्र के ट्रांसफर सर्टिफिकेट पर जो उत्तीर्ण तिथि अंकित की है, वह तारीख भविष्य में आएगी। यह तारीख है 30/03/2029 है। तो सवाल उठता है कि, जो वर्ष अभी आया ही नहीं, तो 30 मार्च 2029 को बच्चा आनंद कुमार पुत्र ओम प्रकाश कैसे उत्तीर्ण हो सकता है। आपको बता दें कि, अब जब यह मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा तो इसी विद्यालय के ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें प्रमुख रूप से ट्रांसफर सर्टिफिकेट बिना मोहर दस्तखत के जारी कर दिया गया, के अलावा 20 अप्रैल को (20 अप्रैला) लिख दिया गया। इन त्रुटियों को जानकर क्षेत्र के लोग शिक्षा विभाग (जमुरावां कंपोजिट विद्यालय के जिम्मेदारों) की जमकर आलोचना कर रहे है। मामला रायबरेली जिले के महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय जमुरावां का है। आठवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद जमुरावां निवासी ओमप्रकाश के पुत्र आनंद कुमार का ट्रांसफर सर्टिफिकेट विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा बनाया गया। इसमें उसकी उत्तीर्ण तिथि 30 मार्च 2029 लिखी गई, और तो और जाति में मौर्य की जगह मुराई शब्द लिखा गया है। हालांकि, विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा टी.सी. बनाने के लिए एक ऐसी तारीख चुनी जो कैलेंडर में 5 साल बाद आएगी।

इधर छात्र के ट्रांसफर सर्टिफिकेट पर गलत तारीख अंकित होने के बाद छात्र आनंद कुमार का 9वीं कक्षा में एडमिशन नहीं हो रहा है। इसी प्रकार कक्षा 8 के उत्तीर्ण छात्र आकाश तिवारी के ट्रांसफर सर्टिफिकेट पर भी 20 अप्रैल की जगह 20 अप्रैला सन् लिख गया है, के अलावा कक्षा 8 की ही उत्तीर्ण छात्रा कुमारी नेहा जायसवाल का भी ट्रांसफर सर्टिफिकेट बिना मोहर दस्तखत के ही जारी कर दिया गया है। मामले में खंड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने कहा कि, मामले की जानकारी मीडिया के माध्यम से हुई है। छात्रों के ट्रांसफर सर्टिफिकेट की दो प्रतियां बनती हैं, जिसकी एक प्रति छात्र अथवा अभिभावक को दे दी जाती है वहीं दूसरी प्रति विद्यालय में ही रहती है। छात्रों व अभिभावकों द्वारा शिकायत मिलने पर विद्यालय प्रधान शिक्षक से स्पष्टीकरण की मांग की जाएगी। उनके द्वारा स्पष्टीकरण दिए जाने के बाद मामले में कार्यवाही की जा सकेगी।

## आनंद अमित को मिला साहित्य संवर्धन संस्थान, जसरा का साहित्य सम्मान

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर ।** आनंद अमित को साहित्य संवर्धन संस्थान जसरा-प्रयागराज (रजि0) के तत्वावधान में आयोजित जसरा साहित्य महोत्सव 2024 में जी. आर. प्रजापति साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान मंचासीन मुख्य अतिथि ् डॉ0 शिव गोपाल मिश्र, प्रधानमंत्री विज्ञान परिषद प्रयाग, विशिष्ट अतिथि ् डॉ0 के0 बी0 पाण्डेय, अवकाश प्राप्त अध्यक्ष-लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश, डॉ0 एम0 गोविन्द राजन, हिन्दी तमिल विद्वान (चेन्नई एवं प्रयागराज), डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न, वरिष्ठ साहित्यकार एवं संरक्षक नई आवाज़% पत्रिका, डॉ0 शिवशंकर मिश्र, पूर्व विभागाध्यक्ष हिन्दी, जनता महा. अजीतमल, औरैया व अध्यक्षता कर रहे सन्त सत्यानन्द त्यागी, कबीर आश्रम, करमा-प्रयागराज और रामलखन प्रतापगढ़ी ने प्रदान किया। कार्यक्रम स्थल पर पुस्तक बिक्री स्टाल, वर्मी कम्पोस्ट प्रदर्शनी, कला प्रदर्शनी तथा मधुमक्खी पालन प्रदर्शनी भी लगाई गयी थी। कार्यक्रम का संचालन लखन प्रतापगढ़ी और शंकर लाल मंजूर ने संयुक्त रूप से किया।

आनंद अमित को यह सम्मान साहित्य के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए प्रदान किया गया। आनंद अमित मिर्ज़ापुर में सात वर्षों से कार्यरत हैं। इनकी पाँच पुस्तकें- 1.आनंद रस (काव्य संग्रह), 2. भोर के चिरई (भोजपुरी कविता संग्रह), 3. रेलवे फाटक (कहानी संग्रह) 4. गुलाब दूँ किसे-किसे (ग़ज़ल-संग्रह) 5. सुनकर मेरे गीत चले जाना (गीत-संग्रह) प्रकाशित हो चुकी हैं। इनकी रचनाएँ एक दर्जन से ज्यादा साझा संकलनों में संकलित हैं साथ ही कई पत्र-पत्रिकाओं में निरंतर प्रकाशित होती रहती हैं। इन्होंने कई पुस्तकों का सम्पादन किया है और भूमिकाएं भी लिखी हैं। आनंद अमित को मिर्जापुर के साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा, अधिदर्शक, डॉ रमाशंकर सिंह यादव, डॉ सुधा सिंह, नंदिनी वर्मा, अरविंद अवस्थी, शुभम श्रीवास्तव ओम, मुहिब मिर्जापुरी, हसन जौनपुरी, केदारनाथ सविता, डॉ अनुराधा ओस, अनिल यादव, इला जायसवाल, सारिका चौरसिया, अमरनाथ सिंह, आनंद केसरी, सृष्टि राज, पूजा यादव और समाजसेवी संतोषी निषाद आदि ने बधाई दी है।

# समाजसेवी पूर्व सैनिक एके दीक्षित बने राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के संरक्षक

स्वतंत्र प्रभात



**नवाबगंज (उन्नाव)।** पूर्व सैनिक संयुक्त संगठन उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले की मासिक बैठक के दौरान राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के संस्थापक/अध्यक्ष अंकित शुक्ला द्वारा समाजसेवी पूर्व सैनिक एके दीक्षित को सेवा परिषद के संरक्षक पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर संगठन के उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों ने संगठन के संस्थापक व प्रदेश अध्यक्ष वेटरन एके दीक्षित को इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए संगठन परिवार की तरफ से हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित किया। पूर्व सैनिक संगठन के अलावा कई सामाजिक संस्था की जिम्मेदारी निभा रहे समाजसेवी पूर्व सैनिक एके दीक्षित ने कहा कि यह नई सामाजिक जिम्मेदारी हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है, जिसे हम अपनी पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ निस्वार्थ भाव से निभाने की कोशिश करेंगे क्योंकि राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद हमेशा समाज हित और समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहा है, जिसमें निर्धन परिवार की बेटियो की शादी के लिए भी प्रयासरत है। इस प्रकार के पावन और पुनीत संस्था से जुड़कर अपने आपको सौभाग्यशाली समझता हूं। इसके साथ ही राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के संस्थापक वा अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने कहा कि संस्था में माननीय संरक्षक के शामिल होने पर जहां एक तरफसंस्था को मजबूती और मार्गदर्शन मिलेगा, साथ ही अपने लक्ष्य की प्राप्ति करेगी संस्था में बड़े बड़े अफ्सर भी शामिल है।

## जल्द होगा गदनखेड़ा चौराहे का चौड़ीकरण व सुंदरीकरण

● - फिलहाल जारी है विभागीय सर्वे

● -सर्वे के बाद भेजा जाएगा प्रस्ताव

**उन्नाव।** शहर के अलावा नेशनल हाइवे लखनऊ-कानपुर के यातायात को आवागमन की सुविधा देने वाले गदनखेड़ा चौराहे का पीडब्ल्यूडी चौड़ीकरण के साथ सुंदरीकरण भी करवाएगा। मौजूदा समय यहां फ्लाईओवर निर्माणाधीन है। जिसके नीचे से 20 मीटर का क्षेत्र वाहनों के संबंधित मार्ग पर आवागमन के लिए रखा गया है। इस क्षेत्र के अलावा सड़क के दोनों ओर चौड़ीकरण करवाए जाने का प्लान तैयार किया जा रहा है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग का निर्माण खंड प्रथम चौराहे पर कराये जाने वाले का क्षेत्रफल, खर्च होने वाला धन कौन कौन से काम हो सकते हैं इन बातों को जानने के लिए सर्वे करवा रहा है। नेशनल हाइवे लखनऊ-कानपुर दही तिराहे के अलावा गदन खेड़ा चौराहा पर आए दिन बड़ा जाम देखने को मिलता है। जिसे देखते हुए डीएम गौरांग राठी ने एक माह पहले दोनों चौराहों की स्थलीय स्थिति देखी थी। इस निरीक्षण के दौरान एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी भी शामिल थे। निरीक्षण के बाद दही तिराहे पर एनएच की चारों साइड पर 50-50 मीटर तक सर्विस रोड का चौड़ीकरण पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड से करवाया गया है। हालांकि इस चौराहे पर पुरवा की ओर लखनऊ के भारी वाहनों का डायवर्जन होने से जाम में कुछ खास राहत नहीं हुई है। गदन खेड़ा चौराहे का चौड़ीकरण कराया जाना अभी शेष है। पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड प्रथम के एक्सईएन सुबोध कुमार ने बताया कि हाल ही में शासन से हुई वीडियो कांफ्रेंसिंग में निर्देश दिए गए हैं कि गदन खेड़ा चौराहे का सर्वे कराएं और प्रस्ताव भेजें। बताया कि चुनाव बाद इस चौराहे पर चौड़ीकरण व सुंदरीकरण दोनों ही काम करवाए जाएंगे। प्रस्ताव में चौराहे का चौड़ीकरण व सुंदरीकरण दोनों कामों का बजट मांगा जाएगा।

# डीएम की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक हुई आयोजित

स्वतंत्र प्रभात




**संतकबीरनगर।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद के विभिन्न प्रभारी अधिकारियों/सहायक प्रभारी अधिकारियों को आवंटित किये गये कार्यो का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण एवं आवंटित कार्यो को निष्पादित किये जाने के संबंध में विस्तृत समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश एवं मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक संत कुमार अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह उपस्थित रहे। बैठक में जिला मजिस्ट्रेट ने मुख्य विकास अधिकारी सहित सभी प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों को आवंटित कार्यो के सापेक्ष एक-एक कर अबतक की गयी तैयारियों एवं आगे किये जाने वाले कार्यो/जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए विभिन्न बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक को कार्मिको का डाटावेस तैयार कराने मतदान/मतगणना कार्मिकों की नियुक्ति कर मतदान पार्टी का गठन कराने तथा समस्त कार्मिकों, जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं माईक्रो आबर्जवर की नियुक्ति करने तथा प्रशिक्षण कराने से सम्बंधित आवंटित कार्यो को समयबद्ध रूप से सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रभारी अधिकारी ई0वी0एम0/अधिशाषी अभियन्ता नलकूप खण्ड को ई0बी0एम0 मशीनों की एफ0एल0सी0/जांच कराने एवं रेण्डमाइजेशन कराने, ई0बी0एम0 मशीनों के संचालन के संबंध में कार्मिकों को प्रशिक्षण देने, मशीनों का रख रखाव सहित ई0बी0एम0 से सम्बंधित समस्त सूचनाओं का समय-समय पर प्रेषण एवं मैनेजमेन्ट से सम्बंधित निर्देश दिये गये। बैठक में अपर उप जिलाधिकारी रमेश चन्द्र को वाहन एवं ईंधन सम्बंधी कार्य सहित पोलिंग पार्टी हेतु रूट चार्ट तैयार कराना। लेखन सामग्री/प्रपत्रों की छपाई, सामग्री पैकेटिंग तथा वितरण व्यवस्था से सम्बंधित कार्य बदोबस्त अधिकारी चकबन्दी को सौपा गया है। मतपत्र, डाक मतपत्र/सर्विस मतदाताओं का आदान प्रदान करने सम्बंधित कार्य तथा ई-पोस्टल बैलेट का कार्य डीसी एन0आर0एल0एम0 जीशान रिजवी द्वारा सम्पादित किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षण द्वारा नियंत्रण कक्ष का संचालन सहित समाधान पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण कराना तथा कन्ट्रोल रूम से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण कराया जाएगा। वरिष्ठ कोषाधिकारी को निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण से सम्बंधित समस्त प्रकार के टीमों का गठन मा0 प्रेक्षक निर्वाचन व्यय एवं लेखा के निर्देशन/नियंत्रण में कार्यो की सम्परीक्षा करना, मतदान कार्मिकों का अग्रिम यात्रा भत्ता का वितरण कराना तथा निर्वाचन ड्यूटी मानदेय वितरण व्यवस्था सुनिश्चित कराया जाना है। इसी प्रकार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने हेतु अलग-अलग कार्यो हेतु सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को नोडल बनाते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कार्य विशेष को सम्पन्न कराने हेतु जिम्मेदारी तय की गयी है, जिसमें जिला पूर्ति अधिकारी नामांकन तथा मतदान/मतगणना काार्मिकों के प्रशिक्षण/बैठक आदि में नास्ता आदि की व्यवस्था कराना। उप जिलाधिकारी न्यायिक मेंहदावल संजीव राय को टेन्ट फर्नीचर, कुर्सी, मेज, प्रकाश, विद्युत तथा लाउडस्पीकर एवं बैरिकेटिंग आदि की व्यवस्था का प्रभारी बनाया गया है। अपर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी शिव कुमार पाण्डेय को नामांकन से लेकर मतगणना तक के सूचना का आदान प्रदान सम्बंधित समस्त कार्यो का उत्तरदायित्व सौपा गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सहित अन्य सम्बंधित कार्यो का प्रभारी बनाया गया है। जनपद में आदर्श आचार संहिता/कानून व्यवस्था से सम्बंधित कार्यो का अनुपालन कराने एवं एम0सी0सी0 क्रिटिकली एवं बल्ननेबिलिटी मैपिंग सम्बंधित कार्यो को सम्पन्न कराने हेतु अपर जिलाधिकारी (वि/रा) व अपर पुलिस अधीक्षक को नोडल/प्रभारी बनाया गया है। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदर्श आचार सहिंता के उल्लंघन के प्रकरणों का स्वतः संज्ञान लेते हुए प्राप्त शिकायतों की जांच कर त्वरित कार्यवाही करने, भारत निर्वाचन आयोग/मुख्य निर्वाचन अधिकारी व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों/सुझावों पर कार्यवाही कर आख्या भेजने एवं आदर्श आचार संहिता से सम्बंधित सभी निर्देशों का पालन कराने हेतु निर्देशित किया है। इसी प्रकार जिला विकास अधिकारी को नामांकन से मतदान प्रक्रिया तथा मतगणना तक वीडियोग्राफी/फोटोग्राफी, सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था वेव कास्टिंग तथा जीपीएस आदि से सम्बंधित समस्त कार्यो का प्रभारी बनाया गया है। स्वीप योजनान्तर्गत मतदाताओं को जागरूक करना तथा ई0एल0सी0 का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार कराने का कार्य मुख्य विकास अधिकारी को सौपा गया है। डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेन्ट प्लान/कम्यूनिकेशन प्लान एवं एस0एम0एस0 अनुश्रवण का कार्य अपर उप जिलाधिकारी रमेश चन्द्र को तथा स्ट्रांग रूम बनवाने सम्बंधित समस्त कार्यो का उत्तरदायित्व अधिशाषी अभियन्ता लो0नि0वि0 को सौपा गया है। परियोजना निदेशक को सोशल मीडिया/मीडिया से सम्पर्क रखन/पेड न्यूज तथा एम0सी0एम0सी0 कमेटी के समस्त कार्यो का नोडल बनाया गया है। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को कम्प्यूटराईजेशन/भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त मोबाइल एप/विभिन्न प्रकार के साफ्टवेयर के संबंध में सम्बंधितों को प्रशिक्षण/जानकारी उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी दी गयी है। उप जिलाधिकारी संजीव कुमार राय को मतदाता पर्ची का मुद्रण एवं वितरण के साथ-साथ मतदाता सूची की वर्किंग कापी तैयार कराने की जिम्मेदारी दी गयी है। एस0डी0ओ0 (फोन्स) बी0एस0एन0एल0 को दूर संचार आदि की व्यवस्था सुनिश्चित रखने, जिला आबकारी अधिकारी को प्रेक्षक व्यवस्था, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका खलीलाबाद को साफ-सफाई व्यवस्था तथा जिला दिव्यांगजन सशिक्तकरण अधिकारी को समस्त दिव्यांग मतदाताओं से सम्बंधित समस्त कार्यो का गुणवत्तापूर्ण निष्पादन करने के साथ-साथ दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी सौपी गयी है। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में समस्त नोडल/प्रभारी अधिकारियों एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों को पूरी तन्मयता एवं संवेदशनशीलता के साथ निर्वाचनल डयूटी एवं निर्धारित कार्यो को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर उप जिलाधिकारी रमेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी सदर शैलेश कुमार दूबे, उप जिलाधिकारी धनघटा उत्कर्ष श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी मेंहदावल अरूण वर्मा, उप जिलाधिकारी डा0 सुनील कुमार, उप जिलाधिकारी संजीव राय, पुलिस क्षेत्राधिकारी ब्रजेश सिंह, जिला विकास अधिकारी सुरेश चन्द्र केसरवानी, डी0सी0 मनरेगा प्रभात द्विवेदी, डीसी एन0आर0एल0एम0 जीशान रिजवी, ए0आर0टी0ओ0 प्रियवंदा सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी वैभव कुमार, जिला कृषि अधिकारी पी0सी0 विश्वकर्मा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी चन्द्रशेखर यादव, जिला आबकारी अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव, अधिशाषी अभियन्ता पी0डब्लू0डी0, अधिशाषी अभियान्ता नलकूप लालचन्द, जिला विद्यालय निरीक्षक संदीप चौधरी, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव शुक्ल, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित निर्वाचन कार्य से सम्बंधित समस्त प्रभारी/सहायक प्रभारी अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## आलमगीर बने समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष



**संतकबीरनगर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की स्वीकृति से जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक अब्दुल कलाम के द्वारा शनिवार को मगहर कस्बे के काजीपुर, तकिया बाजार निवासी आलमगीर अंसारी पुत्र स्वर्गीय अब्दुल वली को समाजवादी पार्टी संतकबीर नगर की जिला कमेटी में नगर पंचायत मगहर का नगर अध्यक्ष नामित किया है। उनके मनोयन पर जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक अब्दुल कलाम ने कहा कि आलमगीर के नगर पंचायत मगहर का नगर अध्यक्ष बनने से समाजवादी पार्टी को मजबूती मिलेगी। संगठन मजबूत होगा। नवनियुक नगर अध्यक्ष आलमगीर संसारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि समाजवादी पार्टी ने जो उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है उसे हर सम्भव आगे बढ़ाने, संगठन को मजबूती प्रदान करने का हरसम्भव प्रयास करता रहूंगा। समाजवादी पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर इसकी सदस्यता ग्रहण की है। उनके मनोनयन पर हाफिजुल्लाह अंसारी, परवेज कौसर, रिजवान अंसारी, आलमगीर पान वाले, हाजी मोहम्मद आजम, हाजी अब्दुल रशीद अंसारी, ओबैदुल्लाह, सेराज अंसारी आदि ने खुशी जाहिर करते हुये बधाई दी है।

## प्राणघातक हमला करने के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ब्रजेश सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली खलीलाबाद के वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश कुमार दूबे ने वांछित अभियुक्त इरफान पुत्र समसुद्दीन निवासी माली टोला खलीलाबाद थाना कोतवाली खलीलाबाद को एक अदद छोटा फोल्डिंग चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि उक्त अभियुक्त द्वारा बीते 30 जनवरी को लाल मैरेज हाल के पास मोहल्ला मोतीनगर में खाली पड़े प्लाट में गुल्ली डण्डा खेल रहे थे। उसी समय दीपक पुत्र रामवृक्ष गुप्ता निवासी काशीराम आवास थाना कोतवाली खलीलाबाद व दीपक पुत्र मनोज कुमार निवासी गोला बाजार थाना कोतवाली खलीलाबाद मौके पर पहुंचा तथा गुल्ली डण्डा खेलने के लिये बात करने लगे तथा आपस में कहा सुनी व लड़ाई झगड़ा करने लगा। विवाद के दौरान अभियुक्त द्वारा दीपक गुप्ता व उसके साथी दीपक ठठेरा को मार पीट कर घायल कर दिये।

उक्त घटना के सम्बंध में थाना स्थानीय थाने पर धारा 307,504,506,323 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 31 जनवरी को ,मो0 हुजैफा पुत्र इश्तियाक अहमद उर्फ बबलू निवासी पठान टोला थाना कोतवाली खलीलाबाद, शाहिद पुत्र मो0 यहिया निवासी मुखलिस पुर चौराहा थाना कोतवाली खलीलाबाद, मो0 फैसल पुत्र रईश अहमद खां निवासी पठान टोला थाना कोतवाली खलीलाबाद , मो0 वकील पुत्र मो0 नसीम निवासी बरदहिया बाजार मस्जिद थाना कोतवाली खलीलाबाद को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया था। लेकिन इरफान पुत्र समसुद्दीन निवासी माली टोला मौके से फरार हो गया था। जिसे सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार करने वालो में वरिष्ठ दरोगा राजेश कुमार दूबे, दीवान गनेश सोनकर, सिपाही पंकज विश्वकर्मा की भूमिका सराहनीय रही।

# विद्यालय में वार्षिकोत्सव 'अंकुरम' का हुआ आयोजन

● - विद्यालय हित में करूंगा पूरा सहयोग-विधायक महेन्द्र नाथ यादव

स्वतंत्र प्रभात




**बस्ती।** गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी बस्ती जिले के पाण्डेय बाजार डुमरियागंज रोड स्थित डी0 एन0 कॉन्वेंट स्कूल के फाउंडर एवं डायरेक्टर सी0 एल0 यादव और एडिशनल ज्वाइंट डायरेक्टर अवनीश यादव के कुशल नेतृत्व में विद्यालय में वार्षिकोत्सव 'अंकुरम' का आयोजन किया गया। जिसमें जिले की कई नामचीन हस्तियों ने शिरकत किया। कार्यक्रम का आगाज विशिष्ट अतिथि संत कबीर इंटर कॉलेज मगहर के पूर्व प्रवक्ता एवं पूर्व सदस्य किशोर न्याय बोर्ड जनपद संत कबीर नगर राम शंकर यादव ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से किया है। बस्ती के सदर विधायक महेन्द्र नाथ यादव भी उपस्थित रहे। बतौर मुख्य अतिथि विधायक जी ने अपने शब्दों से बच्चों को अग्रिम भविष्य में सफलता के नये - नये मंत्र दिए। विधायक जी ने मेन रोड से स्कूल गेट तक आने वाली सड़क को बनवाने का आश्वासन दिया तथा विद्यालय के विकास में आवश्यक निधि का भी पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर रुधौली विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल जी ने अपना बहुमूल्य समय दिया एवं अपने शब्दों से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। वार्षिकोत्सव 'अंकुरम' को सफल बनाने में अन्य सम्मानित अतिथियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस मौके पर श्रवण कुमार पाण्डेय, चंद्रजीत यादव, रणजीत यादव, धीरेन्द्र यादव, रघुनन्दन साहू, बलराम यादव, किशोरी लाल, ताड़कनाथ जायसवाल, अनिल यादव, चंद्रा फिलिंग स्टेशन के मालिक मुकेश राव, डॉ0 एम0 के0 शुक्ला, चन्दन गुप्ता जी के साथ साथ जिले के अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन में विद्यालय के समस्त मेधावी छात्रों और कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।

### नफर वारण्टी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक के द्वारा चलाये जा रहे वांछित वारण्टी गिरफ्तारी अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी धनघटा महोदय के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक महुली श्री सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में दरोगा अरविन्द कुमार सिंह मय हमराह सिपाही सत्येन्द्र यादव के एक नफर वारण्टी सम्बन्धित धारा 323/324/307/504/506 भादवि बनाम रमेश से सम्बन्धित अभियुक्त रमेश पुत्र रुपई साकिन जोगाराजा थाना महुली को सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय/जेल रवाना किया गया।

# मनुष्य का जीवन पुण्य का परिणाम- अमर नाथ रामायणी

स्वतंत्र प्रभात



**संतकबीरनगर।** धनघटा विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत विकास खण्ड पौली के ग्राम पंचायत बघौड़ा में मॉ दुर्गा प्राण प्रतिष्ठात्मक श्री शत् चण्डी महायश्र एवं श्री राम कथा के 6वे दिन कथा में पहुॅचे उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष समाज सेवी भारत गौरव रत्न श्री सम्मान डा. जय प्रकाश शर्मा व पौली ब्लाक प्रमुख व प्रमुख संघ जिलाध्यक्ष राम मिलन यादव ने कथा वाचक अमर नाथ रामायणी जी महाराज का माल्यापर्ण करते हुए आर्शीवाद लिया। कथा वाचक अमर नाथ रामायणी ने कहा कि मनुष्य का जीवन पुण्य का परिणाम है। पुण्य के परिणाम से मानव जीवन प्राप्त हुआ। जिसका जितना पुण्य है उसको प्रभु से उतनी ही कृपा की प्राप्ति हुई है। मनुष्य के जीवन में जितना पुण्य संग्रह होगा उतना उसका चरित्र बलवान होगा। उन्होंने कहा कि जब जब संसार में अत्याचार और सनातन धर्म पर प्रहार होता है तब तब भगवान किसी न किसी रूप में आकर धर्म को बचाते हैं। डा. जय प्रकाश शर्मा ने कहा कि श्री राम कथा सुनने से ही मन को शांति मिलती है। आत्मा की शुद्धि के लिए भगवान का नाम लेना आवश्यक है। जो व्यक्ति भगवान का नाम नहीं लेते हैं, उनके मन को सुख और शांति नहीं मिलती है। श्री शर्मा ने कहा कि श्री राम कथा सुनने से जहॉ मन को शांति मिलती है वही जीवन सफल होता है इस प्रभु के बताये मार्ग का सभी को अनुशरण करना चाहिए। क्योकि प्रभु की भक्ति से मुक्ति मिलती है। इस अवसर पर विरेन्दर यादव, अनिल अग्रहरी, जितेन्दर यादव, ग्राम प्रधान महेन्दर यादव, राहुल, रमेश, विरेन्द्र, राजेन्द्र, गिरजेश, हरिराम, दिलीप, सूरज, निरज, हरेन्द्र, जगदीश, सुनिल, शिवम, रामधीरज समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से कई बीघा जमीन हुई जलकर खाक

**बीघापुर (उन्नाव)।** तहसील बीघापुर के अंतर्गत सरायमनिहार में संदिग्ध परिस्थितियों में खड़ी गेहूं की फसल पर आग लग गयी। आग इतनी तेज से लगी थी कि सरायमनिहार से लगी हुई आग ताजकपुर गाँव की तरफतेजी से बढ़ने लगी। जिससे किसानों की कई बीघा गेहूँ की फसल बर्बाद हो गयी हैं। लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस प्रशासन और तहसील प्रशासन को जानकारी दी गई। जिससे तहसील से लेखपाल मौके पर पहुंच कर जाँच की गयी तो उन्होंने बताया कि 7.5 बिस्वा शिवमंगल पाल रिसालखेड़ा निवासी की गेहूं की खड़ी फसल जल कर राख हो गयी हैं। अगर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर न पहुँचती तो कई बीघा गेहूँ की खड़ी फसल किसानों की जल जाती।

## समरसता दिवस का हुआ आयोजन

**उन्नाव।** संस्कार भारती उन्नाव के तत्वाधान में नव संवत्सर 2081 व समरसता दिवस गणेश मंडपम में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ए के दीक्षित पूर्व विभागाध्यक्ष महाविद्यालय, विशिष्ट अतिथि एम एल सी पवन सिंह, तथा शब्द गंगा संस्था के विनय शंकर दीक्षित के द्वारा अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। ओज के कवि अतुल बाजपेई लखनऊ, शशि रंजन अग्निहोत्री, हेमा पांडेय लखनऊ ने किया। मंच का संचालन प्रमोद मिश्रा व विनय शंकर दीक्षित ने किया। जिसमें महेंद्र शंकर त्रिपाठी, रामदेव शुक्ल, डॉक्टर संजीव सिंह, श्री राम बाजपेई, अरुण कुमार दीक्षित आदि उपस्थित रहे। संस्कार भारती के महामंत्री सियाराम पांडे ने आभार व्यापित किया।

## अनियंत्रित वाहन की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत

**बीघापुर (उन्नाव)।** अनियंत्रित वाहन की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत उन्नाव से लालगंज नेशनल हाईवे में पोरई मोड़ के पास ग्राम बखत खेड़ा थाना खीरों जिला रायबरेली निवासी होरीलाल लोधी पुत्र भीखू आयु लगभग 44 वर्ष अपने रिश्तेदारी ग्राम खेसुवा से सोमवार को भोरपहर ट्रेन पकड़ने हेतु पैदल रेलवे स्टेशन तकिया जा रहा था। जैसे ही वह नेशनल हाईवे पोरई मोड़ के पास नेशनल हाईवे पर चढ़ा वैसे ही उन्नाव की तरफसे तेज रफ्तार अनियंत्रित दुग्ध वाहन की चपेट में आ गया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। आवाज सुनकर वहां पर आस पास रह रहें कुछ लोग आकर के घायल को मात्र 200 मीटर दूरी पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही पुलिस ने सूचना पर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक होरीलाल के दो पुत्र आलोक व आशुमान है। वही दो पुत्रियां पूजा व रचना है जिसमें एक पुत्री पूजा का विवाह हो गया है। मृतक की पत्नी रूपा है जब घर वालों को इसकी सूचना मिली घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## मगहर क्षेत्र में रहस्यमय हालात में एक शव बरामद दूसरा गंभीर

**संतकबीरनगर।** पुलिस चौकी मगहर क्षेत्र के नेशनल हाइबे खलीलाबाद-गोरखपुर मार्ग पर आमी नदी पुल के पश्चिम सड़क के निचे एक पैतालिस वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल था। बताया जाता है कि यात्रियो की सूचना पर मौके पर पहुॅची पुलिस ने घायल भरत कुशवाहा पुत्र किशोर कुशवाहा निवासी जाबरा मुलई थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर को जिलाअस्पताल ले जाया गया। डाक्टरो ने हालत गंभीर देख गोरखपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया जहा घायल व्यक्ति जिंदगी और मौत की बीच जूझ रहा है। जबकि 45 वर्षीय मृतक कयामूद्दीन अंसारी पुत्र अलीअंसारी निवासी तरूवनवा थाना चौड़ाखाट जिला कुशीनगर के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लोगो में दबी जुबान से चर्चा है कि बरदहिया बाजार से मृतक व घायल बाजार कर घर जा रहे थे रास्ते में घटना कैसे घटी यह जॉच का विषय है। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश दूबे ने बताया कि कि मृतक व घायल के परिजनो को घटना की सूचना दे दी गई।

## कांटे चौकी प्रभारी ने 1100 ग्राम नेपाली गांजा के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी व क्रय/विक्रय की रोकथाम हेतू चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ब्रजेश सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद रामकृपाल सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व भ्रमण क्षेत्र के दौरान अभियुक्त रामजनक तिवारी पुत्र स्व0 बदरी तिवारी निवासी पैलीखास थाना कोतवाली खलीलाबाद को प्रा0 विद्यालय सरौली चहरुम नहर के पास से 1100 ग्राम अवैध गांजा के साथ सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों-निर्देशों का अक्षरः पालन करते हुए धारा 8/20 एनडीपीएस एक्त के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय/रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वालो में चौकी प्रभारी कांटे राकेश कुमार, दीवान दीनानाथ राजभर, सिपाही सत्यप्रकाश की भुमिका सराहनीय रही।

## 18 गत्ते अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ब्रजेश सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अवैध शराब निष्कर्षण, बिक्री के खिलाफ कोतवाली प्रभारी आर के सिंह के निर्देशन पर चौकी बरदहिया प्रभारी पवन कुमार ने मुखवीर की सूचना पर 18 गत्ते में ले जा रहे शराब को पकड़ा इस कार्यवाही में पुलिस ने दो व्यक्तियों, इंद्रजीत पुत्र मेवालाल निवासी भुजैनी, पुलिस चौकी कांटे थाना कोतवाली खलीलाबाद, जितेंद्र भारती पुत्र रघुनाथ भारती निवासी दुबौलिया बाजार थाना दुबौलिया जनपद बस्ती को 18 गत्ते में 788 नग (प्रति नग 200मिली, कुल 157.6 ली0) बंटी बबली टेट्रा पैक शराब के साथ गिरफ्तार करते हुए थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 313/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार करने वालो में चौकी इचांर्ज पवन कुमार, दीवान गणेश प्रसाद, सिपाही अरविंद तिवारी, रंजन राजभर, संजीव यादव की भूमिका सराहनीय रही।

## गुण्डा एक्ट में वांछित व जिला बदर अपराधियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में जनपद में एनबीडव्ल्यू, वांछित, जिला बदर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मेंहदावल राघवेन्द्र सिंह राठौर के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना बेलहरकला सरोज शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर 10 गुण्डा एक्ट में वांछित व जिलाबदर घोषित किए गये अभियुक्त सलाम पुत्र याकूब निवासी अमथरी थाना बेलहरकला को जनपदीय सीमा के अन्तर्गत उसके घर से जिलाबदर अवधि का उल्लंघन करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय/जेल भेज दिया गया। उक्त गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 96/2024 धारा 10 उ0प्र0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 पंजीकृत किया गया। विदित हो कि उक्त अभियुक्त को जिला प्रशासन द्वारा छः माह की अवधि के लिए जनपद सन्तकबीरनगर से जिलाबदर का आदेश दिया गया था। अभियुक्त को इस आदेश का तामिला भी आदेशोपरान्त करवा दिया गया था, उसके उपरान्त भी अभियुक्त जनपद की सीमा में लुक छिप कर निवास कर रहा था। जिलाबदर आदेश के उल्लंघन के क्रम में थाना बेलहकला पुलिस द्वारा उक्त अभियुक्त को सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय/जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वालो में दरोगा रमेश कुमार यादव, दीवान राजीव यादव की भुमिका सराहनीय रही।

# संक्षिप्त ख़बरें

### .भाजपा नेता के खिलाफ धोखाधड़ी, दस लाख रंगदारी मांगने और एससी एसटी में मुकदमा दर्ज,

**बरेली।** सिविल लाइंस के रहने वाले भाजपा नेता ने अपनी ही पार्टी के एक कार्यकर्ता को चूना लगा दिया। उसके 18 लाख रुपये हड़प लिए। भाजपा नेता के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी रुपये हड़पने और 10 लाख की रंगदारी मांगने के आरोप में कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

**मुकदमा के अरूपी मोहित तिवारी**

18 लाख में सिविल लाइंस की दुकान का बैनामा कराया था बैनामा सुभाषनगर में नेकपुर बदायूं रोड के रहने वाले भाजपा कार्यकर्ता भारतेंदु सिंह सोनकर ने भाजपा के कालीबाड़ी के मंडल अध्यक्ष मोहित तिवारी से उनके घर के नीचे की दुकान 24.98 वर्ग गज का 18 लाख में 16 मार्च 2023 को सौदा किया था। इसके बाद उसका बैनामा कराया था। बाद में दुकान पर कब्जा ले लिया।

### धौरहरा में इस बार परिवर्तन का चुनाव है - आनंद भदौरिया

#### सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने चुनावी नुक्कड़ सभा कर कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**मोहम्मदी खीरी–** बीते दिन शनिवार को धौरहरा लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा मोहम्मदी के कई ग्राम सभाओं सहित नगर पंचायत बरवर में चुनावी नुक्कड़ सभा कर कार्यकर्ताओं में जोश भर आगामी होने बाले लोकसभा चुनाव में सपा इंडिया गठबंधन को भरपूर समर्थन देने कि अपील की इसी दौरान चुनाव नुक्कड़ सभा में आनंद भदौरिया ने मौजूदा केंद्र व प्रदेश सरकार पर तंज कसते हुआ कहा कि भाजपा सरकार में देश की जनता महंगाई से परेशान हैं महंगाई के कारण जनता त्राहि-त्राहि कर रही है किसान अपने को परेशान हैं रात दिन खेतों की रखवाली कर रहे हैं नौजवान बेरोजगार घूम रहे हैं छात्र परेशान हैं बड़ी बड़ी परिक्षाओं के पेपर लीक हो जाते हैं पहले गैस सिलेंडर 400 500 रूपये में मिलता था आज गैस सिलेंडर आज सिलेंडर के दाम आसमान छू रहे हैं किसानों को खाद पहले कितने कम रेट में मिलती था आज खाद के दाम आसमान छू रहे हैं डीजल पेट्रोल के रेट में महंगाई अपने चर्म सीमा पार कर चुकी है मौजूदा वक्त में परेशान जनता के बीच त्राहि-त्राहि मची हुई है इंडिया गठबंधन की सरकार बनते महंगाई से भारत की जनता को निजात मिलेगी बेरोजगारी दूर होगी नौजवानों को रोजगार मिलेगा किसानों को उनकी फसलों का अच्छा रेट मिलेगा सरकार बनते ही किसानों का कर्ज माफ होगा चुनावी नुक्कड़ सभा के दौरान सपा नेता डाक्टर ज़ुबैर ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा इस बार सब लोग आपसी गिले सिकवे भुला कर सब लोग सपा व इंडिया गठबंधन प्रत्याशी आनंद भदौरिया को अपना समर्थन दे जिससे हमारे क्षेत्र के मुद्दों की बात देश की सबसे बड़ी पंचायत में हमारे क्षेत्र के विकास की बात बेबाकी से रख सके इस दौरान सपा नेता कार्तिक तिवारी व क्रांति कुमार अली शाहबाज तौफीक खां ने भी नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए मौजूदा सरकारों पर तंज कस कर सपा गठबंधन प्रत्याशी आनंद भदौरिया को समर्थन देने की अपील की नुक्कड़ सभा का संचालन सपा नगर अध्यक्ष अब्दुल मुईद खां ने किया इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सुरेश पाल यादव ब्लाक अध्यक्ष पसगवां प्रवीण पटेल प्रदेश सचिव दानिश अब्दुल्ला अकरम सिद्दीकी माधुर्य सिंह मधुर सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### जिला विद्यालय निरीक्षक लखीमपुर खीरी ने मनाई अंबेडकर जयंती।

### उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा बताये गये मार्ग पर चलने का ली सपथ।

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की चित्र पर पुष्पांजलि कर डॉ भीमराव अंबेडकर के आदर्श पर चलने के लिए आह्वान किया। 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के उपलक्ष मे लखीमपुर स्थित आफिस मे अपने सभी स्टाफ के सहित जिला विद्यालय निरीक्षक डाक्टर महेंद्र प्रताप सिंह ने डां भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा बताये हुये मार्ग पर चलने के लिये सपथ ली। इस दौरान उन्होंन ने उनकी जीवनसैली पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## भाजपा पर बरसीं बसपा सुप्रीमो मायावती, कहा- अब गारंटी काम में आने वाली नहीं




**स्वतंत्र प्रभात**

**बीसलपुर** में सोमवार को चुनावी सभा में बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सपा, कांग्रेस और भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तरह ही भाजपा ने भी केंद्र की सारी जांच एजेंसियों का राजनीतिकरण कर दिया है। पीलीभीत के बीसलपुर में गन्ना मिल के सामने मैदान में सोमवार को चुनावी सभा में बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सपा, कांग्रेस और भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तरह ही भाजपा ने भी केंद्र की सारी जांच एजेंसियों का राजनीतिकरण कर दिया है। यूपी में हमारी पार्टी ने इनके सबके हितों का ध्यान रखा है। किसानों के हित का ध्यान रखा। पीलीभीत शाहजहांपुर में काफ़ी संख्या में किसान हैं। भाजपा सरकार में किसान परेशान हैं। सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान आए दिन आंदोलित रहता है। उन्होंने कहा कि बसपा ने किसानों के हितों का विशेष ध्यान रखा है।

सुप्रीमो ने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार की तरह ही भाजपा जातिवादी, संप्रदाय और पूंजीवादी सोच से दलित, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों का विकास नहीं हुआ। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इस बार इनकी जुमलेबाजी और नाटकबाजी नहीं चल रही है। अब गारंटी भी काम में आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की जनता की इस बात को समझ चुकी है कि इनकी पार्टी ने गरीबों, कमजोर तबकों, मध्यम वर्गों व अन्य मेहनतकश को अच्छे दिन के वायदे किए थे। हवा हवाई कागजी गारंटी भी दी है, लेकिन इन्होंने जमीनी स्तर पर एक चौथाई काम भी पूरा नहीं किया।

बहिन जी ने कहा कि पूर्व की सरकारों की तरह ही भाजपा सरकार में गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई बढ़ रही है। देश में हर स्तर पर फैला भ्रष्टाचार कम नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि देश की सीमाएं भी पूरी तरह से सुरक्षित नहीं हैं। विरोधी दल साम, दाम दंड से केंद्र की सत्ता में आने की कोशिश में लगे हैं, इनसे सावधान रहने की जरूरत है। खासकर मीडिया ओपिनियन पोल से भी सावधान रहना है। उन्होंने कहा कि धर्म की आड़ में जुल्म ज्यादती भी बढ़ी है।

## 90 क्विंटल से अधिक है उपज तो घर आकर टीम करेगी खरीद



**स्वतंत्र प्रभात**

**पीलीभीत।** शत प्रतिशत गेहूं की खरीद करने के लिए प्रशासन ने किसानों को एक ओर सुविधा दी है। इसके तहत यदि किसान के पास 90 क्विंटल से अधिक गेहूं है और वह केंद्र पर नहीं जाना चाहता है तो उसकी मांग पर विपणन विभाग की टीम घर आकर गेहूं की खरीद करेगी। इसके लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

शासन ने इस बार गेहूं खरीद के लिए जिले को 3.08 लाख मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य दिया है। इस लक्ष्य को पूरा कराने के लिए प्रशासन लगा हुआ है। यहां तक कि मंडी में आने वाले गेहूं पर नजर रखकर क्रय केंद्र पर तौलवाने के निर्देश दिए गए हैं। बाहर जाने वाले गेहूं पर भी रोक लगा दी गई है ताकि जिले का गेहूं यहीं की मंडी में क्रय केंद्र पर बिक्री हो सके। अब जिला प्रशासन ने किसानों की सुविधा के लिए नई कवायद शुरू की है। अधिकारियों को निर्देश दिया है कि यदि कोई किसान केंद्र पर नहीं आ पा रहा। उसके पास 90 क्विंटल से अधिक गेहूं है तो ऐसे किसान से संपर्क कर खेत पर जाकर ही तौल की जाए।

डिप्टी आरएमओ वीके शुक्ला ने बताया कि यदि किसान घर से ही गेहूं देना चाहता है तो उसके घर टीम को भेजा जाएगा। मौके पर ही सरकारी खरीद कराई जाएगी। इसके लिए सभी जिला प्रबंधकों को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

## सपा से मुस्लिम समुदाय का हुआ मोह भांग सपा को एक और झटका रिछा के पूर्व चेयरमैन समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल।



**स्वतंत्र प्रभात**

**बरेली**/पीलीभीत लोकसभा में सम्मिलित बहेड़ी क्षेत्र से रिछा के पूर्व चेयरमैन अब्दुल वहीद, और बड़े भाई डॉक्टर मोवीन के साथ भाजपा में शामिल हुए बहेड़ी भाजपा ने मुस्लिम कार्ड की सियासत शुरू कर दी है। रिछा में काला बच्चा की भाजपा में शामिल होने के बाद अब रिछा के पूर्व चेयरमैन अब्दुल वहीद और उनके भाई डॉ मोवीन को पार्टी में शामिल कर सपा में की सेंधमारी ।

**इससे सपा को रिछा से खासा फर्क पड़ेगा।**

रिछा में तनवीर अहमद काला बच्चा और पूर्व चेयरमैन का रिछा में अपना अपना दबदबा है। कभी सपा में मुलायम सिंह से अच्छे रिश्ते रखने वाले डॉ मोबीन और उनके भाई पूर्व चेयरमैन अब्दुल वहीद भाजपा में शामिल हो गए । और अपने तमाम समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा मे पहुंचे थे उनके भाजपा में पहुचने से मुस्लिम वोटों का भाजपा में ध्रुवीकरण होना तय माना जा रहा है। क्योंकि रिछा में दोनों के अपना दबदबा कायम है इस नगर पंचायत में मुस्लिम समुदाय का वर्चस्वकायम है जो अब सपा के लिए लगा झटका इनको भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कुंवर रविंदर सिंह राठौड़ के नेतृत्व में भाजपा में सम्मिलित कराया गया है।

## पुलिस के रहमों करम पर डग्गामार वाहन कर मौत का सौदा पर बहन विभागभी पडा मौन नहीं हो कार्यवाही।



**स्वतंत्र प्रभात**

**बरेली/देवरनियां।** बरेली-नैनीताल हाइवे पर बहेडी और बरेली के बीच अनेकों डग्गामार वाहन मैजिक, टैम्पू आदि दौड रहे हैं। यही नहीं इनमे नियमों के विपरीत सवारियों को भरा जाता है,मगर रास्ते मे पडने वाले थाने की पुलिस की नजर इन पर नहीं पडती है-क्या। इन वाहनों मे सवारियों को भूसे की तरह तो भर कर बे खौफ ले जाते है बाहर लटकाया भी जाता है जोकि जान को खतरा बना रहता है। यह वाहन इन्ही हालत मे हवाई किनारे स्थित थाना देवरनियां के अलावा भोजीपुरा और इज्जतनगर चौकी से निकल जाते हैं,मगर पुलिस इस तरफ ध्यान नहीं देती है। अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो कोई भी बडा हादसा हो सकता है। परंतु सबसे चौंकाने वाली बात तो यह है की दंगा मार वाहनों को किसके रहमो करम पर मनमानी करने की छूट दी जा रही है यह खेल के बाल एक मार्ग का नहीं परंतु पूरे जनपद का है सूत्रों की मां ने तो इन दंगा मार वाहनों की यनियन

बनती है यूनियन कटे कदारइ संबंधित थाना चौकी पर अपनी पकड़ मजबूत करके इनको चलता है इतना ही नहीं यूनियन काठेकेदारा सत्ता पक्षकमे नेता की गोद में झूमकर यह धंधा चलवाता है जिसके कारण यात्रियों काजीवनं मौत के मुखसक्ट गुजर कर सफर करना पड़ताहै। प्रभारी नरीक्षकदे देवेंद्र सिंह धामा का कहना है कि नियमों के विपरीत सवारियां भरने वाले वाहनों को सीज किया जाएगा।

## परियोजना अधिकारी डूडा बने भ्रष्टाचारियों के पोषक

● डिप्टी सीएम बृजेश पाठक तक भीरा सभासदों द्वारा शिकायत करके अवैध वसूली में लिप्त डीसी अरिनेम विनय श्रीवास्तव व मोहल्ला मिश्राना में वेवा महिला आवास लाभार्थी रेखा देवी से 23000 रुपए की अवैध वसूली करने वाले आकाश अवस्थी व सर्वेयर गौरव के विरुद्ध कार्य वाही करने की बजाय संरक्षण दे रहे साहब

साहब तक सीधे अवैध वसूली की रकम पहुंचने के चलते नहीं दर्ज कराई जा रही दोषियों पर एफआईआर -सूत्र

योगी सरकार के दावों और वादों का गला घोंटते हुए सरकार की छवि धूमिल कर रहे -जनाब




**स्वतंत्र प्रभात**


**लखीमपुर खीरी** परियोजना अधिकारी नगरीय विकास अभिकरण के पद पर डॉ अजय कुमार सिंह के आसीन होने के बाद से पीएम शहरी आवास योजना में अवैध वसूली और भ्रष्टाचार तथा फर्जीवाडा की वाढ सी आ गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार साहब के पी ओ डूडा का चार्ज लेने के बाद जनपद खीरी की सभी नगर पालिकाओं और नगर पंचायत में दलालों का कुनबा काफी तेजी से सक्रिय हो गया। हर सर्वेयर के द्वारा दो से चार-चार दलालों को प्रति आवास 20000 से ?30000 अवैध वसूली करने के लिए फ्री छोड़ दिया गया और उनके द्वारा आवासों के नाम पर जमकर अवैध वसूली की गई ।इतना ही नहीं वसूली की गई रकम का एक बड़ा हिस्सा श्रीमान तक पहुंचाई जाने की बात चर्चा का विषय बनी है। यह मैं नहीं कहता यह इन्हीं साहब के चहेते मातहतों द्वारा कही जा रही बातें हैं। अवैध वसूली के विरुद्ध काफी शिकायतें जिला अधिकारी खीरी, मंडलआयुक्त लखनऊ मंडल लखनऊ और निदेशक सूडा तक की गई जिसमें निदेशक सूडा से शिकायत के बाद थक हार करके बेमन अपने चहेते और कमाऊ डीसी स्नो फाउंटेन अभिषेक मिश्रा को कार्य मुक्त किया गया। और उसके बाद भी निरंतर शपथ पत्रों के साथ हुई शिकायतों से आहत होकर लगभग 15 कर्मियों को हटाया गया। लेकिन दोषियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही नहीं कीगई।जिससे हौसले बुलंद उक्त साहब के चहेते सर्वेयर में गौरव दीक्षित ने अपने द्वारा पोषित दलाल आकाश अवस्थी के द्वारा लाभार्थियों से लाखों की वसूली किए जाने की जन चर्चा का सिलसिला चर्चा का विषय बना है। और इस अवैध वसूली की पुष्टि आवास लाभार्थी रेखा ने किया। मामला मीडिया में प्रकाशित होने पर मामले की जांच की गई जांच करने वाली टीम में नायब तहसीलदार, लेखपाल सदर राजेश शुक्ला, लेखपाल सौरभ व परियोजना अधिकारी डूडा डॉ अजय कुमार सिंह साहब अपने दो सर्वेयरों के साथ संयुक्त रूप से मौजूद रहे। संयुक्त रूप से की गई इस जांच में पीड़िता लाभार्थी रेखा का बयान दर्ज किया गया और जांच होने के आज एक हफ्ते बाद भी ना तो पीड़िता का पैसा वापस कराया गया है और ना ही उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा ही पंजीकृत कराया जा रहा है। जबकि इससे पूर्व पीड़िता द्वारा परियोजना अधिकारी डूडा को उनके सर्वेयरों के माध्यम से लिखित शिकायत दी जा चुकी थी। विभागीय गोपनीय सूत्र ने बताया कि आरोपी गणों का कहना है कि इतनी जल्दी रिपोर्ट नहीं लिखवा दी जाएगी क्योंकि पैसा ऊपर भी तो दिया है ।शायद इसीलिए साहब रिपोर्ट दर्ज करने से बचते नजर आ रहे हैं। और सरकार की छवि को धूमिल कर ही रहे हैं साथ ही साथ योगी सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस नीति लागू करने के बड़े-बड़े दावों का मजाक भी उड़ाया जा रहा है। इस संबंध में जब परियोजना अधिकारी डूडा डॉ अजय कुमार सिंह साहब से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो कई बार कॉल करने पर घंटी बजती रही पर साहब ने फोन उठाना उचित नहीं समझा इसके चलते मामले में उनके पक्ष की जानकारी नहीं मिल सकी।

## भ्रष्टाचार व नियम विरुद्ध फर्जी मौरंग खरीद बिल तैयार कर भुगतान निकाल मालामाल हो रहे पंचायत सचिव व प्रधान

●बालू लगाकर मौरंग का बिल लगा किया जा रहा लाखों का व्आरा न्यारा

मामला विकासखंड लखीमपुर की ग्राम पंचायत में सलेमपुर कोन, पहाड़ापुर ,लाहौरी नगर, घुघुची,अमानलाला ,बिझौली, बेहटा, और ग्राम पंचायत बाजपेई में लाखों लाख का भ्रष्टाचार का खुलासा

खंड विकास अधिकारी लखीमपुर की भूमिका पर उठ रहे सवाल सिर चढ़कर बोल रही लखीमपुर ब्लाक में कमीशनखोरी साहब जानकर बने अनजान


State:UTTAR PRADESH District:KHERI

Material Procured

Work : samudayek sauchalya ke samne interloking karya


Work Code : 3128011106/RC/9584862558233494 24

Bill No. : 286 Bill Date : 10/10/2022

Financial Year : 2022-2023 Vendor name M/s NARAYAN TRADING COMPANY(TinNo-09ASNPV6836G1ZY)

Material List No. : 3128011-ML-5076

| Material | Unit Price (In Rupees) | Quantity | Amount (In Rupees) |
|---|---|---|---|
| 0295-Stone Aggregate(single size):20 mm nominal size | 3093.18 | 0.4 | 1237.272 |
| 0982-Coarse sand (zone III) | 3143.2 | 11.5 | 36146.8 |
| Total (In Rupees) | | | 37384.072 |
| Taxes | | | |
| Centre GST | 0 | 0 | 934.6 |
| State GST | 0 | 0 | 934.6 |
| Total (In Rupees) | | | 1869.2 |
| Total Cash payment (In Rupees) | | | 39253.272 |


State:UTTAR PRADESH District:KHERI

Material Procured

Work : c c road se amit kishor ke mkan ke age tak interloking karya

Work Code : 3128011040/RC/9584862558234526 17

Bill No. : 855 Bill Date : 25/05/2023

Financial Year : 2023-2024 Vendor name M/s NARAYAN TRADING COMPANY(TinNo-09ASNPV6836G1ZY)

Material List No. : 3128011-ML-37

| Material | Unit Price (In Rupees) | Quantity | Amount (In Rupees) |
|---|---|---|---|
| 0295-Stone Aggregate(single size):20 mm nominal size | 3093.18 | 5.6 | 17321.81 |
| 0367-Portland Cement | 325 | 68 | 22100 |
| 0982-Coarse sand (zone III) | 3143.2 | 13.1 | 41175.92 |
| 0983-Fine sand (zone IV) | 950 | 1.8 | 1710 |
| 1004-Average rate of mild steel round bars for reinforcements | 6200 | 0.8 | 4960 |
| Total (In Rupees) | | | 87267.73 |
| Taxes | | | |
| Centre GST | 0 | 0 | 5045.59 |
| State GST | 0 | 0 | 5045.59 |
| Total (In Rupees) | | | 10091.18 |
| Total Cash payment (In Rupees) | | | 97358.91 |

**स्वतंत्र प्रभात**

**मामला विकासखंड** लखीमपुर की दर्जनों भ्रष्टाचार में लिप्त ग्राम पंचायतों का है जहां पर मनरेगा योजना अंतर्गत कराए गए इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में नियम कानून को ताक पर रखते हुए मनमाने बिल तैयार करके जमकर भ्रष्टाचार किए जाने का मामला प्रकाश में आया है ।सूत्र बताते हैं कि इन ग्राम पंचायतों में दाल में काला ही नहीं बल्कि संपूर्ण दाल ही काली है। ऊपर से नीचे तक गई भ्रष्टाचार और कमीशन की धनराशि के चलते साहब भी अनजान बनकर मामले पर पर्दा डालने में लगे दिखाई पड़ रहे हैं। एक विभागीय गोपनीय सूत्र द्वारा नाम गुप्त रखने के शर्त पर यहां तक बताया कि ब्लॉक पर बैठे साहब पहले ही 20त्न अपना हिस्सा एडवांस ले लेते हैं ।इसलिए इनको यह सब दिखाई ही नहीं पड़ता है। जिससे हौसले बुलंद चंद साहब के चहेते सचिवों द्वारा अपने प्रधानों को मैनेज करके खुलेआम लाखों का वारा न्यारा करके खुद का विकास किया जा रहा है। आईए गवन गाथा पार्ट 2 में हम आपको आज एक झलक ग्राम पंचायत लाहौरी नगर ले चलते हैं जहां पर भी बिझौली और पहाड़ापुर ग्राम पंचायत की तर्ज पर फर्जी बिल वाउचर मौरंग के लगाकर लाखों रुपए का आपस में बंदर वॉट करके सरकारी धन का निजी हित में दुरुपयोग किया गया है ।फर्जीवाडे की एक बानगी पर नजर डाली जाए तो विकासखंड लखीमपुर की भ्रष्टाचार के लिए खासा जानी पहचानी उक्त ग्राम पंचायत लाहौरी नगर में मनरेगा योजना से कराए गए इंटरलॉकिंग निर्माण कार्यों में वित्तीय वर्ष 2022-23 में राजेश के मकान से प्रमोद के मकान तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में मौरंग खरीद के नाम पर तैयार किए गए बिल की बिल संख्या 174 धनराशि 40,924 का गवन कर लिया गया। वहीं वित्तीय वर्ष 2023 - 24 में सामुदायिक शौचालय के सामने इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में बिल संख्या 286 में मौरंग खरीद के नाम पर 36146 का फर्जी वाडा कर गवन किया गया है। यह पहला मामला नहीं है विकासखंड लखीमपुर की लगभग एक दर्जन ग्राम पंचायतो में यह भ्रष्टाचार और फर्जीवाडे का खेल बदस्तूर जारी है ।और सरकार के खजाने को लाखों का चूना लगाया जा रहा है उक्त मामले के बिलों और कराए गए इंटरलॉकिंग कार्यों का यदि कराया जाए स्थलीय निरीक्षण और बिलों का मिलान तो उक्त सभी ग्राम पंचायत में भारी भ्रष्टाचार एवं फर्जीवाड़ा तथा धोखाधड़ी का भी मामला आएगा सामने। बिलों के आधार पर वर्ष 2022-23 व 2023 - 24 में अकेले बिझौली ग्राम पंचायत में 393631 रुपया का गोलमाल किए जाने का खुलासा हुआ है ।यदि मुख्य विकास अधिकारी खीरी कराए मामले की जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच तो उपरोक्त सभी ग्राम पंचायतों में भारी भ्रष्टाचार और कूट रचित फर्जी बिल बनाकर सरकारी धन गवन किए जाने जैसे संज्ञेय अपराध की घटना घटित होने का होगा पर्दाफाश। और ग्राम प्रधान सहित पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक मनरेगा ,तथा ए पी ओ मनरेगा विकासखंड लखीमपुर पर गिर सकती है कार्यवाही की गाज ।और खंड विकास अधिकारी लखीमपुर की भी होगी जवाब देही तय। उक्त मामलेके समस्त साक्ष्य सहित मय शपथ पत्र जिला अधिकारी खीरी और आयुक्त मनरेगा से शिकायत करने की बात शिकायतकर्ता द्वारा कही गई है।

## बीएसए खीरी की मनमानी के आगे बौने साबित हो रहे एडी बेसिक के आदेश

●एडी बेसिक शिक्षा को लिखित शिकायत के बावजूद फर्जी अंक पत्रों पर नौकरी कर रहे शिक्षकों के अंक पत्रों की जांच करवाने में कोताही बरत रहे बेसिक शिक्षा अधिकारी खीरी

बी एस ए खीरी व खंड शिक्षा अधिकारी फुल बेहड के संरक्षण में सरकारी खजाने को प्रतिमाह लगाई जा रही लाखों की चपत

प्रतिमाह लाखों का सरकारी धन हो रहा बर्बाद, बंधी तयसुधा रकम वसूलकर फर्जी शिक्षकों को संरक्षण दिए जाने के लगाए जा रहे आरोप--सूत्र

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी** उत्तर प्रदेश सरकार के उपयोगी और सफल कहे जाने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम व आदेशों का कोई असर पड़ता जनपद खीरी में नहीं दिख रहा है ।यहां तैनात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी पर ल शायद उच्च अधिकारियों व सरकार के आदेशों का असर पड़ता नजर नहीं आ रहा ह साहब की मनमानी कार्यशैली के चलते आज जनपद में कई शिक्षक फर्जी अंक पत्रों पर नौकरी करते देखे जा सकते हैं। उक्त शिक्षकों की जानकारी साहब को पूरी तरह से होने के बावजूद आज तक कोई कार्रवाई न किया जाना विभागीय संलिप्त की ओर इशारा करने को काफी है। बताते चलें कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय ओदरहना से प्रधानाध्यापक पद से अवकाश प्राप्त शिक्षक व शिक्षक नेता प्रभुनाथ प्रजापति इसका ज्वलंत उदाहरण है। जो फर्जी अंक पत्रों पर अपनी नौकरी पूरी करके अवकाश ग्रहण करने के बाद विभागीय अफसरों के रहमों करम से बेखौफ पेंशन का लाभ लेते हुए सरकार के भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम को चुनौती दे रहे हैं। इतना ही नहीं शिक्षक प्रभु नारायण यादव तथा संविलियन विद्यालय शिशोरा में तैनात शिक्षक श्याम जी के अंक पत्र फर्जी होने की चर्चाएं थमने का नाम ही नहीं ले रही हैं। और इसके लिए कई प्रार्थना पत्र बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए गए तथा प्रार्थना पत्र देते हुए उक्त शिक्षकों के अंक पत्रों का सत्यापन कराए जाने की मांग की गई ।लेकिन बेसिक शिक्षा अधिकारी साहब जो है इनके ऊपर शिकायती प्रार्थना पत्रों का असर ही नहीं पड़ता है। उक्त मामले की शिकायत एडी बेसिक शिक्षा को फोन द्वारा व उनके व्हाट्सएप पर प्रार्थना पत्र की कॉपी भेज कर मामले की जांच कराए जाने की मांग की गई थी ।उक्त मामले प्रकरण में एडी बेसिक द्वारा उक्त कथित शिक्षकों के अंक पत्रों की जांच कराए जाने के आदेश भी दिए थे। लेकिन साहब की मनमानी और खाऊ कमाऊ नीति के चलते एडी बेसिक के आदेश के बावजूद भी उक्त शिक्षकों के अंक पत्रों की जांच नहीं कराई गई ।शायद साहब के सामने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा समय-समय पर जारी किए जा रहे भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने के आदेश और एडी बेसिक के आदेश कोई मायने ही ना रखते हो। अब देखना यह है कि बीएसए की द्वारा कब तक उक्त शिक्षकों को कमाई का जरिया बनाते हुए संरक्षण दिया जाता रहेगा या फिर उनके विरुद्ध की जाएगी कार्यवाही।

### रामनवमी को निकलेगी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की शोभायात्रा

**चुनार।** गंगेश्वर नाथ स्थित श्री राघव जी मंदिर से रामनवमी के दिन शाम चार बजे भगवान श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा निकाली जायेगी। इसके पूर्व मंगलवार को सुबह दस बजे से अखंड रामायण का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी गौरी नाथ दीक्षित ने रामभक्तो की हुई बैठक में दी। बैठक बचाऊ लाल सेठ, बृजनंद न कुशवाहा,पवन सेठ,संजय साहू,सुजीत यादव,अंशु अग्रवाल,जगदीश सेठ,आशीष गुप्ता,प्रद्युम पाठक सहित अन्य रामभक्त उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## सेवा समिति के संयोजन में 15 सर्वजातीय जोड़ों का विवाह



**प्रयागराज।** सेवा समिति के संयोजन में 15 सर्वजातीय जोड़ों का विवाह बड़े उत्साह एवं त्रिवेणी संगम सेवा समिति के संस्थापक दिनेश लाल यादव के नेतृत्व में संपन्न हुई। सभी दूल्हों को बड़े जिम्मेदारी के साथ बारात दांडी से मडोका स्थित लगन बिहार गेस्ट हाउस में सभी रस्मों रिवाजों के साथ समाज के साथ जयमाल का कार्यक्रम हुआ उसके बाद हवन यज्ञ मंत्रो उच्चार से शादी संपन्न कराई गई। सभी जोड़ों का विदाई करते समय सामग्री अनुदान द्वारा आया उनको दे कर विदाई कराई गई। त्रिवेणी संगम सेवा समिति के सभी सर्वजातीय शादी को अपनी जिम्मेदारी के साथ बहुत अच्छे से निभाया जिसमें मात्र शक्तियों का बहुत बड़ा साथ रहा।

## हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से गेहूं का बोझ से लदा टैक्टर जल कर राख



**भीरपुर, प्रयागराज।** करछना थाना क्षेत्र के अन्तर्गत नौवां गांव के पास सजई मोड पर शनिवार को दोपहर में गेहूं का बोझ से लदा टैक्टर ट्राली में हाई टेंशन लाइन के चपेट में आने से आग लग गई मड़ाई के लिए ले जा रहा किसान का टैक्टर ट्राली में हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया जिससे ट्राली में लदे गेहूं के बोझ में आग लग गई देखते ही देखते आग इतनी तेज हो गई कि गेहूं के बोझ के साथ ट्राली में भी आग पकड़ ली आस पास के लोग आग बुझाने का भरपुर प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया ट्रैक्टर ट्राली गेहूं सहित जलकर राख हो गया सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी से आग को बुझाया गया लेकिन तब तक उसी गांव का निवासी नचकऊ भारतीया का टैक्टर ट्राली व गेहूं का बोझ जल कर खाक हो गया था।

## वृंदावन में गेस्ट हाउस से जुआ खेलते 14 पकडे

फड से तीन लाख की नगदी बरामद की

**मथुरा।** वृंदावन की केशव धाम चौकी पुलिस क्षेत्र में जुआ खेलते 14 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक गेस्ट हाउस में चल रहे जुए के अड्डे पर छापामार कार्यवाही करते हुए करीब एक दर्जन से अधिक जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लाखो रुपए की नगदी बरामद की है। बताया जाता है कि नगर के चौतन्य विहार इलाके के एक गेस्ट हाउस में केशवधाम चौकी पुलिस को बड़े पैमाने पर जुआ खेले जाने की सूचना मुखबिर से मिली थी। चौकी प्रभारी अमित कुमार ने सूचना के आधार पर अपनी टीम के साथ देर रात गेस्ट हाउस की घेराबंदी कर ली और दूसरी मंजिल पर एक कमरे में जुआ खेल रहे लोगों को धर दबोचा। पुलिस की अचानक छापामार कार्यवाही से जुआरियों में भगदड़ मच गई। कई जुआरियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने आवश्यक बल प्रयोग कर मौके से 14 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से तीन लाख 13 हजार 385 रुपए नगद बरामद किए हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी आनंद कुमार शाही, उपनिरीक्षक आशीष कुमार , उप निरीक्षक कुंवर सिंह, हैड कांस्टेबल मनोहर, कांस्टेबल दीपक, हैड कास्टेबल आकाश कुमार , कास्टेबल रजत,कास्टेबल विजय पाल आदि मौजूद रहे।

## जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग पकडेगी जोर

दीपक गौतम को बनाया गया जनसंख्या समाधान फाउंडेशन का प्रदेश सचिव



दीपक गौतम।

**मथुरा।** दीपक गौतम को जनसंख्या समाधान फाउंडेशन का प्रदेश का सचिव बनाया गया है। दीपक गौतम ने बताया कि जनसंख्या समाधान फाउंडेशन 10 वर्षो से जनसंख्या नियंत्रण कानून के लिए संघर्ष कर रहा है। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की लगातार मांग कर रहा है। देश में कठोर जनसंख्या नियंत्रण कानून के लिए जनसंख्या समाधान फाऊंडेशन उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में जोरदार पहल कई साल से कर रही है। जनसंख्या से निपटने के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। बढ़ती हुई जनसंख्या से पूरे भारतवर्ष में भयाभय स्थिति बन गई है जल्द से जल्द केंद्र सरकार जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाये उन्होंने फिर दोहराया कि जनसंख्या नियंत्रण कानून जल्द से जल्द बनाया जाए।

# अपना मंच के कार्यकर्ताओं द्वारा धूमधाम व गाजे बाजे के साथ मनाई गई अंबेडकर जयंती

स्वतंत्र प्रभात



**यमुनापार प्रयागराज।** त्योथर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा रायपुर में रविवार के दिन अपना मंच डेमो क्रेटिक संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा धूमधाम व गाजे बाजे के साथ मनाई गई भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती जिसमें सभी लोगों ने बढ चढ़कर भाग लिया वहीं सभी लोगों ने भारत रत्न डॉ भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए यह शपथ लिया कि आज और अभी से हम सभी लोग बाबा भीम राव अंबेडकर के विचारों का पालन करते हुए हम लोग अपना जीवन यापन करेंगे मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉक्टर गिरीश सिंह ने कहा कि आज हम सभी शपथ लेते हैं कि भारत का संविधान हम जन-जन घर घर पढ़ेंगे और उसका अखंड पाठ करेंगे। वहीं अपना मंच डेमोक्रेटिक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट रज्जन कोल ने भी कहा कि आज फिर हमारा देश हमारा संविधान और हमारा पूरा पूरा सर्व समाज संकट के कगार पर आ खड़ा हुआ जिसके मुख्य कारण है।

जातिवाद ,पूंजीवाद, और शिक्षा वाद, एडवोकेट रज्जन कोल का कहना है कि, शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो पियेगा वही दहाड़ेगा। मौके पर उपस्थित रहे अपना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट रज्जन कोल, प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट लवकुश गौड़ , वरिष्ठ समाजसेवी जिला प्रभारी शाहनवाज अंसारी , एडवोकेट अशोक धुरिया, प्रोफेसर डॉक्टर गिरीश सिंह, महा सचिव डॉक्टर सुग्रीव वर्मा उप महा सचिव डॉक्टर काशी वर्मा ,एड राज कुमार भोर्तिया ,जगदीश प्रसाद ,त्रिवेणी प्रसाद ,राम प्रताप केवट ,सीमा कोल , अनिता राज देवी ,आदि लोग शामिल होकर ,जय जोहार ,जय भीम का नारा लगाते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

# आपका वोट आपकी ताकत-जिला निर्वाचन अधिकारी

स्वतंत्र प्रभात




**प्रयागराज।** जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत चहल ने आर्य कन्या शिक्षण समूह द्वारा आयोजित मतदाता जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वस्थ एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी लोगो का मतदान करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 25 मई को जनपद में होने वाले लोकसभा चुनाव में सभी मतदाता अपने घरों से निकलकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्यक करें। उन्होंने कहा कि आपका वोट आपकी ताकत है। रैली को सम्बोधित करते हुए शासी निकाय के अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने कहा कि मतदान का प्रयोग हर मतदाता को अवश्य करना चाहिए। रैली आर्य कन्या डिग्री कॉलेज से आरम्भ होकर मुट्ठीगंज कोठापार्चा होते हुए, महाविद्यालय मे आकर समाप्त हुई। रैली में प्राचार्या प्रो अर्चना पाठक, समूह सलाहकार डॉ ममता गुप्ता, प्रधानाचार्या अर्चना जायसवाल, उपप्रधानाचार्या आशा श्रीवास्तव, नीना प्रजापति, इंचार्ज अनुपमा श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रभारी व रैली की संयोजिका डॉ रंजना त्रिपाठी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनुपमा सिंह, डॉ अर्चना सिंह, ले0 डॉ दीपशिखा, डॉ प्रियंका, डॉ पूजा, डॉ आरती, डॉ. अमित शुक्ला, इंचार्ज जूही, आकांक्षा, राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाएं, एन.सी.सी. कैडेट्स, आर्य कन्या इण्टर हिन्दी एवं इंग्लिश मीडियम के छात्र एवं छात्राएं, अपराध निरोधक के सचिव संतोष श्रीवास्तव व उनकी टीम, आर्य समाज के रवीन्द्र नाथ जायसवाल, पी.एन. मिश्र, मदन शर्मा, बी.एल. भारतीय, अंगद शुक्ला सहित बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित हुए।

# फूलपुर में शिक्षिकाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर लोगो को किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात




**प्रयागराज।** चुनाव आयोग के निर्देश पर फूलपुर परिषदीय विद्यालय के दर्जनों शिक्षिकाओं ने शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी फूलपुर विश्वनाथ प्रजापति के नेतृत्व में ब्लाक संसाधन केंद्र से स्कूटी रैली निकाल कर कस्बे के विभिन्न मोहल्लों से होते हुए ब्लाक मुख्यालय तक पहुंचे इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रजापति ने कहा की नई सरकार बनाने के लिए सभी मतदाताओं को शतप्रतिशत मतदान करने के लिए कस्बा से लेकर गांवो तक के लोगो को प्रेरित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा की शिक्षक समाज का सजग प्रहरी होता है शिक्षको की प्रेरणा से मतदान प्रतिशत जरूर बढ़ेगा इस लिए सभी शिक्षक अपनी अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए लोक सभा चुनाव में सभी को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करे जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ सके। इस दौरान सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को शतप्रतिशत मतदान कराने के लिए शपथ दिलाई गई। इस मौके पर प्रभा शंकर त्रिपाठी , शिक्षक संघ अध्यक्ष दिनेश चंद्र मिश्र, शिक्षिका संघ की मंत्री गिरजा देवी, बिरंची बिक्रम, शालिनी पटेल, वंदना पांडेय,सुनीता राज, आरती गुप्ता, मीना सिंह, शीला देवी, शीलम कुशवाहा, रीना भारतीय, सुमन पटेल,पूनम पटेल,रेखा शर्मा, मनीषा मौर्या, बेबी लता, सहित बड़ी संख्या में शिक्षिकाए उपस्थित रही।

# यमुनानगर में जमीन का विवाद सुलझाने गई पुलिस पर हमला, मचा हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** यमुनानगर के कोरांव थाना क्षेत्र के मझिगवां शिवपुर हटवारा गांव में सुबह 10 बजे के करीब बौद्ध स्तूप जमीन के मामले को लेकर पुलिस और ग्रामीणों में मारपीट हो गई। आक्रोशित भीड़ ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिए। सोमवार को सुबह 10 बजे के करीब रास्ते को लेकर विवाद हो गया। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस से भी एक पक्ष के लोग भिड़ गए और मारपीट करने लगे। महिलाओं द्वारा पत्थर भी चलाया गया, जिसमें पुलिस की गाड़ी के शीशे टूट गए। 20 वर्ष पहले बौद्ध धर्म के अनुयायियों द्वारा भूमि धरी जमीन पर बौद्ध स्तूप का निर्माण कराया गया था, जिसमें रास्ते को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा है। भूप नारायण, राम अनुज मौर्य आदि की यह भूमिधरी नहर के किनारे है। इसके सामने पूनम स्मृति द्वार के नाम से एक गेट बनवाया गया है। उसी के बीच से रास्ता है, जिसको लेकर रामनारायण मौर्य और राजेश्वर मौर्य समेत 30 लोगों का विवाद उसी रास्ते को लेकर काफी दिनों से चला आ रहा है। हल्का लेखपाल अंकित कुमार ने बताया कि कुछ माह पहले भूप नारायण आदि लोग इस मामले को लेकर जिला न्यायालय में अपील की, जिस अपील पर जिला न्यायालय ने भूखंड संख्या 2701 भूप नारायण के पक्ष के लोगों को निर्णय देते हुए यह आदेश पारित किया कि इस जमीन पर कोई भी व्यक्ति हस्तक्षेप न करें और निर्माण कार्य को न रोका



जाए आदेश के बाद भूप नारायण पक्ष के लोग उक्त जमीन पर निर्माण कार्य शुरू किया, तभी एक पक्ष के लोगों द्वारा निर्माण कार्य को रोक दिया गया। गांव वालों की सूचना पर चौकी प्रभारी रामगढ़ राघवेंद्र सिंह पहुंच गए। इस दौरान एक पक्ष के लोग मारपीट पर आमादा हो गए। पथराव में कई वाहनों के शीशे टूट गए।

# बीकेटी में बनेगा मुंशी काली प्रसाद कुलभाष्कर विश्विद्यालय

स्वतंत्र प्रभात

**बीकेटी।** मुंशी काली प्रसाद कुलभा भास्कर विश्वविद्यालय का शिलान्यास बीकेटी कठवारा में सोमवार को हुई। कायस्थ पाठशाला के अध्यक्ष सुशील सिन्हा ने भूमि पूजन कर विश्व विद्यालय की आधार शिला रखी। सुशील सिन्हा ने बताया यह लखनऊ जिले के ग्रामीण क्षेत्र के लिए शिक्षा के लिए एक बड़ा कदम होगा। विश्व विद्यालय बनने से ग्रामीण इलाकों में अधिक से अधिक परिवार शिक्षित होगे।उन्होंने बताया सबसे पहले विश्व विद्यालय का एकप्रशासनिक भवन बनाया जाएगा उसके बाद मेडिकल व लॉ कॉलेज की भी स्थापना की जाएगी।कायस्थ पाठशाला के मेंबर इंचार्ज आनन्द श्रीवास्तव ने बताया कठवारा



गांव में ट्रस्ट की उक्त भूमि पर चाहर दिवारी का काम कराया जाएगा। इसके बाद जो ट्रस्ट की भूमि अवैध कब्जेदारो ने कब्जा कर रखी है उसको प्रशासन की मदद दे कब्जा मुक्त कराई जाएगी।ट्रस्टी शिव शंकर श्रीवास्तव ने बताया अध्यक्ष ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में कहा था बीकेटी कठवारा में विश्व विद्यालय की स्थापना की जाएगी वह सोमवार को शिलान्यास करके दिखाया। इस



मौके पर कायस्थ पाठशाला के अध्यक्ष डा सुशील कुमार सिन्हा, लखनऊ मेंबर इंचार्ज आनन्द श्रीवास्तव, ट्रस्टी शिव शंकर श्रीवास्तव, विमल श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, सुजीत श्रीवास्तव, गिरिजा श्रीवास्तव, सुरेश श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव, ओपी श्रीवास्तव, सुधीर श्रीवास्तव, दिनेश खरे, सहित तमाम कायस्थ परिवार मौजूद रहे।

# रॉबर्ट वाड्रा ने बांके बिहारी मंदिर में किये दर्शन

- सही समय आने पर लूंगा राजनीति में आने का फैसला: रॉबर्ट वाड्रा

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा अमेठी से चुनाव लड़ने की अटकलों के बीच सोमवार की सुबह ठाकुर बांकेबिहारी महाराज की शरण में पहुंचे। करीब बीस मिनट तक ठाकुर बांके बिहारी महाराज के दर्शन कर पूजा अर्चना की। रॉबर्ट वाड्रा ने देश में सुख समृद्धि की कामना करते हुए धर्म निरपेक्ष लोकतंत्र कायम होने की प्रार्थना की। श्रृंगार आरती के दर्शन के बाद पत्रकारों से



बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और प्रियंका गांधी चुनाव में बदलाव के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। निश्चित तौर पर देश के लोग और भगवान उनकी मेहनत को समझेंगे। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि देश के कई हिस्सों से लोग मुझे चुनाव लड़वाना चाहते हैं। मैं भी राजनीति में आने का इच्छुक हूं। सही समय आने पर इसका निर्णय लूंगा। वहीं उन्होंने भाजपा पर भेदभाव की राजनीति करने का आरोप भी लगाया।



बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन करते रॉबर्ट वाड्रा।

आइएनडीआइ गठबंधन पूरी मजबूती से काम कर रहा है। वाड्रा ने दर्शन के बाद मंदिर के सेवायत गोपी गोस्वामी और पूर्व विधायक प्रदीप माथुरा के साथ ठाकुरजी की प्रसादी कचौड़ी का लुत्फ भी लिया। वही उन्होंने इससे पहले भक्तों को प्रसाद भी बांटा।

# वर्षो से राहत की राह ताक रहा मथुरा का 'टीटीजेड क्षेत्र'

- बिजली बिल में छूट मिले, उद्योग धंधों की शर्ते सरल की जाएं: सुरेश सिंह

बलदेव क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे पर कट भी बेहद जरूरी: सुरेश सिंह



बलदेव के दाउजी मंदिर में मौजूद बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह।

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** बहुजन समाज पार्टी से लोकसभा प्रत्याशी सुरेश सिंह ने कहा है कि मथुरा जनपद का बडा क्षेत्र ताज ट्रेपेजियम जोन (टीटीजेड) में आता है। जब से जनपद के क्षेत्रों में टीटीजेड के नियम लागू हुए हैं, उद्योग धंधे उजड गये हैं। जिससे स्थानीय युवाओं पर बेरोजगारी की भी मार पड रही है। उन्होंने कहा कि ताजमहल से होने वाली आमदनी में मथुरा के लोगों का कोई हिस्सा नहीं है लेकिन मुशीबतें सब इनके हिस्से में हैं। बसपा प्रत्याशी सोमवार को बलदेव क्षेत्र में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान लोगों से रूबरू थे। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में मकान बनाना बेहद महंगा हो गया है। जितने की ईट है उतना ईट को यहां तक लाने में भाड़ा लग जाता है। उन्होंने कहा कि बिजली बिलों में भी इस क्षेत्र को छूट मिलनी चाहिए और उद्योग धंधों की शर्तों को भी सरल किया जाना चाहिए। लोन जैसी सुविधाएं भी इस क्षेत्र में सरल होनी चाहिए जिससे लोग बिना प्रदूषण वाले उद्योग धंधे लगा सकें। उन्होंने कहा कि यमुना एक्सप्रेस वे पर बलदेव क्षेत्र में कट मिलना चाहिए। लोगों की यह मांग जायज है। इससे पहले सोमवार को सुरेश सिंह महावन तहसील में सघन चुनाव अभियान पर रहे। उन्होंने सुबह दाऊजी मंदिर में भगवान दाऊजी और मां रेवती के दर्शन किये। पूजा अर्चना करने के बाद चुनाव अभियान की शुरुआत की। चुनाव प्रचार अभियान के दौरान जगह जगह बसपा प्रत्याशी का जोरदार स्वागत किया गया।

**डोर टू डोर जनसंपर्क छोड रहा असर**

राजनीतिक पार्टियों ने चुनाव प्रचार की अपनी अलग अलग रणनीति तियां तय की हैं। बहुजन समाज पार्टी से लोकसभा प्रत्याशी सुरेश सिंह ने हर ग्राम पंचायत तक पहुंचने की रणनीति बनाई है। लोगों की स्थानीय समस्याएं सुनना और उनके समाधान के लिए लोगों के साथ चर्चा करना भी उनकी रणनीति का हिस्सा है।

**बाहरी को लेकर अच्छे नहीं रहे अनुभव**

बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह इस दौरान लोगों की समस्याओं को जाना। वह लोगों से सीधा मिल रहे हैं और संवाद स्थापित कर रहे हैं। नुक्कड सभाएं कर रहे हैं। दर्जनभर से अधिक गावों में जनसंपर्क किया। सुरेश सिंह ने इस दौरान कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधि नहीं चुनना चाहिए जो आपकी पहुंच से दूर हो। वह आपकी जैवनशैली और जरूरतों से अनभिज्ञ हो ऐसा जनप्रतिनिधि चुनना समझदारी भरा फैसला नहीं कहा जा सकता है।

# सतीश शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी को सौंपा बाल अधिकार पत्र

- बाल अधिकार कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा ने की मेनिफेस्टो में शामिल करने की मांग

स्वतंत्र प्रभात



सतीश शर्मा मथुरा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी हेमा माहिलनी को पत्र सौंपते हुए।

**मथुरा।** बाल अधिकार कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा वंचित बच्चों को समाज की मुख्यधारा में लाने की पुरजोर वकालत कर रहे हैं। अब उन्हें मथुरा लोकसभा सीट से चुनाव लड रहे सभी प्रत्याशियों से मांग की है कि वह बाल अधिकार के मुद्दों को अपने मेनिफेस्टो में शामिल करें। इसके लिए वह लोकसभा चुनाव लड रहे प्रत्याशियों को मांग पत्र भी सौंप रहे हैं। ऐसा ही एक मांग पत्र उन्होंने भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी को सौंपा और बाल अधिकारों को अपने एजेंडे में शामिल करने की मांग की। पत्र में मांग की गई है कि सभी बच्चों की नाबालिग उम्र सीमा 18 साल स्वीकार करते हुए बच्चों से संबंधित सभी कानूनों के प्रावधानों में समान उम्र सीमा निर्धारित करने की मांग की है। बच्चों के लिये स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र खोले जाएं।

राज्य में निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार का विस्तार 12वीं कक्षा तक किया जाए। प्रदेश के सभी जिलों में बालिका गृह की स्थापना की जाए। बाल श्रम बाल विवाह एवं बाल तस्करी रूके खिलाफ प्रभावी कदम एठाये जाएं। ईट भट्टो एवम निर्माण कार्यो में कार्यरत अप्रवासी मजदूरों के बच्चों के निर्माण स्थल से विद्यालय की दूरी की अधिकता को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक विद्यालय में परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए.। घुमंतु समुदायों के शिक्षा से वंचित बच्चों को चिह्नित कर आवासीय और मोबाइल विद्यालयों के माध्यमों से ऐसे समुदायों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जाए।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने की रह संभव कोशिश

- निरंतर आयोजित किए जा रहे मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात



कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**मथुरा।** मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहें। इसी क्रम में केआर गर्ल्स इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक भास्कर मिश्रा, डायट प्राचार्य राजेंद्र बाबू, प्रधानाचार्य डा. शालिनी अग्रवाल, जिला मास्टर ट्रेनर मनीष दयाल एवं डा दीनदयाल के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। डीआईओएस भास्कर मिश्रा ने कहा कि इन आयोजनों से हर मतदाता तक पहुंचने का तथा उनको जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। डायट प्राचार्य राजेन्द्र बाबू ने कहा कि इन जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से मतदान प्रतिशत को बढाने की कोशिश करी जा रही है। प्रधानाचार्य डा शालिनी अग्रवाल, जिला मास्टर ट्रेनर व स्वीप मीडिया कॉर्डिनेटर मनीष दयाल और एसएलएमटी डा दीनदयाल ने कहा कि प्रत्येक मतदाता अपने वोट की शक्ति को समझे और 26 अप्रैल को मतदान अवश्य करें। डायट की छात्राओं ने एकल गीत मतदाता जागरूकता आधारित एकल गीत समूह गान एवं नृत्य प्रस्तुति थी राजकीय डिग्री कॉलेज मांट के विद्यार्थियों ने गुरप्यारी सत्सगी के सहयोग से नुक्कड़ नाटक और कठपुतली शो के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला जिला मास्टर ट्रेनर डॉक्टर अखिलेश यादव डॉ अनीता आचार्य, गुंजन चौबे, गुरु प्यारी सत्संगी बृजलाता राजपूत डॉली गुप्ता विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं और बहुत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# गैंग रेप का दूसरा आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

- एक आरोपी पूर्व में जा चुका है जेल, एक आरोपी की अभी भी है पुलिस को तलाश

स्वतंत्र प्रभात

**शाहाबाद हरदोई।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में हुई गैंगरेप की घटना में शामिल दूसरे आरोपी को पुलिस ने खेड़ा तिराहा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। डेढ़ माह पूर्व बहला कर ले जाई गई किशोरी की बरामदगी के बाद बयानों के आधार पर कोतवाली पुलिस ने गैंगरेप के दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एफआईआर में नामजद आरोपी को पुलिस किशोरी के साथ गिरफ्तार कर पूर्व में ही जेल भेज चुकी है।तीसरे आरोपी को पुलिस तलाश कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने 28 फरवरी को कोतवाली में गांव के राहुल के विरुद्ध 26 फरवरी अपनी 17 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया था।जिसपर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू की थी। पुलिस ने 5 मार्च को किशोरी को आरोपी राहुल सहित गिरफ्तार कर लिया। किशोरी को डॉक्टरी परीक्षण कराया गया और आरोपी राहुल को जेल भेजा दिया था।किशोरी के बयान के आधार और विवेचना में हरिनाम और वीरेश का नाम लेते हुए तीनों पर सामूहिक बलात्कार करने की




बात सामने आई थी।इसी आधार पर कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों का नाम बढ़ाते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा एसएसआई अमित सिंह, आईओ अंगद सिंह ने पुलिस बल के साथ सुबह 9 बजे खेड़ा तिराहे से दूसरा आरोपी हरिनाम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# नाम वाटर रेफ्रिजरेटर, दे रहा गर्म पानी

- जामा मस्जिद के सामने नगर पालिका ने लगाया रेफ्रिजरेटर

स्वतंत्र प्रभात

**शाहाबाद हरदोई।** शाहाबाद नगर पालिका परिषद द्वारा शहरवासियों को गर्मी से निजात दिलाने के लिए नगर के प्रमुख चौराहों एवं धार्मिक स्थलों पर वाटर रेफ्रिजरेटर की स्थापना कराई गई थी। वाटर रेफ्रिजरेटर में लाखों रुपया पानी की तरह बहाया गया लेकिन अधिकांश वाटर रेफ्रिजरेटर मामूली मरम्मत के कारण बंद पड़े हैं। हमारे पाठक यह वाटर रेफ्रिजरेटर देख रहे हैं यह जामा मस्जिद के ठीक समक्ष स्थापित है। जामा मस्जिद में आने वाले नमाजियों और गल्ला मंडी में आने वाले व्यापारियों तथा दुकानदारों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा स्थापित कराया गया था। पिछले दो माह से रेफ्रिजरेटर मामूली मरम्मत के कारण बंद पड़ा था। दो दिन पूर्व एक मिस्त्री द्वारा इसकी मरम्मत की गई उसके बाद से इस रेफ्रिजरेटर ने गर्म पानी देना प्रारंभ कर दिया है। भीषण गर्मी में धूप में यह वाटर रेफ्रिजरेटर खड़ा है। उसके ऊपर वाटर टैंक रखा है। सूरज की सीधी गर्मी इस पर पड़ती है जिससे वॉटर टैंक का पानी खौलने लगता है और रेफ्रिजरेटर पूरी तरह से पानी ठंडा करने की प्रक्रिया बंद कर चुका है। इसलिए इस




रेफ्रिजरेटर से दो माह बाद पानी निकला तो वह भी गर्म। वाटर रेफ्रिजरेटर के सही होने की सोच कर लोग इससे पानी पीने के लिए जब आते हैं, जैसे ही टंकी से पानी निकलता है तो हाथ जलने की वजह से लोग पीछे हट जाते हैं। इसे कहते हैं नगर पालिका परिषद की घोर लापरवाही। नाम वाटर रेफ्रिजरेटर और पानी कूल कूल की जगह गरम-गरम दे रहा है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सम्पूर्ण सृष्टि का संहार करने वाली मां कालरात्रि की भक्तों ने की श्रद्धा भक्ति से की अर्चना



**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड-** शक्ति स्वरुपा मां भगवती दुर्गा देवी के सप्तम स्वरूप माता कालरात्रि की भक्तों ने की,पूरी श्रद्धा,भक्ति से आराधना।माता के विकराल रुप देखने में जितना भयावह है पर,माता अपने भक्तों के प्रति पूर्णतः दयालु रह सभी संकटों को दूर कर अभय प्रदान करती हैं।बासंतिक नवरात्र की पावन दिवस में मां दुर्गा जी के सप्तम स्वरुप की पूजा,प्रखण्ड के विभिन्न ग्रामों में काली पूजा,वहीं फुलझिंझरी ग्राम में मां दुर्गा जी की दिव्य प्रतिमा की पूजन,मंदिरों में देव पूजन,बंगला बैशाख के शुभावसर पर पाकुडिया में संकीर्तन,भगवत् कथा वाचन से प्रखण्ड में उत्सव का वातावरण से आध्यात्मिक सुगंध निकल रही है।

### टीएसएस केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू ने राम भक्तों को किया सम्मानित

**बरही** प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत के छोटकी बरही महावीर स्थान मंदिर में रामनवमी पूजा समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष बीरबल साहू व संचालन उदय साहू ने किया। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू उपस्थित हुए। उन्होंने पूजा समिति के पदाधिकारी को भगवा गमछा देकर सम्मानित किया। मौके पर कहा कि भगवान राम का जन्म उत्सव धूमधाम से मानना है। वही शोभा यात्रा शांतिपूर्ण संपन्न हो इसके लिए आप लोग तत्पर रहेंगे। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के बताए हुए मार्गो पर चलकर हम लोगों को आगे बढ़ाना है। मौके पर ग्राम अध्यक्ष राजदेव साहू, पूजा समिति के अध्यक्ष बीरबल साहू, महासचिव रामअवतार साहू, उपाध्यक्ष उपेंद्र साहू व सिकंदर कुमार, कोषाध्यक्ष चौरंगी लाल गुप्ता व कृष्ण कुमार, सचिव बिरेंद्र साहू व उदय साहू, सरंक्षक जीबालाल साहू, रोहित साहू, टेककलाल साहू, महेंद्र साहू, विजय साहू, देवराज कुमार, नौरंगी कुमार, बीरेंद्र कुमार, दीपक कुमार, ओजिर साहू, बिनोद कुमार, गोलू कुमार आदि रामभक्त मौजूद थे।

### भामाशाह बरही में डॉ भीमराव अंबेडकर की मनाई गई जयंती

**बरही-** सोमवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही के प्रांगण में बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आचार्य संजीव कुमार सिंह ने भूमिका रखी। संस्कार केन्द्र संचालिका ऊषा देवी ने बाबा भीमराव अम्वेदकर का जीवन परिचय करवाया। कक्षा नवम के भैया गौरव कुमार और कौशिक मिश्रा ने इनके आदर्शो को जीवन में अपनाने की बात कही।

### मध्य गोपाली संध्या प्रवचन में शामिल हुए लोकसभा के प्रत्याशी जीपी पटेल की धर्मपत्नी ललिता पटेल



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड-** चौपारण प्रखंड अंतर्गत पंचायत जवनपुर के ग्राम मध्यगोपाली में आयोजित श्री श्री 1008 श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा सह नवदिवसीय रुद्र महायज्ञ में हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जेपी पटेल की धर्मपत्नी ललिता पटेल शामिल हुई।आयोजनकर्ता के द्वारा अंग वस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मंटू यादव,पदमा संजय यादव,लव सिंह, प्रहलाद सिंह,देवलाल साव, बिसुनधारी कुशवाहा, सोनू कुमार,नकुल यादव,रेवाली पासवान, शिव सिंह, मिशन सिंह,अजय केशरी, दुलार यादव, बैजू गहलोत, अशोक सिंह, जितेंद्र चंद्रवंशी, बसंत राणा, शिवकुमार साव,कारू साव, सीताराम साव, सरजू साव,तोखन साव, ग्यानी साव आदि मौजूद रहे।

### कोडरमा लोकसभा की जनता अब ढूंढ रही है तीसरा विकल्प- सुरेंद्र कुमार अग्रवाल

**कोडरमा-** कोडरमा लोकसभा से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में सुरेंद्र कुमार अग्रवाल ने प्रेस कांफ्रेंस करके बताया कि कोडरमा लोकसभा की तमाम जनता अब तीसरा विकल्प के रूप में ढूंढ रहे हैं क्योंकि महागठबंधन और भाजपा दोनों के झांसे में आकर ना केंद्र से और ना राज्य से कोई लाभ मिला वैसे ही स्थिति में नाराज जनता ने फैसला कर लिया है कि एक शिक्षक जो इमानदारी पूर्वक चुनाव में उतरे हैं और शिक्षा से ही अब अपने क्षेत्र की विकास होगा इसलिए सुरेंद्र कुमार अग्रवाल के समर्थन में कोडरमा लोकसभा के तमाम शिक्षकों और विद्यार्थियों का भरपूर सपोर्ट है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के महापर्व को न जाति से ना धर्म से अबकी बार केवल राजनीतिक विकास के आधार पर अपने क्षेत्र में नेता नहीं एक बेटा के रूप में लेंगे और वह तीसरा विकल्प होगा।

# खलील अंसारी कर पाएंगे मतदान, एपिक नंबर हुआ जेनरेट- उपायुक्त

**● - रूक-रूककर हो रही अल्पवर्षा से किसान हो रहे हैं हर्षित**

स्वतंत्र प्रभात




**साहेबगंज, झारखंड-** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समहरणालय सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।प्रेस कॉन्फ्रेंस में लोकसभा चुनाव-2024,रामनवमी पूजा एवं रामनवमी जुलूस को शांति सौहार्द वातावरण मनाने को लेकर अपील की गई।ज्ञात हो मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मंडरो प्रखंड में मतदान बूथ निरीक्षण के क्रम में खलील अंसारी ऐसे दिव्यांग व्यक्ति पाए गए जो 92 वर्ष के हैं और एक बार भी अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किए हैं। उपायुक्त द्वारा बताया गया कि उनका फॉर्म 6 भरकर एपिक नंबर जेनरेट किया जा चुका है एपिक नंबर इस प्रकार हैं स्ल्ह्क्र/9मममम37। उपायुक्त ने बताया कि खलील अंसारी पूर्व में बिहार के पूर्णिया जिला में निवास करते थे एवं हाल के दिनों से वह साहेबगंज में रह रहे हैं।उन्होंने बताया कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि मतदान बूथ पर मूलभूत सुविधा जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाए।साथ ही यह भी अपील किया गया है की जिनका अभी तक मतदाता सूची में नाम अंकित नहीं है वह फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में नाम डलवा लें। फार्म 6 आवेदन की अंतिम तिथि 4 मई तक निर्धारित की गई है।रामनवमी पूजा एवं उनके जुलूस पर जगह- जगह बैरिकेड , ड्रोन कैमरा से निगरानी, एसएसबी एवं पुलिस बलों द्वारा मार्गो का निरीक्षण एवं तैनाती, व जिले में लगे सीसीटीवी कैमरा से कंट्रोल रूम के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी।इसके साथ ही उपायुक्त ने सभी पत्रकारों से जिले भर की मुख्य समस्याओं के बारे में जानकारी ली और इसे बेहतर करने के उपाय के बारे मे पत्रकारों से सुझाव लिए।मौके पर जिले के सभी पत्रकारों ने जिले के महत्वपूर्ण समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार, मीडिया, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त होते है। जिनका निराकरण विभिन्न विभागों द्वारा किया जा रहा है।मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार एवं प्रेस मीडिया के प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्वयं संघ की तथ्य व निराधार आलोचना निंदनीय- हिन्दु विचार मंच

स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड-** राष्ट्रीय स्वयं सेवक की स्थापना 1925में डाक्टर बलीराम हेडगेवार ने किया,संघ का मुख्य लक्ष्य है हिन्दु संस्कृति पर आधारित भारत वर्ष की सामरिक समृद्धि।संघ भारतीय भू भाग में रह रहे लोगों को हिन्दु मानता रहा है चाहे वे,जिस पंथ के हों और उनमें भारत के प्रति पूरी निष्ठा हो।डाक्टर हेडगेवार ने गहन मनन,चिंतन के उपरांत इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि,आर्यावर्त की सांस्कृतिक पृष्ठ भूमि पूर्णतः आध्यात्मिक एवम कर्म आधारित रही है,न किसी प्रकार क्षेत्रियता और न ही जातीयता।सृष्टि काल से सम्भवतःकलिकाल ईशा पूर्व तक,वीर महावीरों की पावन धरा भारत वर्ष पर जिसने भी टेढ़ी नजर रखते हुए,अनावश्यक आक्रमण किया वे पराजित होते रहे।इसका एक मात्र कारण रहा राष्ट्रीय भावना के साथ,भारत वर्ष का उत्कर्ष।हेडगेवार जी ने चिंतन से इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि,जब ?भारत का अतीत इतना समृद्ध रहा तो करीब एक हजार साल तक,देश परतंत्रता की बेड़ियों में जकड़ा कैसे?हिन्दु विचार ने जोर देकर कहा,भारत की सामरिक प्रगति,समृद्धि की मुख्य आधार शिला है भारतीय संस्कृति के आधार पर नीति निर्माण तथा राष्ट्रीय भावना के साथ देश की प्रगति का रोड मैप।हिन्दु विचार मंचज पाकुड़िया इकाई ने पूरे दावों के साथ जोर देकर आगे कहा है,इन दिनों राजनैतिक पार्टियां विशेष कर कांग्रेसी सांसद राहुल गांधी कह रहे हैं कि,हमारी लड़ाई दो विचार धाराओं से है जहां एक ओर बड़े लोग एवम आर,एस,एस है वहीं दुसरी ओर,न्याय दिलाने के लिए हम हैं।राहुल गांधी सहित सभी विपक्षी पार्टियां संघ की अमर्यादित,निराधार तथ्य विहिन आलोचना करते हुए सम्प्रदायिक बता कर जातीयता फैलाने का आरोप लगाते रहे हैं परन्तु,भारत के प्रबुद्ध वर्गो के साथ साथ सामान्य जन मानस भी विभिन्न सूत्रों से मिल रही सूचना के आधार पर,इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि 9सालों में जब देश समृद्धि की शिखर पर पहुंचने की राह पर है और 25करोड़ देश लोग गरीबी रेखा से निकल चुकें हैं।यदि,यह सच है तो कांग्रेस लगभग देश पर 65/70वर्षो तक शासन किया तो,भारत अब विकसित राष्ट्र की श्रेणी में निसंदेह ही पहुंचा होता।देश के तत्कालीन कांग्रेसी केन्द्रीय व राज्य सरकारों ने यदि,भारतीय संस्कृति को आधार शिला तथा राष्ट्रीय भावनाओं के साथ शासन करने की प्रवृति रहती तो,देश में अल्पसंख्यक व बहुत संख्यक की न भावना होती न जातीय संकीर्णता।सभी अपने धर्म,मजहब व रिलीजन का पालन करते हुए राष्ट्रीय भाव प्रबल होता और भारत से गरीबी,बेरोजगारी से मुक्त हो विकसित राष्ट्र की अगली पंक्ति में होता।

आज कांग्रेस आर,एस,एस पर दोष मढ़ती रही है लेकिन अब तक संघ ने,कभी भी साम्प्रदायिक न ही कभी जातीयता फैलाया।संघ हिन्दु संस्कृति पर आधारित राष्ट्रीय



भावना को प्रवल करता रहा है।हिन्दु संस्कृतिक एक राष्ट्रीय भावना आधारित जीवन शैली है न कि,साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने बाला संगठन।आज भारतीय संविधान बचाने की बात की जा रही है पर,क्या पूर्व प्रधान मंत्री श्री मती इंदिरा गांधी जी ने संविधान में धर्म निरपेक्ष शब्द जोड़ कर,संविधान की मूल भावना की रक्षा की है?राहुल के साथ विपक्षी गठबंधन हिन्दुओं को अगड़ा,पिछड़ा,यादव,दलित आदि को जातियों में बांट कर हिन्दुओं को बांट कर,भारत को कमजोर करते रहे हैं जबकि,स्थापना काल से ही आर,एस,एस ऐसे राष्ट्रवादी संगठन सम्पूर्ण भारत बासी को हिन्दु मानकर राष्ट्रीय भावना को सदैव प्रेरित करते हुए,भारत का सर्वांगीण प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता रहा है,ऐसे संगठन को साम्प्रदायिक तथा अल्प संख्यक विरोधी कहना कांग्रेसी सांसद राहुल गांधी ऐसे,हिन्दुत्व व सनातन विरोधी द्वेष रखने बाले लोगों की हिन्दु विचार मंच,घोर निंदा करता है।

## कला रंगों और आकृतियों के माध्यम से भावनाओं को व्यक्त करती है और शब्दों के बिना संबंध को बढ़ावा देती है

स्वतंत्र प्रभात

**चौपारण हजारीबाग झारखंड-** कला में न केवल उस दुनिया में सुंदरता और रोशनी लाने की शक्ति है जो अक्सर अंधकारमय हो सकती है, बल्कि यह राजनीतिक आंदोलनों और सामाजिक परिवर्तन को आवाज देकर बदलाव भी ला सकती है।उक्त बाते आज विश्व कला दिवस के अवसर पर कलाकारों के सम्मान में कला जत्था के निर्देशक और कला जत्था हजारीबाग के दलनायक मुकुंद साव ने अपने एक बयान में कहा, उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष 15 अप्रैल को सम्पूर्ण विश्व में कला दिवस मनाया जाता है,विश्व कला दिवस उन लोगों की सराहना करने और उन्हें मनाने के लिए है मनाया जाता है जिन्होंने दुनिया में कला में योगदान दिया है, साथ ही रोजमर्रा के कलाकार जो सभी मनुष्यों में जीवित हो सकते हैं,उसे जागृत करने के लिए मनाया जाता है,मुकुंद साव ने कला दिवस के इतिहास पर चर्चा करते हुए बताया कि विश्व कला दिवस के संस्थापक संगठन, इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ आर्ट (ह्न) से मानी जा सकती है, जो 1954 में शुरू हुई थी। ह्न की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के माध्यम से एक साझेदारी एजेंसी के रूप में हुई थी,पहला विश्व कला दिवस 2012 में मनाया गया था जब ह्न द्वारा दुनिया भर में रचनात्मक गतिविधि के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के विचार से इसकी शुरुआत की गई थी। उस दिन के विचार को 150 से अधिक कलाकारों के साथ-साथ ह्न संगठन की सभी राष्ट्रीय समितियों द्वारा अनुमोदित किया गया था। और इसी संबंध के कारण, विश्व कला दिवस को यूनेस्को द्वारा लगातार समर्थन और प्रचारित किया जाता रहा है। श्री साव ने बताया कि विश्व कला दिवस प्रत्येक मानव के जीवन में कला के महत्व को बढ़ावा देते हुए, दुनिया भर में विभिन्न कलाकारों द्वारा किए गए योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनका सम्मान करने का प्रयास करता है। इसके अलावा आयोजको को उम्मीद है की यह कला के महत्व के बारे में रुचि जगाएगा ,समावेशी और न्याय संगत शिक्षा की दिशा में कला शिक्षा को प्रोत्साहित करेगा।

## डपोक के खुर्दजवाड गांव में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर हुआ प्रतिमा अनावरण, पूर्व विधायक मनोज यादव रहे मौजूद

**● - बाबा साहेब ने समाज के शोषित वर्ग को संविधान निर्माता के रूप में समान अवसर देने का प्रयास किया - मनोज यादव**

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** बरही प्रखण्ड के डपोक पंचायत अंतर्गत ग्राम खुर्द जबाड में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर जयंती पर प्रतिमा का अनावरण हुआ। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। इस दौरान पूर्व विधायक समेत उपस्थित लोगों ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। अनावरण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर ने समाज के गरीब व शोषित वर्गो के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने समाज के शोषित वर्ग को संविधान निर्माता के रूप में समान अवसर देने का प्रयास किया और यही कारण है कि उनके बनाए संविधान की वजह से आज हम हक व अधिकार की आवाज बुलंद कर सकते हैं। उन्होंने सभी को बाबा साहेब के पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया। पूर्व विधायक ने कमेटी के लोगों का भी आभार प्रकट किया और कहा कि प्रतिमा अनावरण होने से समाज के लोगों में एकजुटता देखने को मिलेगी। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, डपोक पंचायत मुखिया इंदिरा देवी, पंसस बिहारी यादव, मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास,उप मुखिया नारायण राम , पूर्व पसस उमेश यादव, गुलाब दास, सूरज रविदास, भाजपा एससी मोर्चा के नागेश्वर रजक, शिक्षक प्रकाश यादव, इन्दरदेव यादव, विद्या सागर यादव, कुलदीप चंद्रवंशी, दुर्गेश पाण्डेय, अनुज पासवान, अम्बेडकर क्लब के अध्यक्ष मुंशी दास, सचिव तुलसी दास, कोषाध्यक्ष प्रसादी रविदास, उपाध्यक्ष उमेश रविदास, संरक्षक रुतवारी दास, मुकेश दास, राजेश दास, संतोष दास, रामकुमार दास, विक्की दास, दिलीप दास सहित बाबा साहेब के अनुयायी व समाज के लोग उपस्थित थे।

## नगवां संध्या प्रवचन में शामिल हुए बिनोद विश्वकर्मा

स्वतंत्र प्रभात

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड-** चौपारण प्रखण्ड के बहेरा पंचायत के नगवां बाराडीह में आयोजित श्री श्री 1008 हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ के छठे दिन के प्रवचन संध्या में झामुमो पूर्व प्रत्याशी बरही विधानसभा क्षेत्र के बिनोद विश्वकर्मा सम्मिलित हुए। वहीं मंच पर महायज्ञ समिति के पदाधिकारीयो द्वारा श्री विश्वकर्मा जी को फूल माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। श्री विश्वकर्मा ने कथा वाचिका गोपाल प्रिया शास्त्री जी, कथा वाचक श्री वैदिहीन महाराज जी को माला एवं अंग वस्त्र देखकर स्वागत किया और उन्हें नमन किया। इसके पहले बिनोद विश्वकर्मा ने यज्ञ मंडप में माथा टेक कर क्षेत्र में सुख समृद्धि की मंगल कामना किया। वही श्री विश्वकर्मा ने महायज्ञ समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि यज्ञ एवं भक्ति प्रवचन कार्यक्रमों से क्षेत्र में वातावरण तो शुद्ध होता है, साथ ही तमाम श्रृद्धालुओ का मन मस्तिक भी पवित्र एवं शुद्ध होता है। साथ ही चहुंमुखी विकास होता है। मौके पर झामुमो पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बिरजू राणा यज्ञ समिति अध्यक्ष कपिल देव सिंह मुख्य पुजारी गोंदो साव सचिव कामेश्वर साव जगदीश सिंह नकुल साव रामधिन साव रामदेव साव लाल बहादुर साव लाल धारी साव सुरेश साव गुलाब साव सूरज देव गुप्ता




विजेंद्र साव बसंत राणा अजय साव अनिल दास रामसेवक साव अर्जुन साव सुभाष दास प्रभु साव गणेश गुप्ता जगदीश साव जितेंद्र साव रंजीत साव भागीरथ साव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सिलापथार में भयंकर दूरसाहसिक क्रिया पदर्शन के साथ हरगौरी के चढ़क पूजा संपन्न

स्वतंत्र प्रभात







**असम धेमाजी जिले से खास रिपोर्ट – 14 अप्रैल।** राज्य में रंगाली बिहू के समांतर विभिन्न प्रांतों में भयंकर दूरसाहसिक क्रिया पदर्शन के साथ हरगौरी के चढ़क पूजा करते हुए दिखाई दी है।

हर गौरी प्रार्थना के लिए भक्तों ने महीनों भर ब्रत पालन कर चैत्र संक्रांति के दिन इस पूजा का आयोजन करते हैं । उल्लेखनीय है कि चेत्र महीने में शिव पूजा के विशेष प्रव नहीं ब्रह्मवैवर्त पुराण ,शिव पुराण में नहीं मिलते। जनश्रुति अनुसार 1485 बीसी में बंगाल के सुन्दरानंद ठाकुर नामके एक राजा ने अपनी प्रजा के कल्याण के लिए इस पूजा को किया था । तब से जनमानस में चड़क पूजा का प्रचलन है भक्ति भाव से संन्यासी के तंत्र -मंत्र द्वारा, पीठ पर बर्शी लगाकर चक्राकार पेड़ में घुमाते है, भीष्म के सीता सरुप किले के बिस्तर में सुलाकर पादर्शन, लम्बे लम्बे तलवार पर चढ़कर क्रिया कलाप पदर्शित करते है। भक्तों का कहना है कि इस तरह के क्रिया में कई पीड़ा नहीं होता है। सिलापथार के दक्षिणी सोसाइटी में इस बार 35 संख्यक सड़क पूजा में सिलापथार इलाके की 10 हज़ारों से अधिक लोगों ने भिड़ करते हुए दिखाई दी।

## प्रेमा मल्टी हॉस्पिटल ने मेगा निःशुल्क हेल्थ चेकअप शिविर का किया आयोजन

**● - क्षेत्रवासियों को उत्तम स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना प्रेमा मल्टी हॉस्पिटल का उद्देश्य- छोटू**

स्वतंत्र प्रभात

**हुसैनाबाद/ पलामू-** हुसैनाबाद के अनुमंडलीय मैदान के समीप विधायक कमलेश कुमार सिंह के आवास के बगल में प्रेमा मल्टी हॉस्पिटल ने मेगा निःशुल्क हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ख्यातिप्राप्त चिकित्सकों के द्वारा लगभग ढाई सौ मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई एवं उन्हें उचित परामर्श दिया गया। प्रेमा मल्टी हॉस्पिटल द्वारा मेगा निःशुल्क हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन रविवार को सुबह 09 बजे से दोपहर 03 बजे तक किया गया । जिसमें रांची के सुप्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट, मूत्र, किडनी व लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुचित्रा, जनरल फिजिशियन डॉ. सुबेश देव एवं ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. गोपाल कुमार की टीम ने हुसैनाबाद के अलावा अन्य क्षेत्रों से आए हुए विभिन्न रोगों से पीड़ित लगभग ढाई सौ मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की एवं उन्हें उचित परामर्श दिया। मौके पर प्रेमा मल्टी हॉस्पिटल के निदेशक शत्रुध्न कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह ने बताया कि क्षेत्रवासियों को उत्तम स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना, प्रेमा मल्टी हॉस्पिटल का मुख्य उद्देश्य है। आगे उन्होंने कहा कि प्रेमा मल्टी हॉस्पिटल समय-समय पर मेगा निःशुल्क हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन कर मरीजों को सुप्रसिद्ध चिकित्सकों के द्वारा उत्तम स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने का हरसंभव प्रयास करता रहता है। प्रेमा मल्टी हॉस्पिटल द्वारा मेगा निःशुल्क हेल्थ चेकअप शिविर को सफल बनाने में नवीन सिंह, पंकज कुमार सिंह, अशोक सिंह, रोशन सिंह, बबलू सिंह, तेजू सिंह, नीतीश कुमार, नितेश सिंह, डॉ. सचिन कुमार के अलावा दर्जनों लोगों ने सक्रिय भूमिका अदा की।

## लोहबंधा गांव में डाकघर की शाखा खुलने से ग्रामीणों में हर्ष

**● - सुदूर क्षेत्र के ग्रामीणों को डोर टू डोर घर तक मिल रही है डाक सेवा की सुविधा- खुशबू कुमारी**

स्वतंत्र प्रभात

**हुसैनाबाद/ पलामू-** हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती महुडंड पंचायत अंतर्गत लोहबंधा गांव में डाकघर की शाखा खुलने से लगभग आधा दर्जन से अधिक गांवों में लोहबंधा,नासोजमालपुर,नइया, सलैयाटीकर, केमो, प्रतापपुर,भरुही, माहुर गांव के ग्रामीणों में काफी हर्ष व्याप्त है। मालूम हो कि उक्त गांव के लोगों के लिए इससे पहले मोहम्मदगंज व करीमनडीह (हैदरनगर)और विलासपुर, डाकघर (पोस्ट ऑफिस) के अधीन क्षेत्र में रहते थे। कोई भी पत्र- पत्रिकाओं से सम्बंधित गांव के ग्रामीणों तक मिलने में कई सप्ताह व महीने लम्बे समय इंतजार किया करते थे।

इस सुदूरवर्ती गांव क्षेत्र के ग्रामीण बताते हैं कि अपने गांव क्षेत्र में पोस्ट आफिस के शाखा खुलने से अब हमलोग को आसानी से कोई भी पत्र, पत्रिकाओं व जरूरतमंद कागज़ात प्राप्त हो रहे हैं। विदीत हो कि लोहबंधा व प्रतापपुर गांव में डाकघर की शाखा में स्थाई रूप से ग्रामीण डाक सेवक (जीडीएस) की पदस्थापना कर दी गई है। मौके पर लोहबंधा डाकघर के ग्रामीण डाक सेवक खुशबू कुमारी ने प्रेस को बताया कि इस सुदूर क्षेत्र के ग्रामीण जनता को डोर टू डोर घर तक डाक सेवा की सुविधा समयानुसार मिलने लगी है। व कहा कि उक्त क्षेत्र के सम्बंधित गांव के ग्रामीण पिन कोड




संख्या 822115 के स्थान पर अपने लोहबंधा डाकघर शाखा के पिन कोड संख्या 822120 का प्रयोग करें। क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए जीडीएस खुशबू कुमारी ने कहा है कि पत्र प्रेषित करना, पोस्ट ऑफिस खाता खोलने जीवन बीमा आदि सहित भारतीय डाक सेवा की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## सरस्वती शिशु मन्दिर में कन्याओं के रूप में आई जगत माता महामाई

स्वतंत्र प्रभात




**टूण्डला-** सोमवार को नगर के मध्य स्थित सरस्वती शिशु मन्दिर में महामाई के कन्या रूप के साथ ही लांगुरा वीर के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कन्या पूजन उत्सव का शुभारंभ विद्यालय के व्यवस्थापक पवन अग्रवाल के द्वारा जगत माता केला देवी के समक्ष दीप ज्योति प्रज्ज्वलित कर किया गया। वृन्दावन लाल गुप्ता एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक सचिन द्वारा अन्य अतिथियों के साथ कन्याओं के रूप में मैया की आरती की व उनके चरण छूकर आशीर्वाद लिया। कन्याओं व लंगुरा वीर के मुख से मैया के जयकारे मंत्रोच्चारण के समान प्रतीत हो रहे थे। विद्यालय की आचार्य बहनों के द्वारा केला मैया का भवन सजाया गया। आचार्या मंजू सक्सेना, स्नेह शर्मा, आकांक्षा शर्मा एवं विनीता शर्मा ने कन्याओं के रूप में पधारी समस्त माताओं के रूप के रूप को मंगल गीत के साथ महावर लगाकर तिलक वंदन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राममोहन श्रीवास्तव ने कहा कि चैत्र के ये नवरात्रे बहुत ही पावन वा पवित्र होते हैं, इन पावन दिनों में किया पुण्य कर्म व्यर्थ नहीं जाता। निश्चित ही इसका शुभ फल प्राप्त होता है।कन्या भोज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला व्यवस्था प्रमुख अम्बरीश कुलश्रेष्ठ के साथ गिरीश कुलश्रेष्ठ एवम आचार्य नूतन कुलश्रेष्ठ, संजना, खुशी, दुर्गेश आदि का विशेष सेवादान रहा । इस अवसर पर जयप्रकाश श्रीवास्तव, आचार्य देवेन्द्र, दीप श्रीवास्तव आदि उत्सव की सेवाओं में उपस्थित रहे।

## आईपीएल मैच के दौरान सट्टा खेलते हुए दो गिरफ्तार

**● - आरोपी के कब्जे से 49100 रुपये, एक स्मार्ट फोन व अन्य उपकरण बरामद**

स्वतंत्र प्रभात



**शिकोहाबाद।** थाना पुलिस द्वारा आईपीएल मैच के दौरान सट्टा खेलते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से सट्टे में प्रयुक्त 49,100 रूपये, एक स्मार्ट फोन व अन्य उपकरण बरामद किये हैं। पकड़े गये आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम को चेकिंग के दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि सागर इंक्लेव में कुछ लोग आईपीएल मैच का सट्टा खेल रहे हैं। पुलिस ने सूचना पर आरोपी के मकान में दबिश दी। पुलिस को अंडरग्राउंड में सट्टा खेलते हुए दो आरोपी मिल गये,जबकि एक भागने में सफल हो गया। मौके पर मिले दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गये आरोपियों के नाम अनुराग और आशीष महाजन पुत्र रविन्द्र कुमार महाजन को उनके मकान के ग्राउण्ड फ्लोर सागर इंक्लेव स्टेशन रोड से रात पौने दस बजे के करीब आईपीएल में सट्टा खेलते हुए गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 49100 रूपये, एक अदद मोबाईल फोन स्मार्ट व दो रजिस्टर सट्टा लेखा.जोखा बरामद किये। पकड़े गये आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया है। भागे हुए आरोपी का नाम मंकुल महाजन पुत्र केवल किशन महाजन निवासी शम्भू नगर बताया है। पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही है।

## अमेजिंग वर्ल्ड के बच्चों ने रंगोली बनाकर दिया मतदान का संदेश

स्वतंत्र प्रभात

**सिरसागंज-** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वावधान में अमेजिंग वर्ल्ड, सिरसागंज में निदेशक अंशुल खंडेलवाल एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में बच्चों द्वारा मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बच्चों को बताया कि अपने जनपद फिरोजाबाद में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु दिनाँक 07 मई 2024 को मतदान होना है। उन्होंने मतदान के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि प्रत्येक मत महत्वपूर्ण है, इसलिए कोई भी मत छूटना नहीं चाहिए। सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इसके लिए सभी बच्चे अपने माता पिता, रिश्तेदारों, ग्रामवासी, नगरवासियों को जागरूक करने के लिए प्रेरित करें। बच्चों ने आम जनमानस को में मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए आकर्षक रंगोली बनाकर जागरूक संदेश मेरा मतदान, मेरा अधिकार, जिला निर्वाचन अधिकारी फिरोजाबाद 07 मई 2024, आओ करें मतदान, वोट फ़ॉर इंडिया आदि प्रदर्शित किए। विद्यालय की प्रधानाचार्या ललिता वशिष्ठ ने रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी शौर्य जादौन, तनिष्क गुप्ता, शौर्य



चंदेल, अंजली जादौन, तान्या यादव, रामू यादव, श्रेयांश गुप्ता, अक्षिता यादव और आस्था के कार्यो की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर गुँजन चतुर्वेदी, रहीसुद्दीन, गणेश गुप्ता आदि समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य शैक्षिक स्तंभकार मलोट

ग्रामीण बच्चों की प्रारंभिक स्कूली शिक्षा में आंगनबाड़ियों की भूमिका विजय गर्ग आंगनवाड़ी भारत में ग्रामीण स्तर पर सरकार द्वारा प्रायोजित बाल-देखभाल और मातृ-देखभाल विकास कार्यक्रम है। यह 0-6 आयु वर्ग के बच्चों को सेवा प्रदान करता है। इन्हें भारत सरकार द्वारा 1975 में बच्चों की भूख और कुपोषण से निपटने के लिए एकीकृत बाल विकास सेवा कार्यक्रम के हिस्से के रूप में शुरू किया गया था। एक आंगनवाड़ी केंद्र भारतीय गांवों में बुनियादी स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं प्रदान करता है। यह भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली का एक हिस्सा है। बुनियादी स्वास्थ्य देखभाल गतिविधियों में गर्भनिरोधक परामर्श और आपूर्ति, पोषण शिक्षा और पूरकता, साथ ही प्री-स्कूल गतिविधियाँ शामिल हैं। केंद्रों का उपयोग मौखिक पुनर्जलीकरण लवण, बुनियादी दवाओं, गर्भ निरोधकों और बच्चों की देखभाल के लिए डिपो के रूप में भी किया जा सकता है। अंग्रेजी भाषा में आंगनवाड़ी शब्द का अर्थ आंगन आश्रय है। आंगनवाड़ी शब्द हिंदी शब्द आंगन से लिया गया है, इसका तात्पर्य घर के आंगन से है। आंगन एक ग्रामीण भारतीय शब्द है जिसका अर्थ है वह स्थान जहां लोग अपने मामलों पर चर्चा करने, अभिवादन करने और सामाजिककरण करने के लिए एकत्र होते हैं। आंगन का उपयोग कभी-कभी खाना पकाने या घर के सदस्यों को खुली हवा में सोने के लिए भी किया जाता है। घर के इस हिस्से को घर के हृदय के रूप में देखा जाता है और इसे पवित्र स्थान माना जाता है। इसलिए, घर के इस हिस्से का महत्व इस बात से पता चलता है कि एक कार्यकर्ता आंगन में कैसे काम करता है और स्वास्थ्य देखभाल के मुद्दों में मदद करने के अपरिहार्य कर्तव्य को निभाने के लिए अन्य आंगनों में जाता है। आखिरकार, वे ग्रामीण गरीबों और अच्छी स्वास्थ्य देखभाल के बीच सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। आंगनबाडी कार्यक्रम एकीकृत बाल विकास सेवाएँ (आईसीडीएस) एकमात्र प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रम है जो छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों की जरूरतों को पूरा करता है। इसका उद्देश्य छोटे बच्चों को पूरक पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और प्री-स्कूल शिक्षा जैसी सेवाओं का एक एकीकृत पैकेज प्रदान करना है। क्योंकि किसी बच्चे के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जरूरतों को उसकी मां से अलग करके पूरा नहीं किया जा सकता है। यह कार्यक्रम किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं तक भी फैला हुआ है। आईसीडीएस के घोषित उद्देश्य नीचे दिए गए हैं- छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार करना। बच्चे के उचित मनोवैज्ञानिक, शारीरिक और सामाजिक विकास की नींव रखना। मृत्यु दर, रुग्णता, कुपोषण और स्कूल छोड़ने की घटनाओं को कम करना। बाल विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न विभागों के बीच नीति और कार्यान्वयन का प्रभावी समन्वय प्राप्त करना। उचित सामुदायिक शिक्षा के माध्यम से बच्चे के सामान्य स्वास्थ्य, पोषण और विकासात्मक आवश्यकताओं की देखभाल करने के लिए माँ की क्षमता को बढ़ाना। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की भूमिका सरकार द्वारा अनुशंसित एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को कई जिम्मेदारियां और कर्तव्य निभाने होते हैं। उनमें से कुछ हैं- इस कार्यक्रम को क्रियान्वित करने में सामुदायिक समर्थन और सक्रिय भागीदारी दिखाते हुए, सभी परिवारों का नियमित त्वरित सर्वेक्षण करना, प्री-स्कूल गतिविधियों का आयोजन करें, परिवारों को विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को स्तनपान कराने के तरीके आदि के बारे में स्वास्थ्य और पोषण संबंधी शिक्षा प्रदान करें। परिवारों को परिवार नियोजन अपनाने के लिए प्रेरित करना, माता-पिता को बच्चे की वृद्धि और विकास के बारे में शिक्षित करना, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके किशोर लड़कियों और माता-पिता को शिक्षित करने, बच्चों में विकलांगताओं की पहचान करने आदि के लिए किशोरी शक्ति योजना (केएसवाई) के कार्यान्वयन और कार्यान्वयन में सहायता करना। आंगनवाड़ी कार्यक्रम (आईसीडीएस) की मूल बातें आईसीडीएस के तहत प्रदान की जाने वाली बुनियादी सेवाओं का उल्लेख नीचे किया गया हैपोषण, स्वास्थ्य और प्री-स्कूल शिक्षा जैसे तीन शीर्षक। पोषण सेवाओं में पूरक आहार, विकास निगरानी और पोषण और स्वास्थ्य परामर्श शामिल हैं। स्वास्थ्य सेवाओं में टीकाकरण, बुनियादी स्वास्थ्य देखभाल और रेफरल सेवाएँ शामिल हैं। प्री-स्कूल शिक्षा में आंगनवाड़ी में विभिन्न प्रोत्साहन और सीखने की गतिविधियाँ शामिल हैं। पोषण पूरक पोषण- पोषण घटक अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग होता है, लेकिन आमतौर पर इसमें आंगनवाड़ी में पकाया जाने वाला गर्म भोजन शामिल होता है। यह दालों, अनाज, तेल, सब्जी, चीनी, आयोडीन युक्त नमक आदि के मिश्रण पर आधारित है। कभी-कभी तीन साल से कम उम्र के बच्चों के लिए ÷टेक-होम राशन÷ प्रदान किया जाता है। विकास की निगरानी और संवर्धन- तीन साल से कम उम्र के बच्चों का वजन महीने में एक बार किया जाता है, ताकि उनके स्वास्थ्य और पोषण की स्थिति पर नजर रखी जा सके। बड़े बच्चों का वजन तिमाही में एक बार किया जाता है। समय बीतने के साथ विकास का पता लगाने के लिए ग्रोथ चार्ट रखे जाते हैं। पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा- एनएचई का उद्देश्य 15-45 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं को अपने स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जरूरतों के साथ-साथ अपने बच्चों और परिवारों की देखभाल करने में मदद करना है। एनएचई को परामर्श सत्रों, गृह दौरों और प्रदर्शनों के माध्यम से प्रदान किया जाता है। इसमें शिशु आहार, परिवार नियोजन, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग आदि जैसे मुद्दे शामिल हैं। स्वास्थ्य टीकाकरण- छह साल से कम उम्र के बच्चों को पोलियो, डीपीटी (डिप्थीरिया, पर्टुसिस, टेटनस), खसरा और तपेदिक के खिलाफ टीका लगाया जाता है, जबकि गर्भवती महिलाओं को टेटनस के खिलाफ टीका लगाया जाता है। यह आईसीडीएस एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त जिम्मेदारी है. आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की मुख्य भूमिका स्वास्थ्य कर्मचारियों (जैसे एएनएम) को रिकॉर्ड बनाए रखने, माता-पिता को प्रेरित करने और टीकाकरण सत्र आयोजित करने में सहायता करना है। स्वास्थ्य सेवाएँ- आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान की जाती है जिसमें छह साल से कम उम्र के बच्चों की स्वास्थ्य जांच, गर्भवती माताओं की प्रसवपूर्व देखभाल, नर्सिंग माताओं की प्रसवोत्तर देखभाल, वजन की रिकॉर्डिंग, अल्पपोषण का प्रबंधन और छोटी बीमारियों का उपचार शामिल है. . रेफरल सेवाएँ- यह सेवा बीमार या कुपोषित बच्चों को जोड़ने का प्रयास करती है। विकलांग लोग और सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के साथ चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता वाले अन्य बच्चे भी इसके अंतर्गत आते हैं। और इन मामलों को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) के चिकित्सा अधिकारियों को भेजा जाता है। पूर्व विद्यालयी शिक्षा प्री-स्कूल शिक्षा (पीएसई)- पीएसई का उद्देश्य 3-6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सीखने का माहौल प्रदान करना और तीन साल से कम उम्र के बच्चों के लिए प्रारंभिक देखभाल और उत्तेजना प्रदान करना है। बच्चे के सामाजिक, भावनात्मक, संज्ञानात्मक, शारीरिक और सौंदर्य विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ उसे प्राथमिक स्कूली शिक्षा के लिए तैयार करने के लिए ÷खेल÷ के माध्यम से पीएसई प्रदान किया जाता है। आंगनवाड़ी कार्यक्रम का महत्व आंगनवाड़ी कार्यक्रम अपनी अनेक बाल विकास गतिविधियों के कारण महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के महत्व के पीछे कारण हैं- बच्चों के प्रारंभिक वर्ष संवेदनशील होते हैं- क्योंकि पहले छह वर्ष मानव जीवन का सबसे संवेदनशील समय होता है जब बच्चे का जीवित रहना एक चुनौती होती है। मानव विकास का तीव्र काल- क्योंकि यह मानव विकास का भी सबसे तीव्र काल है- एक शिशु से लेकर अपना सिर उठाने में भी असमर्थ, बकबक करने वाला बच्चा, चारों ओर दौड़ना, सैकड़ों प्रश्न पूछना, स्कूल के लिए तैयार होना - यही है वह यात्रा जो एक बच्चा केवल छह वर्षों में तय करता है। सबसे पहले, वैज्ञानिक निष्कर्षों के अनुसार जीवन के छह साल सीखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं- क्योंकि विज्ञान ने यह स्थापित किया हैमनुष्य के स्वास्थ्य, भाषा, सीखने की क्षमता, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व की नींव जीवन के पहले छह वर्षों में रखी जाती है। उदाहरण के लिए, मस्तिष्क का 80त्र विकास इन छह वर्षों में होता है। पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा मौलिक अधिकार हैं- क्योंकि प्रत्येक बच्चे को पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा का मौलिक अधिकार है - जो कि पूर्ण रूप से बढ़ने और विकसित होने के लिए आवश्यक हैं। सभी बच्चों को अच्छी गुणवत्ता वाली आईसीडीएस सेवाएं प्रदान करना इस अधिकार को वास्तविकता बनाने की दिशा में एक कदम है। स्कूली शिक्षा के निम्न स्तर के रास्ते में निहितार्थ स्कूली शिक्षा के बिना, लाखों बच्चों को बाल श्रम में धकेल दिया जाता है और जीवन भर सामाजिक बहिष्कार, कम कमाई और शोषण का शिकार होना पड़ता है। उनमें से कुछ घरेलू सहायिका के रूप में या ढाबों में लंबे समय तक काम करते हैं, और अन्य को भीख मांगने या वेश्यावृत्ति करने के लिए मजबूर किया जाता है, या कूड़ा बीनने वाले के रूप में काम करते हैं। जब वे बड़े होते हैं, तो वे हमारे समाज के सबसे निचले पायदान पर अकुशल श्रमिकों की श्रेणी में आ जाते हैं और उन्हें समान अवसरों और विकल्पों से वंचित कर दिया जाता है। यह छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों और आईसीडीएस से किस प्रकार संबंधित है? सीखना जन्म से शुरू होता है और यह अच्छी तरह से स्थापित है कि बच्चों को औपचारिक स्कूली शिक्षा के लिए तैयार करने में मदद करने के लिए प्री-स्कूल शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। प्री-स्कूल शिक्षा बच्चों को स्कूल में प्रवेश करने और सिस्टम के भीतर बने रहने में सहायता करती है। एक बच्चा तब तक शिक्षा के अपने अधिकार को पूरी तरह से महसूस नहीं कर सकता जब तक कि उसे बचपन की गुणवत्तापूर्ण देखभाल और शिक्षा तक पहुंच न हो। भारत में बच्चों में कुपोषण के बारे में कुछ तथ्य कुपोषण जन्म के समय या उससे भी पहले गर्भावस्था के दौरान शुरू हो जाता है। हालाँकि, यह 6 महीने से तीन साल की उम्र के बीच तेजी से बढ़ता है। छह महीने तक के बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए उन्हें विशेष स्तनपान की सलाह दी जाती है। इस अवधि के बाद, अकेले माँ का दूध बढ़ते बच्चे के लिए पर्याप्त नहीं होता है। शिशु भी असहाय है; वह अपना पेट नहीं भर सकता, या और अधिक नहीं मांग सकता/सकती। इस अवधि के दौरान उसे संक्रमण होने का खतरा भी अधिक होता है। इस उम्र में एक बच्चे को लगातार स्तनपान के साथ नरम भोजन की आवश्यकता होती है जो केवल एक वयस्क ही उसे दे सकता है। कई बच्चे इन स्वस्थ आहार प्रथाओं से वंचित रह जाते हैं और परिणामस्वरूप, उनकी पोषण स्थिति खराब हो जाती है। लेकिन ICDS इसमें फर्क ला सकता है. चूंकि कार्यक्रम बच्चों को कुपोषण और गरीबी के दुष्चक्र से बचा रहा है, जिसके लिए कई पूरक कार्यों जैसे प्यार भरी देखभाल, पूरक पोषण, टीकाकरण, स्वास्थ्य सेवाएं और उत्तेजना और सीखने के लिए माहौल की आवश्यकता होती है। आईसीडीएस का उद्देश्य इन मानार्थ सेवाओं को एकीकृत तरीके से प्रदान करना है। ये सेवाएँ प्रदान करने का प्रभारी कौन है? आईसीडीएस एक जटिल कार्यक्रम है जिसमें कई कलाकार अपनी भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम को लागू करने की मूल जिम्मेदारी राज्य सरकार की है। राज्य स्तर पर आईसीडीएस को लागू करने के लिए जिम्मेदार नोडल विभाग आमतौर पर महिला एवं बाल विकास विभाग, या कभी-कभी संबंधित विभाग (जैसे समाज कल्याण विभाग) होता है। जमीनी स्तर पर, मुख्य भूमिका आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा निभाई जाती है जो आंगनबाड़ियों के एकमात्र प्रबंधक के रूप में कई जिम्मेदारियाँ निभाती है। सक्रिय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सच्ची वीरांगना है। उनकी प्रभावशीलता कई अन्य लोगों जैसे आंगनवाड़ी सहायिका, सहायक नर्स मिडवाइफ (एएनएम), पर्यवेक्षक, बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) और निश्चित रूप से गांव समुदाय के समर्थन और सहयोग पर निर्भर करती है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता (एडब्ल्यूडब्ल्यू)- वह कार्यक्रम का स्तंभ है। उसका काम दौड़ना हैआंगनवाड़ी, आस-पड़ोस के सभी परिवारों का सर्वेक्षण करें, पात्र बच्चों का नामांकन करें, यह सुनिश्चित करें कि हर दिन समय पर भोजन परोसा जाए, स्कूल-पूर्व शिक्षा गतिविधियों का संचालन करें, एएनएम के साथ टीकाकरण सत्र आयोजित करें, गर्भवती माताओं के घर का दौरा करें, इत्यादि। पूरी सूची बहुत लंबी है! आंगनवाड़ी हेल्पर (एडब्ल्यूएच)- एडब्ल्यूएच भी आईसीडीएस के कार्यान्वयन के लिए केंद्रीय है। उससे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को उसके कार्यों में सहायता करने की अपेक्षा की जाती है। उनका मुख्य कर्तव्य बच्चों को आंगनवाड़ी में लाना, उनके लिए खाना पकाना और आंगनवाड़ी केंद्र (आंगनवाड़ी केंद्र) के रखरखाव में मदद करना है। सीडीपीओ- आईसीडीएस कार्यक्रम परियोजनाओं के संग्रह के रूप में आयोजित किया जाता है। आम तौर पर, एक आईसीडीएस परियोजना लगभग 100,000 की आबादी को कवर करती है और इसमें लगभग 100 आंगनबाड़ियां चलाना शामिल होता है। प्रत्येक परियोजना का प्रबंधन एक बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) द्वारा किया जाता है। सीडीपीओ का कार्यालय आईसीडीएस परियोजना के लिए एक प्रकार का मुख्यालय है। पर्यवेक्षक- सीडीपीओ को पर्यवेक्षकों द्वारा सहायता प्रदान की जाती है, जो आंगनबाड़ियों का नियमित दौरा करते हैं। पर्यवेक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे रजिस्टरों की जांच करें, परिसर का निरीक्षण करें, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को सलाह दें, उसकी किसी भी समस्या के बारे में पूछताछ करें, इत्यादि। सहायक नर्स मिडवाइफ (एएनएम)- एएनएम आईसीडीएस और स्वास्थ्य विभाग के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करती है। आईसीडीएस के संदर्भ में उनका मुख्य कार्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ मिलकर टीकाकरण सत्र आयोजित करना है। वह आंगनवाड़ी में बुनियादी स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं भी प्रदान करती हैं। मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा)- राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन ग्रामीण स्तर पर महिला स्वैच्छिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (आशा) का एक कैडर बनाने के लिए तैयार है, जिनसे पोषण और स्वास्थ्य में सुधार के लिए एएनएम और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ काम करने की भी उम्मीद की जाती है। महिलाएं और बच्चे. गैर सरकारी संगठन- कुछ क्षेत्रों में, गैर सरकारी संगठन आईसीडीएस के कार्यान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाते हैं।

# भाजपा के घोषणा पत्र में राशन और आवास

भारतीय जनता पार्टी ने अपना चुनाव घोषणा पत्र जारी कर दिया है। जिसमें विशेष रूप से फ्री राशन योजना और गरीबों के लिए और नये आवासों को बनाने की घोषणा की गई है। यह सत्य है कि फ्री राशन योजना ने मतदाताओं पर बहुत ही गहरी छाप छोड़ी है। पिछले विधानसभा चुनावों में फ्री राशन को लेकर जनता में एक ललक दिखाई दी थी। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने जारी घोषणापत्र में युवा, महिला, किसान व गरीब को सशक्त करने पर केंद्रित, निवेश से नौकरी पर जोर दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी ने इस बात पर बल दिया है कि जब दुनिया अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है तो भारत में पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार की आवश्यकता है। घोषणापत्र की प्रतियां चार व्यापक समूहों गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी शक्ति के प्रतिनिधियों को सौंपी। ये सभी सरकारी योजनाओं के लाभार्थी है। अपने चिर-परिचित अंदाज में मोदी ने कहा कि पूरे देश को भाजपा के संकल्प पत्र का बहुत इंतजार रहता है और एक बड़ा कारण है कि 10 वर्षों में पार्टी ने इसके हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि भाजपा ने मैनिफेस्टो की सुचिता को फिर स्थापित किया है। ये संकल्प पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब और किसान इन सभी को सशक्त करता है। हमारा फोकस गरिमापूर्ण और गुणवत्तापूर्ण जीवन पर और निवेश से नौकरी पर है। प्रधानमंत्री ने कहा, स्थिर बहुमत वाली सरकार की जरूरत ऐसे समय बढ़ गई। है जब दुनिया अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। उन्होंने उन कई संघर्षों का जिक्र किया जिनसे विश्व जूझ रहा है। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा एक राष्ट्र, एक चुनाव पहल को लागू करने की दिशा में काम करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता राष्ट्रीय हित में है। मोदी ने कहा, भाजपा चार जून को परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद घोषणापत्र में किए गए वादों पर काम करना शुरू कर देगी। उन्होंने कहा, मैं भाजपा के इस संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी के दस्तावेज के रूप में देश की जनता के आशीर्वाद के लिए पेश करता हूं।

भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र पर समाजवादी पार्टी ने जमकर निशाना भी साधा है पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी पहले अपने पुराने घोषणा पत्र को उठाकर देखे कि उसमें से कितने का भारतीय जनता पार्टी ने पूरे कर लिए हैं। यह सत्य है कि कुछ काम पूरे हुए हैं तो कुछ काम जमीनी स्तर पर दिखाई ही नहीं दिये हैं। नमामि गंगे योजना भी उनमें से एक है जिसपर पैसा तो बहुत खर्च हुआ है लेकिन उसका असर नहीं दिख रहा है। लेकिन जो कार्य अधूरे रह गये हैं उनमें उन मंत्रालयों की ही कमी लगती है जो ठीक ढंग से योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं कर सके। आयुष्मान भारत केन्द्र सरकार की एक अच्छी योजना है जिसमें गरीबों को लाभ पहुंचा है लेकिन इसमें भी अब कहीं कहीं जनता को ठगा जा रहा है। कहने का मतलब वो मंत्रालय जिनके पास ये योजनाएं हैं वह ठीक ढंग से कार्य नहीं कर पा रही हैं। भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। उन्होंने कहा. 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। प्राइवेट अस्पताल आयुष्मान कार्ड धारकों से 5 से दस हजार की धनराशि इस मद में पहले ही वसूल करते दिख रहे हैं कि यह खर्च आयुष्मान योजना के कार्ड के मद में नहीं आती। इलाज कराने को मजबूर जनता या तो यह धनराशि निजी अस्पतालों को देती हैं या फिर अपने मरीज को लेकर भटकतीं रहतीं हैं। इस पर बहुत ही ध्यान देने की आवश्यकता है। मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले पांच साल तक जारी रहेगी। यह एलान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काफ़ी पहले ही कर दी थी। महिलाओं को लुभाते हुए घोषणा पत्र में कहा गया है कि सन 2029 की लोकसभा में 33 फीसदी महिलाएं होंगी। महिला सशक्तिकरण का यह एक अच्छा उदाहरण है। लेकिन यह कितना अमल हो पाएगा यह तो आगे ही देखने को मिल सकता है। भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र में कहा गया है कि हम ये सुनिश्चित करेंगे कि गरीब के भोजन भोजन और आवास की समस्या को हम खत्म कर सके। तमिलनाडु में पैर पसारने की कोशिशों में जुटी भाजपा को बल देने के लिए पार्टी के घोषणापत्र में पूरी दुनिया में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्रों के निर्माण की दिशा में काम करने की घोषणा की गई है। मोदी ने कहा, हम पूरी दुनिया में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र बनाएंगे। दुनिया की सबसे पुरानी तमिल भाषा हमारी शान है। भाजपा तमिल भाषा की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। तिरुवल्लुवर एक प्रसिद्ध तमिल कवि और दार्शनिक थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पार्टी का संकल्प पत्र बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती के दिन जारी किया गया है। उन्होंने कहा, आज बहुत ही शुभ दिन है। देश के कई राज्यों में इस समय नववर्ष का उत्साह है। आज नवरात्रि के

स्वतंत्र प्रभात

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

संपादक
राजीव कुमार शुक्ल
मो. 7499472288

e-Mail- news@swatantraprabhat.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

RNI No. UPHIN/2019/79073

## संपादकीय

# सौर कचरे से बढ़ती मुश्किलें

बिजली की किल्लत से पार पाने के लिए अपनाए जा रहे मौजूदा सौर पैनलों को पच्चीस से तीस वर्ष तक चलने के लिए डिजाइन किया गया है, मगर मौसम की खराबी, दुर्घटनाओं या दूसरी वजहों से ये अनुमानित समय से पहले भी खराब हो सकते हैं। खराब सौर पैनल काम करना बंद करते ही पर्यावरण प्रदूषण की वजह बन जाते हैं। प्लास्टिक, वाहन, कारखानों और ई-कचरे के बाद पर्यावरण को प्रदूषित करने में सौर पैनलों की अहम भूमिका मानी जा रही है। गौरतलब है कि सौर पैनल में सिलिकान, कांच, एल्युमीनियम, सीसा, तांबा और कैडमियम का मिश्रण होता है, जो आसानी से पुनर्चक्रित नहीं होता। इसलिए अभी से इस पर गहन शोध और समझ बढ़ाने की जरूरत बताई जा रही है। अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी के मुताबिक बड़ी मात्रा में सौर पैनलों के उत्पादन और संस्थापन के चलते 2030 तक इससे निकलने वाले अपशिष्टों की अच्छी-खासी वृद्धि होगी, जिसके असर से पर्यावरणीय समस्याएं पैदा होने का अनुमान है। इसलिए ऐसे पैनल बनाने की जरूरत है, जो लंबे समय तक चल सकें यानी अपशिष्ट बनने की प्रक्रिया अत्यंत धीमी हो । शोध के अनुसार भारत का सौर कचरा 2030 तक छह सौ किलोटन हो जाने की उम्मीद है। यह मात्रा 2050 तक बत्तीस गुना बढ़ जाएगी, जिसकी वजह से तकरीबन उन्नीस हजार किलोटन संचयी कचरा निकलेगा। 2040 तक यह हिस्सेदारी बढ़कर 74 फीसद हो जाएगी, क्योंकि मौजूदा सोलर पैनल अपने जीवन के अंत तक पहुंच चुके हैं। इसी तरह 2050 तक पैदा होने वाले संचयी कचरे का 77 फीसद नई क्षमताओं की वजह से होगा।

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और स्वतंत्र शोध संस्थान काउंसिल आन एनर्जी, एनवायरमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक यह ओलंपिक आकार के 720 स्वीमिंग पूल (तरणताल) भरने के बराबर है। शोध की रपट के मुताबिक कचरे का 67 फीसद पांच राज्यों राजस्थान, गुजरात, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु से पैदा होगा। 2030 तक पैदा होने वाले कचरे में राजस्थान का हिस्सा 24 फीसद, गुजरात का 16 फीसद और कर्नाटक का हिस्सा 12 फीसद होगा। भारत के सौर उद्योग में एक चक्रीय अर्थव्यवस्था को सक्षम करनाः सौर अपशिष्ट मात्रा का आकलन वाले अध्ययन में कहा गया है कि भारत में मौजूदा स्थापित 66.7 गीगावाट क्षमता से पहले ही 100 किलोटन कचरा पैदा हो रहा है, जो 2030 तक बढ़कर 340 किलो टन हो जाएगा। इसमें तकरीबन दस किलो टन सिलिकान, 12 से 18 किलो टन चांदी और 16 टन कैडमियम और टेलरियम होगा। इन तत्वों को दुबारा प्राप्त करने के लिए सौर कचरे का पुनर्चक्रण करने से आयात निर्भरता कम होगी और भारत की खनिज सुरक्षा बढ़ेगी।

शोध में पाया गया है कि शेष 260 किलो कचरा 2024 से 2030 के बीच स्थापित होने वाली नई क्षमताओं से पैदा होगा। अध्ययन के मुताबिक सौर कचरा 2050 तक बढ़कर 19,000 किलो टन हो जाएगा, जिसमें से 77 फीसद हिस्सा नई क्षमताओं से पैदा होगा। सीईईडब्लू ने कहा है कि भारत में सौर उद्योग के लिए चक्रीय अर्थव्यवस्था की अग्रणी और जुझारू सौर आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करने का एक अवसर है। पच्चीस वर्षों में 7.8 करोड़ टन सौर फोटोवोल्टिक कचरा निकलने की संभावना वैज्ञानिक बता रहे हैं, जिसका 2050 तक पुनः उपयोग या पुनर्चक्रण किया जा सकता है, हालांकि, यह एक बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि सौर पैनलों का समग्र पुनर्चक्रण वैश्विक स्तर पर अभी भी लागू नहीं किया जा सका है। इसकी वजह है दुनिया के बाजारों में उचित बुनियादी ढांचे और राष्ट्रीय नियमों का न बनाया जा सकना। जाहिर है, सौर अपशिष्ट आने वाले वक्त में पर्यावरण प्रदूषण बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाएगा।

बिजली की समस्या से पार पाने के लिए भारत सहित दुनिया भर में बहुत बड़ी मात्रा में सौर पैनल लगाए जा रहे हैं। इसलिए सौर पैनल अपशिष्ट को खपाने के लिए अभी से सोचना जरूरी है। दुनिया के तमाम देशों में सौर प्रणालियों का उचित प्रबंधन, पुनर्चक्रण और निपटान सरकारी नीतियों और कानूनों के जरिए निर्देशित होता है। अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान और आस्ट्रेलिया में सौर पैनल पुनर्चक्रण के लिए निजी या अनिवार्य कार्यक्रम चलाए जाते हैं। भारत में भी इसके लिए बेहतर नीतियां और नियम बनाकर उन्हें लागू करने की जरूरत है। गौरतलब है कि भारत ने 2030 तक लगभग 292 गीगावाट सौर क्षमता हासिल करने की योजना बनाई है, जिसमें पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक कारणों से सौर पीवी कचरा प्रबंधन महत्वपूर्ण है। इसके मद्देनजर पर्यावरण-अनुकूल अपशिष्ट प्रबंधन का विकास ईपीआर (विस्तारित उत्पादक जिम्मेदारी) कार्यक्रमों का विस्तार किया जा रहा है, जो उत्पादकों को उनके जीवन के अंत के उत्पादों के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार मानते हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक सौर कचरे के पर्यावरणीय असर को कम करने के लिए एक और बेहतर समाधान बंद लूप प्रणाली विकसित करना जरूरी है। एक निरापद सौर प्रणाली विकसित कर इससे बढ़ने वाली समस्याओं को कम किया जा सकता है। सौर पैनल लगाने वाले व्यक्ति के लिए यह जानना भी जरूरी है कि उसके सौर पैनल की उम्र और उसमें इस्तेमाल होने वाले तत्व किस स्तर के हैं। खराब होने पर उनका निपटान किस तरह और कहां करना चाहिए।

यह जानना महत्त्वपूर्ण है कि सौर कचरा निपटान का बेहतर समाधान क्या है। इसमें बेहतर रखरखाव पर ध्यान देने की जरूरत है। इससे सौर पैनलों की उम्र बढ़ती है। इसी के साथ सौर प्रणाली कचरा प्रबंधन के लिए आसानी से पुनर्चक्रित सौर पैनलों पर लगातार अनुसंधान और विकास होना चाहिए। सौर पैनल के आधुनिक और टिकाऊ माडल ही बाजार में बेचने की मंजूरी दी जानी चाहिए। सौर पैनलों के दो बेहतर तरीकों को अपनाया जा सकता है। इसमें पारंपरिक थोक सामग्री पुनर्चक्रण है, जिसमें कचरे को कुचलना, छानना और कतरना शामिल है। लेकिन अगर पैनल कांच, तांबा, एल्यूमीनियम, चांदी और सिलिकान के मिश्रण से बना है, तो इस तरीके से इसे पुनर्चक्रित नहीं किया जा सकता। दूसरा तरीका उच्च मूल्य पुनर्चक्रण का है। इसमें थर्मल, रासायनिक और यांत्रिक तरीका अपनाया जाता है। यह तरीका हर तरह से बेहतर है इसमें रासायनिक विधि से चांदी और सिलिकान को भी पुनर्चक्रित किया जा सकता है।

सौर पैनल भारत में सरकारी और गैर-सरकारी उपक्रमों को चलाने में बिजली के एक बेहतर विकल्प के रूप में अपनाए गए हैं। इनसे बिजली पर होने वाले खर्च में कमी आ रही है। आम और खास दोनों को घरेलू स्तर पर सहूलियत मिल रही है, लेकिन जब तक पैनल अपशिष्ट का आसानी से, पर्यावरण पर असर डाले बगैर निपटान सुनिश्चित नहीं होता, तब तक इसे निरापद मानकर इस्तेमाल करना अच्छा नहीं कहा जा सकता है। इसलिए सौर पैनलों की सबसे बढ़िया डिजाइन का इस्तेमाल के लिए सरकार को जन जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। सरकारी योजनाओं के तहत भी जो सौर पैनल घरों पर लगाए जाएं, वे भी पर्यावरण के नजरिए से बेहतर होने चाहिए।

# दैनिक राशिफल 16/04/2024




1.मेष

राजमान व यश में वृद्धि होगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय होगा। सामाजिक कार्य करने की इच्छा रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। काफी समय से लंबित कार्यों में गति आएगी। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कारोबारी नए अनुबंध हो सकते हैं। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

2.वृष

शत्रु कोई बड़ा नुकसान पहुंचा सकते हैं। वाहन व मशीनरी के कार्यों में सावधानी रखें। पुराना रोग उभर सकता है। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। समय पर किसी कार्य का भुगतान नहीं कर पाएंगे। व्यापार-व्यवसाय साधारण रहेगा।

3.मिथुन

दुष्टजनों से सावधान रहें। शारीरिक कष्ट से बाधा तथा हानि संभव है। बेचैनी रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में मातहतों का साथ रहेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। अज्ञात भय रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता रहेगी।

4.कर्क

शत्रु सक्रिय रहेंगे। सावधानी आवश्यक है। घर-परिवार की चिंता रहेगी। चोट व रोग से बचें। कष्ट संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। भूमि व भवन संबंधी कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। यात्रा संभव है।

5.सिंह

विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु पस्त होंगे। उनकी एक नहीं चलेगी। किसी मांगलिक-आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। हल्की हंसी-मजाक से बचें। कार्यक्षेत्र में उत्साह व प्रसन्नता बनी रहेगी।

6.कन्या

परिवार के छोटे सदस्यों की अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। विवाद से क्लेश संभव है। दूर से दुःखद समाचार मिल सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ अधिक होगी। लाभ में कमी रहेगी। उत्साह की कमी महसूस करेंगे। व्यापार ठीक चलेगा।

7.तुला

सामाजिक कार्य करने का मन बनेगा। थोड़े प्रयास से ही रुके काम बनेंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है।

8.वृश्चिक

सुख के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें। अज्ञात भय रहेगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचारों की प्राप्ति से प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कोई बड़ा काम करने की इच्छा प्रबल होगी।

9.धनु

वैवाहिक प्रस्ताव विवाह के उम्मीदवारों का इंतजार कर रहा है। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। अनहोनी की आशंका रह सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता बनी रहेगी।

10.मकर

राजभय रहेगा। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। विवाद को बढ़ावा न दें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। कुसंगति से बचें। हानि होगी। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

11.कुंभ

स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देंगे। निवेशादि शुभ रहेंगे। उत्साह में वृद्धि होगी।

12.मीन

विवेक से कार्य करें। सुख के साधन जुटेंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। आय के नए साधन प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में सहकर्मी विशेषकर महिला वर्ग से लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। किसी बात का विरोध हो सकता है। कष्ट व भय बने रहेंगे।

**आपका दिन मंगलमय हो**


आचार्य कौशलेन्द्र पाण्डेय जी

# संक्षिप्त ख़बरें

## बाग में लटकता मिला युवक का शव कुछ दिन पहले अप्राकृतिक दुष्कर्म में जेल से छूटने कर आया था युवक

**फॉरेंसिक टीम ने किया घटना स्थल की जांच**

**सहजनवां/गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामनगर सूरस में रविवार की देर रात में एक युवक का शव पेड़ से लटक रहा था, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर स्वजनों को दे दिया। थाना क्षेत्र के रामनगर सूरस निवासी विशाल गोंड उम्र लगभग 20 बर्ष कुछ दिन पहले अप्राकृतिक दुष्कर्म के मामले हरपुर-बुदहट पुलिस ने जेल भेजा था। अभी एक सप्ताह पहलेविशाल गोंड़ जेल से छूटकर आया था इसके बाद घर पर ही रहता था कि रविवार को देर रात किसी ने पेड़ से लटका हुआ शव देखकर पुलिस को सूचना दिया, मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवा कर पंचनामा भर क स्वजनों को दे दिया। स्वजनों ने मृतक विशाल गोंड का दाह-संस्कार बिड़हर घाट सरयू नदी के तट पर कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विशाल कुमार उपाध्याय ने बताया कि स्वजन मृतक का पोस्टमार्टम नहीं करवाना चाह रहे थे और किसी ने तहरीर नहीं दी,इसलिए पंचनामा भरकर शव को स्वजनों को दे दिया गया।

## हनुमान मंदिर निर्माण हेतु किया गया भूमि पूजन



**महराजगंज।** नौतनवां क्षेत्र के ग्राम पंचायत अहिरौली टोला परसौनी में सोमवार को हनुमान मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद ब्लाक अध्यक्ष नौतनवा गिरजा शंकर पाण्डेय ने भूमि पूजन के उपरांत नीव में प्रथम ईट रखकर मन्दिर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया।इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान सभी उपस्थित लोगों ने यज्ञ में आहुति डाली व आरती की तथा ईश्वर से मंदिर जल्दी निर्माण होने की प्रार्थना की। मन्दिर निर्माण के लिए भूमि दान देने वाले महेंद्र ने कहा कि यज्ञ में उपस्थित समस्त भक्त जनों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सोनू सिंह, संदीप मद्धेशिया, गुंजन विश्वकर्मा, सुशीला गुप्ता, बिंद्रावती देवी, नरेन्द्र कुमार, दूधनाथ, शिव कुमार विश्वकर्मा, मनोज, पप्पू प्रभावती देवी, गेना विश्वकर्मा, शिव मंगल विश्वकर्मा, सिपारस अली समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## स्वीप अभियान के तहत मतदाताओं को किया जागरूक



**अलीगढ़,।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत जिले में शत-प्रतिशत मतदान कराने को प्रतिबद्ध जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी0 के कुशल मार्गदशन में संचालित स्वीप अभियान के तहत सोमवार को विकासखंड लोधा के ग्राम हरिदासपुर में मतदाताओं को जागरूक किया गया। मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें आगामी 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर 75 कोल की नोडल प्रभारी, समाज कल्याण अधिकारी विकास श्रीमती संध्या बघेल, खण्ड विकास अधिकारी लोधा, बाल विकास परियोजना अधिकारी लोधा, खंड शिक्षा अधिकारी लोधा, पंचायत सचिव एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## एंबुलेंस की सूझबूझ ने बचाई व्यक्ति की जान

**अलीगढ़,।** कोतवाली अतरौली रोड पर नरौना 12 नंबर के पास गांव अहमद पुरा पर सवारियों से भरा हुआ टेंपो अचानक से पलट गया जिसमें छह सवारी गंभीर रूप से घायल हो गई । घटनास्थल पर मौजूद ऋषिपाल नाम के व्यक्ति ने 108 एंबुलेंस को कॉल करके बुलाया और 12 मिनट मे एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंच गई और मरीज को प्राथमिक उपचार देते हुए पंडित दीन दयाल उपाध्याय कंबाइंड जिला चिकित्सालय अलीगढ़ में भर्ती कराया । जहां पर मरीजों की स्थिति अभी सामान्य है और छोटे लाल की स्थिति अभी गंभीर बनी हुई है। इस संबंध में 102 108 एंबुलेंस सेवा के जिला प्रोग्राम मैनेजर मोहम्मद अरशद ने बताया कि एंबुलेंस कर्मियों की सूझबूझ से समय पर पहुंचकर घायलों की जान बचाई । इसलिए दोनों एंबुलेंस कर्मी ईएमटी बिजेंद्र सिंह एवं पायलट जसराम द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है और जल्द ही जनपद स्तर से इन्हें सम्मानित किया जाएगा।

# एचटीयू और एसजीपीयू की मासिक समीक्षा व समन्वय बैठक हुई सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर।** गोरखपुर के पुलिस लाइन के सभागार में एचटीयू और एसजीपीयू की मासिक समीक्षा व समन्वय बैठक सोमवार को पुलिस अधीक्षक अपराध सुधीर जायसवाल की अध्यक्षता में हुई। इस मासिक समीक्षा बैठक में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी पत्र किशोर न्याय अधिनियम 2015 का कड़ाई से अनुपालन, सरकारी तंत्र द्वारा बच्चों को रेस्क्यू करते समय एकांतता व गोपनीयता बनाए रखने, मानव तस्करी को रोकने के लिए संसदीय स्थाई समिति की सिफारिशों पर कार्यवाही,पाक्सो एक्ट के प्रकरणो में सी0डब्लु0सी0 के समक्ष शत प्रतिशत रिर्पोटिंग के लिए बाल कल्याण अधिकारी व उपस्थित मुन्शीगण को निर्देशित किया गया।अनुसंधान एवं अभियोजन, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी व विवेचक के समक्ष आ रही समस्या,बाल श्रम और भिक्षावृत्ति,मानव तस्करी की रोकथाम,पीटी आफेन्स में किशोर न्याय आदर्श नियम 08 का अनुपालन और बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य और विवेचक के समक्ष आ रही समस्या व उनके निस्तारण के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।बैठक में बाल अधिकार विशेषज्ञ प्रोफेसर ओंकार नाथ तिवारी,बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष वन्दना सिंह, सदस्य जय प्रकाश आर्य,राजेन्द्र सिंह,उषा विश्वकर्मा, उपकारापाल अमिता श्रीवास्तव, पूर्व बाल कल्याण समिति के सदस्य डा0 मुमताज खान, श्रम विभाग, आरपीएफ, जीरपी, यूनिसेफ,शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बाल संरक्षण अधिकारी संस्थागत/गैर संस्थागत संस्थानो के प्रभारी एवं सदस्य, चाइल्ड हेल्प लाइन कोआर्डिनेटर, समस्त थानों के बाल कल्याण अधिकारी व थाना AHT से प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार व समस्त स्टाफ तथा सभी थानों के बाल कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

# मतदान में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात



**देवरिया 15 अप्रैल।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत देवरिया सदर विधान सभा के मुकुंदपुर ग्राम सभा में प्राथमिक विद्यालय मुकुंदपुर के छात्र-छात्राओं के बीच मतदान संबंधित स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने मतदान संबंधित पेंटिंग और पोस्टर बनाकर लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया। संयोजक शशांक मिश्र ने कहा कि यह सभी स्लोगन एवं पोस्ट छात्र-छात्राएं अपने घर के बाहर दीवारों पर चिपकाएंगे जिससे कि ग्राम वासी 1 जून को मतदान के लिए जागरुक एवं प्रेरित होंगे। प्रतियोगिता में कक्षा-5 की रुखसार प्रथम, कक्षा-5 की समा द्वितीय और कक्षा-4 की सेहरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में मनीषा कुशवाहा,ऋतु मिश्रा, कंचनलता, शबाना, वागीश, नूतन, राधा व कहकशा तसनीम उपस्थित रहे। महिला मतदाताओं की जगरुकता हेतु बैतालपुर ब्लॉक के जगदीशपुर ग्राम सभा में प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर की प्रधानाध्यापिका अर्चना सिंह एवं सहायक अध्यापिका अनीता प्रजापति ने जनसंपर्क कर ग्राम वासियों को मतदान हेतु प्रेरित किया। अर्चना सिंह ने गांव की महिलाओं से संपर्क कर कहा कि लोकतंत्र में सभी के मत की कीमत बराबर है। पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी ज्यादा से ज्यादा संख्या में 1 जून को घरों निकले और मतदान करें। इससे पूर्व प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर के छात्रों के बीच मतदान संबंधी पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 5 की छात्रा अनामिका के एवं की पेंटिंग को प्रथम स्थान मिला एवं कक्षा 5 की छात्रा पलक को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

# सपा कार्यकर्त्ता बूथों पर पहुंच भाजपा सरकार के जन विरोधी नीतियों का करेंगे प्रचार

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया 15 अप्रैल।** समाजवादी लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष दिव्यांश श्रीवास्तव ने विधानसभा, ब्लाक व नगर संगठन के गठन के संबंध में रामपुर कारखाना पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि वाहिनी के संगठन में मेहनती व संघर्षशील नौजवानों को जिम्मेदारी दी गई है। कार्यकर्ता गांव व नगर के बूथो पर जाकर भाजपा सरकार के जनविरोधी नीतियों को जनता को बताएंगे। चुनाव में युवा कार्यकर्त्ताओ की बदौलत सपा बड़ी जीत दर्ज करेगी। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार में तेजी से बढ़ रही महंगाई बेरोजगारी व भ्रष्टाचार से जनता हताश व निराश है।उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। अपराधी खुलेआम अपराधों को बढ़ावा दे रहे हैं। भाजपा सरकार में किसान, नौजवान, महिला परेशान है।भाजपा की नीतियां किसान विरोधी व पूंजीपतियों को लाभ देने वाली है। लगातार बढ़ती महंगाई से किसानो की कमर तोड़ रही है। डीजल, खाद-बीज एवं कीटनाशक दवा सब महंगी है। इस सरकार ने किसानों के गन्ना का मूल्य भी नहीं बढ़ाया ना ही गन्ना का पूरा भुगतान भी किया। इस सरकार में अस्पतालों और मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था भी बहुत ही दयनीय है। अस्पतालों में डेंगू, मलेरिया बुखार के मरीजों की लंबी-लंबी लाइनें लग रही है। डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ के भारी कमी के चलते गरीब बिना इलाज दवा जांच के बेमौत मर रहे है। भाजपा सरकार के जन विरोधी नीतियों की वजह से जनता



परेशान है।भाजपा ने अपना घोषणा पत्र जारी किया जो की झूठ का पुलिंदा है पिछले घोषणा पत्र के बारे में सरकार क्यों नहीं जनता को बता रही की उसने जो वायदे किये क्या वह पूरा कर पायी।इस दौरान सोनू प्रकाश,अरबाज, कृष्णा यादव, अरविन्द यादव, सोनू खरवार, अमित वर्मा, अफरोज इत्यादि लोग मौजूद थे।

# मैस में खाना खाकर कमिश्नर ने गुणवत्ता का लिया जायजा टॉपर्स को पुरस्कृत कर किया प्रोत्साहित

स्वतंत्र प्रभात



**अलीगढ़,।** मण्डलायुक्त चैत्रा वी. द्वारा सोमवार को अटल आवासीय विद्यालय, टमकौली का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से उनकी कक्षाओं में संवाद कर उनकी पढाई, करिकुलम एक्टिविटी एवं टाइम शेड्यूल के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मण्डलायुक्त ने छात्र-छात्राओं के साथ मेस में बैठकर भोजन किया और उनसे मेस के टाइम शेड्यूल के सम्बन्ध में भी जानकारी ली। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता पर सन्तोष प्रकट करते हुए कहा कि मेस में खाना बनाने की सामग्री अलमारी में व्यवस्थित ढंग से रखी जायें और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने कहा कि डीप फ्रिज की व्यवस्था की जाये जिससे फल, सब्जियॉ, दूध, पनीर सुरक्षित व ताजा रह सकें।

मण्डलायुक्त ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर विद्यालय के परिसर में लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरों का बैकअप सुरक्षित रखने एवं मॉगे जाने पर प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जूनियर बालिका छात्रावास में बालिकाओं के कपडे सुखाने की व्यवस्था छत के ऊपर कराये जाने के लिए अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग व प्रधानाचार्य को निर्देश दिए। मैडीकल रूम का निरीक्षण में कार्यरत स्टाफ उपस्थित मिले, डॉक्टर का पद सृजित किये जाने के निर्देश दिये गये। क्लास रूम, पुस्तकालय के निरीक्षण में पंखे गंदे पाये जाने पर उन्होंने नाराजगी प्रकट करते हुए पंखों की नियमित सफाई के साथ ही विद्यालय परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में सीबीएसई की बेसिक पुस्तिकाओं के साथ ही छात्रों के व्यक्तित्व विकास के लिए अन्य आवश्यक पाठ्य पुस्तकों के साथ ही दिव्यांगजनों के लिए लिफ्ट की व्यवस्था की जाये।

दिव्यांगजनों के शौचालय के बाहर विकलांग शौचालय लिखा होने पर उन्होंने हटाने के निर्देश देते हुए कहा कि शौचालय में दिव्यांगों के लिए हैंडिल लगाये जाएं। मण्डलायुक्त ने फायर सिलेन्डर की रिफलिंग, चैकिंग की तारीख अंकित न होने एवं बालू की बाल्टी न पाए जाने पर उप श्रम आयुक्त को जिला अग्नि शमन अधिकारी से समन्वय कर विद्यालय में लगे सभी अग्नि सुरक्षा उपकरणों की जॉच कराने एवं आपदा के सम्बन्ध में प्रशिक्षण व रिहर्सल कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आपातकालीन स्थित में बहार जाने के कहीं भी साइन न पाए जाने पर प्रांगण में साइन बोर्ड लगाये जाने के निर्देश दिए। जूनियर बालिका छात्रावास के मुख्य द्वार पर बाउण्ड्री वॉल न होने पर उन्होंने बालिकाओं की सुरक्षा व गोपनीयता के दृष्टिगत बालिका छात्रावास जूनियर विंग एवं सीनियर विंग में बाउण्ड्री वॉल बनवाने के लिए एक्सईएन पीडब्लूडी को आगणन प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि अग्रेतर कार्यवाही करायी जा सके। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण करते हुए सभी पौधों की नियमित देखभाल करने के भी निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने कक्षा-06 की वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण प्रत्येक सेक्शन के टॉप-5 छात्र-छात्राओं शिवम, सूर्यकांत, वंदना वर्मा, विवेक कुमार, निर्मल बाबू आदित्य, कुनाल, प्रवीन कुमार, रोहित कुमार, विनय कुमार एवं कीर्ति को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के समय उप श्रम आयुक्त सियाराम, प्रधानाचार्य रोहित सारस्वत एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जानलेवा हमले में आधा दर्जन दोषियों को आजीवन कारावास


स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़,।** ऑपरेशन कन्विक्शन के क्रम में अलीगढ़ पुलिस की गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अभियोजन की संयुक्त प्रभावी पैरवी से न्यायालय द्वारा थाना टप्पल पर पंजीकृत जानलेवा हमला कर हत्या के प्रकरण में आरोपियों को आजीवन कारावास व प्रत्येक को 35 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

केशराज उर्फ केशी पुत्र वेदराम निवासी मालव थाना टप्पल, लोकेश पुत्र रोहताश निवासी मालव थाना टप्पल, महेश पुत्र वेदराम निवासी मालव थाना टप्पल जागेराम पुत्र सौदान सिंह निवासी मालव थाना टप्पल, विनोद पुत्र बिजेन्द्र सिंह निवासी मालव थाना टप्पल, सुभाष पुत्र वेदराम निवासी मालव थाना टप्पल,द्वारा टैक्टर लेकर गाली गलोज करते हुए लाठी कुल्हाडी व तमंचे से घायल कर देना व इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में थाना टप्पल पर मुकद्दमा पंजीकृत हुआ था जिसमें विवेचनात्मक कार्यवाही पूर्ण करते हुए आरोपियों के विरूद्ध आरोप पत्र प्रेषित किया गया था।

# सीएम के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुये पुलिस करा रही भू-माफियाओं से जमीनों पर अवैध कब्जे

- चौदह वर्ष पूर्व किसान की हो गई मृत्यु,भू-माफिया कर रहे किसान को जिन्दा दर्शाकर फर्जी बैनामा
- आखिर मरा हुआ किसान कैसे कर रहा दर्जनों जमीनों के बैनामें




मृतक किसान का मृत्यु प्रमाण पत्र व भू-माफियाओं द्वारा किया फर्जी बैनामा

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़,।** जहां एक ओर योगी सरकार दावा कर रही है कि या तो भू-माफिया सुधर जाएं अन्यथा उनका राम-नाम सत्य करा दिया जाएगा,लेकिन मुख्यमंत्री के आदेशों को अलीगढ़ के थाना क्वार्सी पुलिस धन और बल के आगे ठेंगा दिखाते हुयें खुलकर भू-माफियाओं का साथ दे रही है। जिले के थाना क्वार्सी क्षेत्र में एक अजीबोगरीब मामला प्रकाश में आया है जिसमें चौदह साल पहले मृत्यु के बाद भी एक किसान को भू-माफियाओं द्वारा जिन्दा दिखाया जा रहा है और उसके नाम से फर्जी बैनामा किये जा रहे हैं। भू-मिफयाओं के इस फर्जीवाड़े में पुलिस प्रशासन खुलकर साथ दे रहा है और पीड़ित जमीन वालों के खिलाफ फर्जी मुकद्दमें लिखवाकर उत्पीड़न किया जा रहा है। भू-माफियाओं ने धन औ।र बल पर स्थानीय पुलिस अधिकारियों को गुमराह करते हुये जमीन वालों के खिलाफ झूठे मुकद्दमें दर्ज कराये जा रहे हैं।

जी हां जमालपुर हमदर्द नगर की रहने वाली विधवा महिला मंजू देवी पत्नी स्व. व्यास का कहना है कि उसकी पति ने एक प्लॉट सौलह सौ वर्गगज का ब्लॉक जवां की ग्राम पंचायत बरहेती अलीनगर में खरीदा था, पति की मृत्यु के बाद उस प्लॉट के वारिस में मंजू देवी और उनके बच्चे हो गये हैं। उनका कहना है कि जिस प्लॉट का बैनामा भूपसिंह पुत्र गंगासहाय ने किया था,उसकी सन 2010 में मृत्यु हो चुकी है। जबकि सन 2017 की लिस्ट में घोषित भू-माफिया साबिर राही पुत्र बुलाकी खां निवासी जीवनगढ़ और तारिक द्वारा कुछ गुण्ड़ा तत्वों के साथ एकराय होकर लोगों को परेशान कर झूठे मुकद्दमें पुलिस से सांठ-गांठ कर दर्ज कराते हुये आत्महत्या के लिये मजबूर किया जा रहा है। जबकि सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा सपष्ट निर्देश दिये गये हैं कि भू-माफियाओं द्वारा कानून को नहीं माना जाएगा तो उनका राम-नाम सत्य कर दिया जाएगा,लेकिन मुख्यमंत्री के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुये थाना क्वार्सी पुलिस से पैसे की सांठ-गांठ कर भू-माफियाओं द्वारा धड़ाधड़ जमीनों पर अवैध कब्जे किये जा रहे हैं। भू-माफियाओं द्वारा किसान की मौत के बाद भी उसके नाम से दर्जनों फर्जी बैनामा किये जा रहे हैं। थाना क्वार्सी पुलिस के आर्शीवाद के चलते भू-माफियाओं के हौसले बुलन्द हैं। अपनी ऊंची पहुंच के चलते भू-माफिया सीधे-साधे लोगों के खिलाफ झूठे मुकद्दमें दर्ज कर आत्महत्या के लिये मजबूर किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन भू-माफियाओं मकड़जाल के आगे मूकदर्श बना हुआ है।

# दफ्तरों, घरों में चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश

- 15 लाख का चोरी गये सामान व चोरी के उपकरण व अवैध शस्त्र के साथ 02 शातिर चोर गिरफ्तार



स्वतंत्र प्रभात

**कुशीनगर।** जनपद के थाना रामकोला पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त द्वारा धुआटीकर के पास पंचायत भवन मे चोरी करने वाले गैग का पर्दाफाश करते हुए उनके पास से चोरी की 15 अदद बैटरी,7 अदद इन्वर्टर,1 अदद स्टेपलाईजर, 2 अदद डीवीआर, 1 अदद मानीटर, 2 अदद यूपीएस, 2 अदद लेमिनेशन मशीन, 3 अदद प्रिन्टर, 6 अदद पीओएस/मन्त्रणा मशीन 1 अदद गैस चूल्हा, 3 अदद टेबल फैन, 2 अदद सीलिंग फैन, 1 अदद टुल्लू पंप, 3 अदद सीपीयू, 1 अदद हिट ब्लोवर मशीन, 2 अदद ताला तोड़ने वाला राड , 1 अदद पेचकश, 1 अदद पिलास, 1 अदद हेक्सा ब्लेड , 1 अदद लोहे की हथौडी , 2 अदद देशी तमंचा चालू हालात में ,4 अदद जिन्दा कारतुस 315 बोर ,1 अदद चोरी की मोटर साईकिल के साथ 02 नफर अभियुक्तों राजू यादव पुत्र महन्थ यादव सा0 रोआरी टोला नरकटिया थाना रामकोला कलामुद्दीन अंसारी पुत्र मंजुर अंसारी साकिन बभनौली थाना रामकोला को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**अपराध करने का तरीका**

अभियुक्तगणो द्वारा घूम कर घटना से पहले रेकी कर लेते थे तथा उसके अगले दिन रात में सुनसान स्थानो मे बने पंचायत भवन/ घरो में लगे उपकरणो की चोरी कर लेते थे एवं चोरी के बरामद सामानों को भिन्न- भिन्न स्थानों पर ले जाकर बेच देते थे। पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 174/2024 धारा 41,411, 413,414,420,473 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट दर्ज हैं।

# जिलाधिकारी की देख-रेख में क्रॉप कटिंग हुई संपन्न

- क्रॉप कटिंग द्वारा क्षेत्र के रबी फसल की उत्पादकता का होता है आकलन



स्वतंत्र प्रभात

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की देख रेख में तहसील सदर विकासखंड पडरौना के राजस्व ग्राम सौहरौना में सोमवार को किसान सब्बीर अहमद पुत्र निसार के खेत में रबी फसल गेहूं की उत्पादकता का वास्तविक स्थिति का आकलन करने हेतु क्राप कटिंग की कार्यवाही संपन्न हुई। इस दौरान मौके पर संबंधित कर्मचारियों द्वारा विभाग द्वारा उपलब्ध रैंडमली नंबर के पश्चात चयनीय गाटा संख्या के माध्यम से ग्राम के एक खेत में समबाहु त्रिभुज के प्रति 10 मीटर भुजा वाले क्षेत्र के अंतर्गत रबी फसल गेहूं की कटाई हुई और कटाई छंटाई के बाद गेहूं का वजन 17.050 किलो ग्राम प्राप्त किया गया। जिलाधिकारी ने वहां मौजूद किसानों से संवाद किया और अपने नजदीक के क्रय केंद्र पर गेहूं बेचने के लिए कहा।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सही आंकड़े शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए,जिससे वास्तविक आंकड़े ही परिलक्षित हो। वहां उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व परिषद द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार शेष सभी चयनित रैंडम नंबर के गटाओ को क्रॉप कटिंग की कार्यवाही संपन्न कर विभाग को शीघ्र रिपोर्ट प्रेषित करें। गौरतलब है कि क्रॉप कटिंग या फसल कटाई के प्रयोग द्वारा फसल की औसत पैदावार निकाली जाती है। क्रॉप कटिंग के आधार पर ही जनपद के कृषि उत्पादन के आंकड़े तैयार करके शासन को भेजे जाते हैं।क्रॉप कटिंग से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर फसल बीमा धारक को नुकसान का मुआवजा दिया जाता है। कृषि विभाग जनपद के समस्त क्षेत्रों के क्रॉप कटिंग आंकड़ों का औसत निकाल कर शासन को भेजता है। इसके आधार पर ही जनपद में विभिन्न फसलों की प्रति हेक्टेयर उत्पादकता का निर्धारण किया जाता है। इस दौरान सांख्यिकीय विभाग के अधिकारी ओम प्रकाश दुबे, राजस्व निरीक्षक छेदी प्रसाद , लेखपाल अग्निवेश पांडे, गजेंद्र सिंह सहित अन्य संबधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वायु प्रदूषण को कम करने के लिए 10 चौराहो पर रोज़ाना एंटी स्मोक गन करेंगी छिड़काव

स्वतंत्र प्रभात



**अलीगढ़,।** पिछले कुछ दिनों से अलीगढ़ की आवोहवा में आई तब्दीली की गंम्भीरता को देखते हुये नगर निगम प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नज़र आ रहा है। जहॉ एक ओर नगर आयुक्त अमित आसेरी ने वायु प्रदूषण को कम करने को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बना लिया है तो वही उन्होंने सभी 10 चौराहों पर लगे एक्यूआई की रिपोर्ट तलब की है। नगर आयुक्त के निर्देश पर सोमवार सुबह नगर निगम ने महानगर के शहरी और सिविल लाइन क्षेत्र में पुरानी धूल को हटाने व पेड़-पौधों की धुलाई के लिये युद्धस्तर पर अभियान की शुरूआत की है। नगर आयुक्त ने सोमवार को अलीगढ़ स्मार्ट सिटी द्वारा 10 चौराहो जिनमे कंपनी बाग, दुबे का पड़ाव एटा चुंगी, आगरा रोड बारहद्वारी, सेंटर पॉइंट, एएमयू सर्किल, मसूदाबाद, कलेक्टेट चौराहा व रसलगंज की रिपोर्ट तलब की तीन चौराहे कंपनी बाग, दुबे का पड़ाव व एटा चुंगी एक्यू आई बढ़ा होने पर तत्काल एंटी स्मोक गन को इन सभी चौराहो पर तैनात करते हुए अधीनस्थों को अभियान चलाकर पुरानी धूल पेड़ पौधों की धुलाई कराए जाने के निर्देश दिये। नगर आयुक्त ने शहरवासियों से वायु प्रदूषण रोकने के लिये नगर निगम का सहयोग करने की अपील करते हुये कहा कि वर्तमान प्रदूषण के जनक हम स्वयं है इसे रोकने के लिये प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्यों के बारे में सोचने की आवश्यकता है। उन्होनें कहा वर्तमान प्रदूषण को देखते हुये आवश्यकता पड़ने पर ही ईंधन चलित वाहनों का प्रयोग करें, मास्क लगाकर निकले कूड़ा करकट व किसी भी पदार्थ को खुले में न जलाये क्योकि इसके कारण ही प्रदूषण हो रहा है यदि ऐसा कोई करता हुआ पाए जाएगा तो उसके विरुद्ध एनजीटी के दिशा निर्देशों के अनुपालन में जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने बताया सोमवार को नगर निगम द्वारा एंटी स्मोक गन की मदद से स्मार्ट रोड कलेक्टेट सेंटर पॉइंट एटा चुंगी कंपनी बाग व एटा चुंगी चौराहो पर ।फप् को नियंत्रित करने पुरानी धूल व पेड़-पौधों की धुलाई करायी गयी।

# अप्रैलनेपाल में फिर उठी हिंदू राष्ट्र की मांग

**● सैकड़ों प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प, बोले- देश में फिर से राजशाही लागू हो**

**स्वतंत्र प्रभात**

नेपाल में एक बार फिर से हिंदू राष्ट्र की मांग तेज होती जा रही है। राजधानी काठमांडू में सोमवार को हिंदू राष्ट्र के समर्थकों ने प्रदर्शन किया तो हिंसा भड़क उठी। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जमकर झड़प हुई है। इस बीच पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तीतर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछार की हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि देश में फिर से राजशाही लागू होनी चाहिए।

प्रदर्शनकारियों को देश की राष्ट्रवादी 'राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी' का समर्थन हासिल है। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी नेपाल में पांचवीं सबसे बड़ी पार्टी है। पार्टी के प्रवक्ता मोहन श्रेष्ठ ने कहा कि राजशाही की बहाली, एक हिंदू राष्ट्र और संघीय व्यवस्था हमारी प्रमुख मांगे हैं।

प्रदर्शनकारियों ने काठमांडू में प्रमुख सरकारी इमारतों के पास शंख बजाते हुए नारे लगाए। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, प्रदर्शनकारी प्रतिबंधित क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहे थे, इसी दौरान दोनों के बीच झड़प हो गई।

इससे पहले बुधवार को सैकड़ों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे थे। वे प्रधानमंत्री ऑफिस और दूसरी सरकारी कार्यालयों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान लोगों ने नारे लगाते हुए कहा था, ÷हम अपने देश और राजा से अपनी जान से ज्यादा प्यार करते हैं। गणतंत्र को खत्म कर राजशाही की देश में वापसी होनी चाहिए।"

**नेपाल 2007 में बना धर्मनिरपेक्ष देश, 2008 में खत्म हुई राजशाही**

इससे पहले प्रजातंत्र पार्टी ने फरवरी में 40 पॉइंट का एक मैमोरैंडम भी क्रूऑफिस को भेजा था। इसमें भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की मांग की गई थी। दरअसल, नेपाल में साल 2006 में राजशाही के खिलाफ विद्रोह तेज हो गया था। कई हफ्तों तक चले विरोध प्रदर्शन के बाद तत्कालीन राजा ज्ञानेंद्र को शासन छोड़कर सभी ताकत संसद को सौंपनी पड़ी।

साल 2007 में नेपाल को हिंदू से धर्मनिरपेक्ष देश घोषित कर दिया गया। इसके अगले साल आधिकारिक तौर पर राजशाही खत्म कर चुनाव कराए गए। इसी के साथ वहां 240 साल से चली आ रही राजशाही का अंत हो गया। तब से लेकर अब तक नेपाल में 13 सरकारें रह चुकी हैं। नेपाल नें पिछले कुछ समय से



राजनीतिक तौर पर काफी अस्थिरता रही है।

**PM प्रचंड ने चीन समर्थक ओली के साथ नया गठबंधन बनाया था**

हाल ही में नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन तोड़ लिया था। उन्होंने केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (रूू) के साथ मिलकर नई सरकार बनाई, जिसका रुख चीन समर्थक कहा जाता है।

इन सबके बीच राजशाही से जुड़े कई गुट देश की प्रमुख पार्टियों पर भ्रष्टाचार और खराब गवर्नेंस का आरोप लगा रहे हैं। उनका दावा है कि देश की जनता अब राजनेताओं से परेशान हो चुकी हैं।

**हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग**

प्रदर्शनकारियों ने नेपाल को एक बार फिर हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग की है। 2007 के अंतरिम संविधान में नेपाल को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य घोषित किया गया था। 2006 में कई हफ्तों तक सड़क पर विरोध प्रदर्शन के कारण ज्ञानेंद्र को अपना सत्तावादी शासन छोड़कर सत्ता वापस संसद को सौंपने के लिए मजबूर होना पड़ा। दो साल बाद संसद ने पुरानी राजशाही को खत्म करने के लिए मतदान किया। तब से ज्ञानेंद्र बिना किसी शक्ति या सरकारी संरक्षण के एक सामान्य नागरिक के रूप में रह रहे हैं।

जिस सड़क को काठमांडू की लाइफलाइन कहा जाता है, वह सड़क विरोध प्रदर्शन में उमड़ी लोगों की भीड़ के बाद पूरी तरह जाम हो गई. प्रदर्शनकारी नेपाल की प्रशासनिक राजधानी सिंह दरबार की तरफ बढ़ने लगे. स्थानीय अधिकारियों ने क्षेत्र में निषेधाज्ञा को और बढ़ा दिया है, क्योंकि इन विरोध प्रदर्शनों की वजह से की वजह से अक्सर झड़पें होती रहती हैं




## संक्षिप्त ख़बरें

### मुठभेड़ में प्रोफेसर कॉलोनी में फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

**शिकोहाबाद।** कुछ दिनों पूर्व प्रोफेसर कॉलोनी में कुछ लोगों ने मुठभेड़ की थी। जिसका मुकदमा उपनिरीक्षक ने दर्ज कराया था। मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने रविवार रात पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक तमंचा बरामद हुआ है। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि रविवार रात थाना पुलिस एटा रोड़ पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर ने सूटना दी कि इटौली रोड पर एक व्यक्ति किसी घटना को अंजाम देने के लिए असलाह लेकर खड़ा है। पुलिस ने सूचना पर कार्यवाही करते हुए मौके पर पुहंची और युवक की घेराबंदी की। इस दौरान युवक ने तमंचा से पुलिस टीम पर फायर कर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने बचाव करते हुए उसकी घेराबंदी कर दबोच लिया। पकड़े गये युवक के कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुठभेड़ और आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक ने पकड़े गये आरोपी का नाम त्र्षि यादव पुत्र स्व. विनोद यादव निवासी अकबरपुर जसराना हाल निवासी गणेश नगर एटा रोड बताया है।

### सपा प्रत्याशी लक्ष्मीकान्त उर्फपप्पू निषाद का आगमन आज तैयारिया पूरी- अब्दुल कलाम

**संतकबीरनगर।** लोक सभा क्षेत्र 62 संतकबीरनगर सपा के अधिकृत प्रत्याशी लक्ष्मीकान्त 'पप्पू निषाद' का आगमन आज 10 बजे जिले के कांटे बाईपास पर होगा। उक्त आशय की जानकारी सपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक व जिलाध्यक्ष कब्दुल कलाम ने दिया है। कलाम ने बताया की सपा के अधिकृत प्रत्याशी लक्ष्मी कान्त उर्फ पप्पू निषाद का सपा के पूर्व सांसद पूर्व विधायक व पार्टी के पदाधिकारी काटे बाईपास पर पहुचकर स्वागत करेंगे और उसके बाद सपा कार्यालय पर प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया है। श्री कलाम ने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मेंहदावल विधान सभा के पूर्व विधायक लक्ष्मीकान्त पप्पू निषाद को प्रत्याशी बनाया है जिसे लेकर कार्यकर्ताओ में हौसला है। श्री कलाम ने बताया कि स्वागत के लिए सभी तैयारिया पूरी कर ली गयी है उन्होने पार्टी के सभी जिम्मेदारो से कार्यक्रम में पहुँचने की अपील किया है।

### भाजपा प्रत्याशी ई. प्रवीण निषाद के पक्ष में मतदान करने का किया अपील-गणेश चौहान

**सन्तकबीरनगर।** धनघटा विधायक गणेश चन्द्र चौहान ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए धनघटा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मंडल महुली के जीटी माफी में सिसवनिया शक्ति केंद्र की बैठक में बूध अध्यक्षो व बूथ समिति के कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी बैठक किया। विधायक ने बूथ की तैयारी संबंधी कार्यो की जानकारी शक्ति केंद्र मे निवास करने वाले सभी पदाधिकारियों से ली। विधायक गणेश चौहान ने कहा कि बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्त्ता को हर गाँव के हर घर जाकर सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए आगे आना होगा। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी इंजीनियर प्रवीण निषाद के पक्ष में वोट कराने की अपील की। विधायक ने कहा जनता ने भाजपा को वोट देने का पूरा मन बना लिया है। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष राजीव गुप्ता,मण्डल महामंत्री प्रेमचंद्र मिश्र, जिला पंचायत सदस्य रक्कू पाल, शक्तिकेंद संयोजक, सुशील शुक्ला, पूर्व प्रधान, मनोज तिवारी मौजूद रहे।

## मोदी जी के नेतृत्व में महिलाओं को मिल रहा है सर्वोच्च सम्मान, प्रदेश में हो रहा है विकास कार्य- राजदीप ग्वाला

**स्वतंत्र प्रभात**

**असम करीमगंज-** असम के हैलाकांडी जिले में 14 अप्रैल (रविवार) को श्रमिक सभा नरसिंगपुर टी गार्डन, लालाछड़ा टी गार्डन, रूपाछड़ा टी गार्डन नाचघर और लालामुख टी गार्डन नाचघर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य श्रमिक कल्याण और उद्यानों को बेहतर बनाने पर चर्चा किया गया. बैठक का आयोजन बराक चा श्रमिक यूनियन द्वारा किया गया. बराक चा श्रमिक संघ के पदाधिकारियों ने हर बैठक में भाग लिया और मजदूरों के बीच मोदी जी उद्यान के लिए क्या कर रहे हैं इस पर विस्तार से चर्चा की. बैठक में संघ के महासचिव सह एटीसी चेयरमैन व पूर्व विधायक राजदीप ग्वाला ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में महिलाओं को सबसे ज्यादा सम्मान मिल रहा है और उद्यान का विकास कार्य काफी आगे बढ़ रहा है. बराक वेलि चा युवा कल्याण समिति के महासचिव विश्वजीत कैरी ने कहा कि श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए भाजपा को



वोट दें, तभी हर बागान क्षेत्र में विकास की बाढ़ आएगी। उत्तर प्रदेश के बनारस से आए अखिलेश सिंह ने कहा कि चाय बागानों में कई समस्याएं हैं और मोदी जी के नेतृत्व में इन समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा. उन्होंने आगे कहा कि भाजपा उम्मीदवार कृपानाथ मालाह, जो पूर्व सांसद और बराक चा श्रमिक संघ के अध्यक्ष हैं, उनसे दोबारा मतदान करने का आग्रह किया और यदि वह जीतते हैं, तो श्रमिकों की समस्या निश्चित रूप से हल हो जाएगी। बराक की श्रमिक संघ की बैठक में लगभग हजारों श्रमिक शामिल हुए और कृपानाथ मालाह का विजयी नारा बुलंद किया और मोदीजी के



नेतृत्व को वोट देंगे ताकि विकास की लहर पूरी गति से चलती रहे. श्रमिक सभा में त्रिपुरा के समाजसेवी डॉ. सुरजीत भौमिक, आशु ग्वाला, सहायक महासचिव दुर्गेश कुर्मी, विपुल कुमी, रवीन्द्र शील, राजकुमार कुर्मी, यूनियन पदाधिकारी एवं महिलाएं उपस्थित थीं।

## महिला थाना प्रभारी सम्मानित

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा जनपद में महिला सशक्तिकरण हेतु किये गये कार्यो में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले उ0नि0 पूनम मौर्या, म0का0 पूजा चौहान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए तथा विकास की नई ऊचाईयों तक ले जाने के लिए हम सभी को सजगता के साथ समर्पित भाव से कार्य करने की जरूरत है। पुलिस अधि0/कर्मचारीगण को समय-समय पर उनका मनोबल एवं हौसला अफ्जाई करने के लिए सम्मानित किया जाता रहेगा, जिससे अन्य पुलिस अधि0/कर्मचारीगण का भी अपने कर्तव्यों की गुणात्मक सुधार हेतु प्रयास करने का मन



बनेगा और उत्साहित होकर अपना कार्य करेंगे।

## कन्हैया कुमार से मनोज तिवारी की फाइट है टाइट

**स्वतंत्र प्रभात**

**दिल्ली।** दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर बीजेपी की जीत के दावों के बीच नॉर्थ ईस्ट दिल्ली की सीट से बीजेपी उम्मीदवार मनोज तिवारी की नईय्या को डूबो सकता है कन्हैया। मनोज तिवारी के सामने इस बार छ्वह के पुराने यूनियन प्रेसीडेंट और हंसिया दराती को छोड कांग्रेस का हाथ थामने वाले कन्हैया कुमार की चुनौती यहां मनोज तिवारी के खिलाफ फाइट-टाइट होती दिखाई दे रही है। बता दें कि केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली में लोकसभा की सात सीटें है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने नार्थ ईस्ट दिल्ली सीट से सांसद मनोज तिवारी पर ही फिर से भरोसा जताया है।भोजपुरी गायक और भौजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार मनोज तिवारी के सामने चुनौती के कांग्रेस ने अब युवा चेहरा मैदान में उतार दिया है। कन्हैया कुमार छ्वह छात्रसंघ के अध्यक्ष रहे हैं।और उनकी गिनती एक अच्छे वक्ता के रूप में होती है। बता दें कि कन्हैया कुमार कांग्रेस पार्टी में शामिल होने से पहले वह लेफ्ट का चेहरा रहे हैं। 2019 के चुनाव में कन्हैया कुमार को लेफ्ट ने मोदी के फायरब्रांड मंत्री गिरिराज सिंह के खिलाफ बिहार के बेगूसराय सीट से उम्मीदवार बनाया था। हालांकि तब वह हार गए थे। दरअसल कांग्रेस का दिल्ली से उतारने के पीछे का गणित पूर्वांचल कार्ड है। बता दें कि बीजेपी ने





अपने सात में से छह सांसदो के टिकट काट दिए, और केवल इकलौते सांसद मनोज तिवारी ही अपना टिकट बचाने में कामयाब रहे हैं। मनोज तिवारी को बीजेपी ने लगातार दो बार के सांसद और पूर्व दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी पर बीजेपी ने भरोसा जताया है।उसके पीछे की वजह में उनका पूर्वाचली होना भी बडी वजह माना जा रहा है। अब कांग्रेस ने भी बिहारी (पूर्वांचली) तुरुप का इक्का फैंट दिया है।मनोज तिवारी बिहार के कैमूर जिले के निवासी है तो कन्हैया कुमार भी बिहार से ही आते हैं। कन्हैया कुमार की सियासत का आधार कम्युनिस्ट कैडर लाइन रहा है। कन्हैया की आवाज.में गरीब,मजदूर,दलित शोषित-वंचित की बात अधिक रहती है। वहीं नार्थ ईस्ट लोकसभा क्षेत्र में बडी तादाद में यूपी,बिहार,हरियाणा जैसे राज्यों से आकर मेहनत मजदूरी कर जीवन-यापन कर रहे मजदूरों की है। कांग्रेस के गणित को खंगाले तो कांग्रेस की रणनीति कन्हैया के सहारे मनोज तिवारी के पूर्वांचली वोटबैंक में सेंध लगाने के साथ ही दलित पिछड़ा -अल्पसंख्यक, मजदूर वर्ग को साथ लाकर वोटों का नया समीकरण गढने की भी है। कन्हैया कुमार को युवाओ और बेरोजगारों के साथ-साथ ही दलित-पिछडो और दबे कुचले वर्गो की बात को बेबाकी से उठाने की महासिद्दी है। लेकिन यहां बता दें कि कांग्रेस के भीतर भी कन्हैया कुमार को बाहरी का तमगा दे रहे हैं। वह इस फैंसले से बेहद नाराज है। वह वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली/ संदीप दीक्षित को टिकट देने की मांग कर रहे हैं।इस भीतर घात और आपसी फूट के चलते कन्हैया कुमार को खासी मशक्कत करनी पड सकती है।वोटर की जगह कार्यकर्ताओ की नाराजगी -और असहयोग का रवैया ही डूबो सकता है यहां कन्हैया की नईय्या।

## गिरिराज जी की शरण में पहुंचे राजस्थान के मुख्यमंत्री

**-पैंठा पर बने हेलीपोर्ट पर उतरा मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर**

**मथुरा।** राजस्थान के मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से मथुरा के गोवर्धन पहुंचे। यहां पूंछरी स्थित गिरिराजजी और श्रीनाथजी मंदिरों में दर्शन किए। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा हेलीकाप्टर से गोवर्धन के पैंठा पर बने हेलीपोर्ट पहुंचे। वहां से गाड़ी से पूंछरी पहुंचे। जहां गिरिराजजी की पूजा अर्चना कर श्रीनाथजी मंदिर पहुंचे। सेवायत चंदू मुखिया ने प्रसादी दुपट्टा और प्रसाद भेंट किया। वे भरतपुर में चुनावी सभा से दर्शन करने के लिए आए थे। दाऊजी मुखिया, कन्हैया मुखिया, राम पंडित, श्रीकांत शर्मा, व्यापार मंडल के गणेश पहलवान, गोकुलेश पुरोहित, विष्णु सैनी आदि ने स्वागत किया।

# BJP में गुटबाजी- क्या चुनाव में पार्टी को होगा नुकसान?

**● बीजेपी ने अपने 100 से ज्यादा मौजूदा सांसदों के टिकट काट दिए हैं. नए उम्मीदवार ज्यादातर दलबदलू हैं. लेकिन नए उम्मीदवार और दलबदलूओं से ज्यादा चर्चा में पुराने नेता हैं जिनके टिकट कटे हैं.**

**स्वतंत्र प्रभात**

दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बीजेपी 2024 लोकसभा चुनाव में 370 सीटें जीतने का दावा कर रही है. लेकिन पार्टी के भीतर सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है. कई राज्यों में मौजूदा सांसदों को टिकट न मिलने के कारण नेताओं में असंतोष पैदा हो गया है.

हाल ही में पूर्व केंद्रीय मंत्री और हरियाणा बीजेपी के कद्दावर नेता चौधरी बीरेंद्र सिंह ने कांग्रेस का दामन थाम लिया. इससे पहले उनके बेटे और हिसार से बीजेपी सांसद बीजेंद्र सिंह भी कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं. उन्हें कांग्रेस से टिकट मिलने की संभावना है.

बीरेंद्र सिंह साल 2014 में बीजेपी में शामिल होने से पहले 37 साल तक कांग्रेस में थे. 10 साल बाद फिर कांग्रेस में लौटना उनके लिए सिर्फ घर वापसी नहीं है बल्कि विचारधारा वापसी भी है. मगर इस बार टिकट न मिलना भी एक मुख्य कारण माना जा रहा है.

बीजेपी में हाल ही में शामिल हुए नेताओं को लोकसभा चुनाव का टिकट मिल गया है. पुराने नेताओं का टिकट काट दिया जा रहा है. बीजेपी की ओर से अब तक जारी अपनी नौ लिस्ट में 100 से ज्यादा मौजूदा सांसदों को बाहर कर दिया गया है. खास बात यह भी है कि पार्टी के 28 फीसदी से ज्यादा लोकसभा उम्मीदवार दलबदलू हैं. इस कारण कई राज्यों में नेता शीर्ष नेतृत्व से नाराज दिख रहे हैं.

**हरियाणा में जाट और बिश्नोई समुदाय बीजेपी से नाराज?**

2019 लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने हरियाणा में सभी 10 सीटों पर जीत हासिल की थी. लेकिन इस बार हरियाणा में बीजेपी का जाट और बिश्नोई वोट बैंक वोट कमजोर होता दिख रहा है. राज्य में दो कद्दावर जाट नेता चौधरी बीरेंद्र सिंह और सांसद बीजेंद्र सिंह बीजेपी का साथ छोड़ चुके हैं. वहीं इससे पहले बीजेपी की सहयोगी पार्टी जेजेपी भी गठबंधन से अलग हो चुकी है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, लोकसभा सीटों पर बंटवारे को लेकर सहमति न हो पाने के कारण जेजेपी प्रमुख दुष्यंत चौटाला ने अलग राह पर चलने का फैसला लिया था.

द न्यू इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, छह निर्दलीय विधायकों ने खुद को 'नजरअंदाज' किए जाने और बीजेपी में शामिल होने के बाद निर्दलीय विधायक रणजीत सिंह चौटाला को हिसार से टिकट मिलने पर नाराजगी जताई है. उधर हरियाणा का ताकतवर बिश्नोई परिवार भी बीजेपी से खुश नजर नहीं आ रहा है. हाल ही में पूर्व सीएम भजन लाल के बेटे और भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई ने सोशल मीडिया पर कहा कि उनके समर्थक हिसार में टिकट बंटवारे से निराश हैं.

**गुजरात में भाजपा के खिलाफ गुटबाजी!**

गुजरात भी ऐसा राज्य है जहां 2019 चुनाव में बीजेपी ने सभी 26 सीटों पर कब्जा किया था. मगर इस बार पार्टी के भीतर ही असंतोष दिख रहा है. कारण है पार्टी अबतक राज्य में 14 मौजूदा सांसदों के टिकट काट चुकी है. गुजरात की साबरकांठा सीट पर बीजेपी ने भीखाजी दुधाजी ठाकोर को टिकट दिया था लेकिन अचानक उन्होंने चुनाव न लड़ने का फैसला कर दिया. इसके बाद पार्टी ने कांग्रेस के पूर्व विधायक महेंद्र सिंह बरैया की पत्नी शोभना बरैया को टिकट दे दिया. लेकिन पार्टी के इस फैसले से भाजपा कार्यकर्ता विरोध कर रहे हैं. कार्यकर्ताओं का कहना है कि कट्टर हिंदू भाजपा नेता की जगह एक कांग्रेसी नेता के परिवार के सदस्य को टिकट दे दिया गया.

वहीं वडोदरा लोकसभा सीट पर बीजेपी उम्मीदवार रंजन भट्ट ने अपने खिलाफ विरोध के बाद चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया. बीजेपी के ही कुछ लोगों ने उनकी उम्मीदवारी का भारी विरोध किया. विरोध इतना ज्यादा बढ़ गया था कि शहर में गुमनाम पोस्टर लग गए थे- 'मोदी तुझसे बैर नहीं, रंजन तेरी खैर नहीं.'

**उत्तर प्रदेश बीजेपी में कलह!**


लोकसभा सीटों की संख्या (80) के लिहाज से उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा राज्य है. यहां पार्टी ने कम से कम 9 मौजूदा सांसदों को दोबारा मौका नहीं दिया है. यूपी की बरेली सीट पर इस बार बीजेपी ने अपने 8 बार के सांसद संतोष गंगवार का टिकट काट दिया. इस बड़े फैसले से बीजेपी के कुछ कार्यकर्ता खुश नहीं थे. वहीं बरेली के मेयर उमेश गौतम का एक ऑडियो वायरल हो गया जिसमें वह कथित तौर पर संतोष गंगवार के खिलाफ कुछ अपशब्द कहते सुने गए. इसके बाद कार्यकर्ताओं का गुस्सा खुलकर सामने आ गया.

भाजपा के ही कार्यकर्ताओं ने बरेली पहुंचे पार्टी अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का घेराव कर लिया और जमकर नारेबाजी की. उनकी मांग है कि या तो मेयर उमेश गौतम से इस्तीफा लिया जाए या संतोष गंगवार को टिकट दिया जाए. कार्यकर्ताओं ने यहां तक कह दिया है कि अगर कुछ भी एक्शन नहीं गया तो विरोधी पार्टी को वोट देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा.

**राजस्थान में भी बीजेपी के सामने दुविधा!**

2019 चुनाव में बीजेपी ने राजस्थान में 25 में 24 सीटें जीती थीं. लेकिन इस बार राज्य में सांसद राहुल कस्वां ने टेंशन दे दी है, जब पार्टी ने उनका टिकट काट दिया. चूरू से सांसद राहुल कस्वां ने बीजेपी से इस्तीफा देकर कांग्रेस का 'हाथ' थाम लिया. जाट नेता राहुल कस्वां दो बार बीजेपी सांसद रहे हैं और उनके पिता रामसिंह कस्वां तीन बार इसी पार्टी से चूरू सीट पर सांसद रह चुके हैं. ये बीजेपी के लिए बड़ा झटका है.

कस्वां परिवार चूरू जिले की राजनीति में







अपना दमखम रखता है. राहुल कस्वां उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के दामाद भी हैं. उपराष्ट्रपति के भाई कुलदीप धनखड़ की बेटी से उनकी शादी हुई है. ऐसे में उनका टिकट कटना हैरानी की बात है. लेकिन कांग्रेस के लिए राज्य में खाता खोलने का ये सुनहरा मौका हो सकता है.

**साउथ में बीजेपी के हालात खराब!**

कर्नाटक की शिवमोग्गा लोकसभा सीट पर बीजेपी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं. वजह हैं भाजपा नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री केएस ईश्वरप्पा. बताया जा रहा है कि ईश्वरप्पा कर्नाटक की हावेरी लोकसभा सीट से अपने बेटे केई कांतेश को लोकसभा चुनाव लड़ाना चाहते थे. लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिला. इसके बाद उन्होंने बीजेपी नेता बीएस येदियुरप्पा के बेटे और मौजूदा सांसद बीवाई राघवेंद्र के खिलाफ शिवमोग्गा से निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला कर लिया.

कहा जा रहा है कि बीजेपी नेताओं ने केएस ईश्वरप्पा से शिवमोग्गा सीट से चुनाव न लड़ने की अपील भी की थी, लेकिन वह नहीं मानें. उनका आरोप है कि बीएस येदियुरप्पा ने कांतेश को टिकट दिलवाने का वादा किया था लेकिन बाद में धोखा दिया गया. दरअसल, ईश्वरप्पा एक लिंगायत नेता हैं और उनके पास हजारों लोगों का समर्थन है. इससे बीजेपी को बड़ा नुकसान हो सकता है.

वहीं कर्नाटक में इस बार शिराहट्टी फक्किरेश्वर मठ के प्रमुख वीरशैव लिंगायत संत डिंगलेश्वर स्वामी ने भी टेंशन बढ़ा दी है. डिंगलेश्वर स्वामी ने कर्नाटक की धारवाड़ सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है. यहां से बीजेपी ने केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी को उम्मीदवार बनाया है. लिंगायत संत ने बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व से धारवाड़ सीट पर उम्मीदवार प्रह्लाद जोशी को बदलने के लिए कहा गया था. उन्होंने पार्टी को 31 मार्च तक का अल्टीमेटम दिया था.

डिंगलेश्वर स्वामी के इस फैसले से लिंगायत वोट विभाजित हो सकता है. 2023 कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जीत का आधार काफी हद तक लिंगायत समुदाय को माना जाता है.